वर्ष 72 ▸▸ अंक 302 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 30 जुलाई, 2025
▸▸ श्रावण शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"एक व्यक्ति ने कभी भी गलती नहीं की, जब उसने कभी भी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की यानी जब हम कुछ नया करते हैं तब गलतियां होना स्वाभाविक है।
- अल्बर्ट आइंस्टीन




## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में 'संग्राम' : विपक्ष के आरोपों पर प्रधानमंत्री ने दिया जवाब


# दुनिया के किसी नेता ने नहीं रुकवाई जंग: मोदी
# ट्रंप का नाम क्यों नहीं लेते हैं प्रधानमंत्री: राहुल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाब दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले पीएम मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, इस सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से आग्रह नहीं किया था। मोदी ने कहा, दुनिया के किसी भी नेता ने हमें ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि 'भारत ने पाकिस्तान की नाभि पर वार किया है।

पीएम ने कहा, जब दुनिया भारत की सेना के पराक्रम की सराहना कर रही थी, तब देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस सेना को नैतिक समर्थन देने में विफल रहा। उन्होंने कहा,हमें पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन जवानों को कांग्रेस का साथ नहीं मिला। पीएम ने कहा, जो देश के लिए गौरव का क्षण है, कांग्रेस उसे उपहास न बनाए। भारत आतंक की नस्लों को मिट्टी में मिलाएगा। हम पाकिस्तान को भारत के भविष्य से खेलने नहीं देंगे,इसलिए ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है, यह जारी है और यह पाकिस्तान के लिए भी नोटिस है कि जब तक वो भारत के खिलाफ आतंक का रास्ता नहीं रोकेगा,तब तक भारत एक्शन लेता रहेगा। भारत का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा..। यही मेरा संकल्प है। पीएम ने कहा, आत्मनिर्भर अभियान ने सिंदूर स्पिरिट पैदा किया है। ये हमने तब भी देखा, जब हमारे प्रतिनिधिमंडल भारत की बात दुनियाभर में बताने गए। सभी ने भारत की बात डंके की चोट पर बात रखी।

आमने-सामने


लोकसभा में चर्चा का जवाब देते पीएम मोदी।


नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूछे सवाल।

### राहुल गांधी बोले-आपने 30 मिनट में ही सीजफायर कर दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में दिए गए भाषण के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने पूरे भाषण में एक बार भी यह साफ नहीं कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप झूठ बोल रहे थे। राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री ने ट्रंप को झूठा कहने का साहस नहीं दिखाया। उन्होंने पूरे भाषण में एक बार भी चीन का नाम नहीं लिया। पूरा देश जानता है कि पाकिस्तान की हर तरह से मदद चीन ने की, लेकिन प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने एक बार भी चीन को संबोधित नहीं किया। राहुल ने केंद्र पर भारतीय सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता न देने और 'ऑपरेशन सिंदूर' की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को साझा करने का गंभीर आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में खुद बताया कि ऑपरेशन सिंदूर रात 1.05 बजे शुरू हुआ और मात्र 30 मिनट बाद 1.35 बजे ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया कि भारत ने 'गैर-सैन्य ठिकानों पर हमला किया है और किसी तरह का एस्केलेशन (विस्तार) नहीं चाहता।' राहुल ने सरकार पर तीखा हमला बोला कि आपने ऑपरेशन सिंदूर 30 मिनट में ही सीजफायर कर दिया था। ऑपरेशन शुरू होने के 30 मिनट बाद ही आपने पाकिस्तान को कह दिया कि हम युद्ध नहीं चाहते, हमने नॉन मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया है। ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में कही है।

### 2014 से पहले देश में भय का माहौल था...

पीएम मोदी ने कहा, 2014 से पहले देश में असुरक्षा का जो माहौल था, वो आज याद करें तो लोग सिहर उठते हैं। हम सबको पता है, हर जगह पर घोषणा होती थी, कोई भी लावारिस चीज दिखे तो छूना मत.. बम हो सकता है। 2014 तक यही सुनते आए थे। देश के कोने-कोने में यही हाल था। माहौल ये था कि जैसे कदम-कदम पर बम बिछे हैं और खुद को ही नागरिकों को बचाना है। कांग्रेस की कमजोर सरकारों के कारण देश को कितनी जानें गंवानी पड़ी, अपनों को खोना पड़ा। आतंक पर लगाम लगाई जा सकती थी। हमारी सरकार ने 11 साल में ये करके दिखाया है। 2004 से 2014 के बीच आतंक की घटनाएं हुईं, अब उनमें कमी आई है। अगर हमारी सरकार आतंकवाद पर नकेल कस सकती है, तो कांग्रेस की कौन सी मजबूरी थी, कि वो नहीं कर पाई। कांग्रेस राज में आतंकवाद फला-फूला है, इसका कारण तुष्टिकरण, वोटबैंक की राजनीति है।

### भारत ने पुरानी गलतियों को सुधारा

पीएम ने कहा, भारत ने नेहरू जी और कांग्रेस सरकार की पुरानी गलतियों को सुधारा है। 80 प्रतिशत पानी नेहरू जी ने उस देश को दिया, जो खुलेआम भारत को दुश्मन कहता है। इस पानी पर हक हमारे नागरिकों, किसानों का हक था। देश के बहुत बड़े हिस्से को पानी के संकट की ओर धकेल दिया। राज्यों में भी पानी को लेकर संघर्ष, प्रतिस्पर्धा पैदा हुई और पाकिस्तान मौज लेता रहा। अगर ये ट्रीटी न होती, तो पश्चिम की नदियों पर कई परियोजनाएं बनती। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के किसानों को भरपूर पानी मिलता। पीने के पानी की समस्या नहीं रहती। औद्योगिक प्रगति के लिए बिजली बनती। यही नहीं नेहरू जी ने करोड़ों दिए, ताकि पाक नहर बना सके। पाकिस्तान ने नेहरू जी से लिखवा लिया था कि बिना उसकी मर्जी भारत बांधों की सफाई नहीं करेगा। बाद में नेहरू जी को भी ये गलती माननी पड़ी।

### सिंधु समझौता स्वाभिमान के साथ धोखा

मोदी ने कहा कि हमने पाकिस्तान पर सख्त ऐक्शन लिया। हमने वीजा बंद किया, पानी बंद किया। सबसे बड़ा उदाहरण है-सिंधु जल समझौता। यह समझौता नेहरू जी ने किया। भारत से निकलने वाली नदियों को पाकिस्तान भेजा जा रहा था। वो नदियां हजारों साल से भारत की पहचान रहीं हैं। सिंधु नदी जो सदियों से भारत की पहचान थी, उसी से भारत जाना जाता था, लेकिन कांग्रेस ने सिंधु और झेलम जैसी नदियों पर विवाद की पंचायत वर्ल्ड बैंक को दी। नदी, पानी हमारा और फैसला दूसरे करें। सिंधु जल समझौता सीधा-सीधा भारत की अस्मिता और स्वाभिमान के साथ किया गया धोखा था। नेहरू जी ने 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे दिया और इतना बड़ा हिंदुस्तान सिर्फ 20 प्रतिशत पानीज कोई बताए ये कौन सी बुद्धिमानी थी, कौन सी डिप्लोमेसी थी। क्या हालत बना दी थी आपने।

### पीओके को वापस क्यों नहीं लिया

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के पास नेशनल सिक्योरिटी का विजन जो पहले था, आज तो सवाल ही नहीं उठता है। कांग्रेस ने हमेशा नेशनल सिक्योरिटी पर समझौता किया है। आज जो लोग पूछ रहे हैं कि पीओके वापस क्यों नहीं लिया? किसी सरकार ने पीओके पर पाकिस्तान को कब्जा का अवसर दिया था? जवाब साफ है-जब भी मैं नेहरू जी की चर्चा करता हूं तो कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम बिलबिला जाता है, पता नहीं। हम एक शेर सुना करते थे-न उन्होंने खता की.. और सदियों ने सजा पाई.. आजादी के बाद से ही जो फैसले लिए गए, उनकी सजा आज तक देश भुगत रहा है। मोदी ने कहा, डिफेंस सेक्टर में बदलाव, आगे बढ़ने के कदमों पर कुछ लोग खिलाफ हैं। ये कैसी मानसिकता है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि डिफेंस में भारत का आत्मनिर्भर होना दुनिया में विश्व शांति के लिए भी जरूरी है। भारत समृद्धि, शांति चाहता है, लेकिन कोई ये न भूले कि इसका रास्ता सख्ती से ही गुजरता है।

### कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर

पीएम मोदी ने कहा कि देश देख रहा है कि भारत तेजी से आत्मनिर्भर हो रहा है और देश ये भी देख रहा है कि कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होता जा रहा है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और उसके सहयोगी पाकिस्तान के प्रपंच के प्रवक्ता बन चुके हैं। मोदी ने कांग्रेस के कुछ नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न ही भारत की सेनाओं पर। इसलिए वो लगातार ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके आप लोग मीडिया में हेडलाइन्स तो ले सकते हैं, लेकिन देशवासियों के दिलों में जगह नहीं बना सकते। कुछ नेताओं पर सदन में बोलने पर भी पाबंदी लगा दी गई। कुछ पंक्ति मेरे मन में आती है-करो चर्चा और इतनी करो कि दुश्मन दहशत से दहल उठे, रहे ध्यान बस इतना ही.. मान सिंदूर और सेना का प्रश्नों में भी अटल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री पद्मभूषण मेघनाद देसाई नहीं रहे

**नई दिल्ली,जेएनएन।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य मेघनाद देसाई का 85 साल की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया। उनका जन्म १९४० में गुजरात में हुआ था। उन्हें



२००८ में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने न सिर्फ अकादमिक जगत में गहरी छाप छोड़ी, बल्कि राजनीति में भी आवाज बुलंद रही। मेघनाद देसाई लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) में अर्थशास्त्र के एमेरिटस प्रोफेसर थे। उन्होंने 1965 से 2003 तक वहां पढ़ाया। उन्होंने बॉम्बे विश्वविद्यालय (अब मुंबई) से मास्टर डिग्री हासिल की। उन्हें 1960 में यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया में पढ़ने का मौका मिला। वहां उन्होंने तीन साल बाद पीएचडी पूरी की। उन्हें 30 अप्रैल, 1991 को लॉर्ड देसाई ऑफ सेंट क्लेमेंट डेन्स बनाया गया था।

### राजस्थान: अब उदयपुर में आंगनवाड़ी की छत गिरी

**उदयपुर, जेएनएन।** उदयपुर के ग्राम पंचायत मनवाखेड़ा के एकलिंगपुरा गांव में अंबा खादरा आंगनवाड़ी केंद्र की प्लास्टर की छत का एक हिस्सा देर रात गिर गया। उस समय कोई भी बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय बच्चे स्तब्ध हैं। ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्होंने बार-बार पंचायत और संबंधित विभागों को भवन की खतरनाक स्थिति के बारे में सूचित किया था, लेकिन कोई मरम्मत शुरू नहीं की गई। ये घटनाएं अधिकारियों की गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करती हैं और शैक्षणिक संस्थानों में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे की बिगड़ती स्थिति को रेखांकित करती हैं। इस बीच राजस्थान हाईकोर्ट ने झालावाड़ त्रासदी का स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड ने घटना को दिल दहला देने वाला, हृदय विदारक और समाज को झकझोर देने वाला बताया और राज्य के सरकारी स्कूलों की स्थिति और सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि राज्य के बजट का 6 फीसदी शिक्षा के लिए आवंटित होने के बावजूद कई स्कूलों की हालत दयनीय बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि 32 फीसदी सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं है, 9 फीसदी स्कूलों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है और कई स्कूलों में अभी भी लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय नहीं हैं, जिससे छात्राएं विशेष रूप से असुरक्षित हैं।

**स्कूल जाने से डरती हैं लड़कियां :** बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लड़कियां स्कूल जाने से डरती हैं। अगर वे पानी पीती हैं, तो उन्हें शौचालय की ज़रूरत पड़ने का डर रहता है जो मौजूद ही नहीं है। कोर्ट ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ राजस्थान के मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को नोटिस जारी कर वर्तमान स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट और तत्काल उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है।

## बफर जोन में शुरू होगी टाइगर सफारी: सीएम

### अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कई सौगातें

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रदेश को कई सौगातें दी। उन्होंने कहा, प्रदेश में सभी 9 टाइगर रिजर्व के बफर जोन में टाइगर सफारी की शुरुआत की जाएगी। सीएम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में कहा, वन्यजीव संरक्षण के लिए स्थानीय समुदाय की सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार के इन प्रयासों से



पारिस्थितिकी तंत्र के मजबूत होने के साथ पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### भैंस के मुखौटे में पहुंचे विधायक, बजाई बीन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विस के मानसून सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा। कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण, जाति जनगणना को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। विधायक भैंस के मुखौटे पहने विस परिसर पहुंचे, जहां बीन बजाकर सरकार को जगाने की बात कही। प्रदर्शन कर रहे विधायकों के साथ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दूसरे विधायकों ने गांधी प्रतिमा के समक्ष बीन बजाकर प्रदर्शन किया। सिंघार ने कहा,हम सरकार को जगा रहे है। यह सोई हुई सरकार है,जो जनप्रतिनिधियों पर हमले की घटनाओं पर कार्रवाई नहीं कर रही है।




**शाह को लेकर सदन में हंगामा**

विधानसभा में मंत्री विजय शाह की उपस्थिति पर कांग्रेस विधायक ने आपत्ति जताई। सोहनलाल बाल्मिकी ने कहा, जिस व्यक्ति ने सेना का अपमान किया है, उसे सदन में आने का अधिकार नहीं हैं। उनकी इस टिप्पणी के उपरांत सदन में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### राष्ट्रपति संदर्भ पर 19 से 10 सितंबर तक सुनवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रपति संदर्भ सुनवाई 19 अगस्त से 10 सितंबर के बीच निर्धारित की है। इस सुनवाई में यह पूछा जाएगा कि क्या न्यायालय राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति और राज्य के राज्यपालों के लिए समय-सीमा और प्रक्रियाएं निर्धारित करेगा। संदर्भ का समर्थन करने वाले और विरोध करने वाले पक्षों के लिए सुनवाई का कार्यक्रम तय करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में सुनवाई के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।



**कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों के लिए क्रमशः अधिवक्ता अमन मेहता और निशा रोहतगी को नोडल वकील नियुक्त किया और उनसे इस मुद्दे पर अपने संकलन तैयार करने को कहा। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सभी पक्षों से 12 अगस्त तक अपने-अपने लिखित तर्क प्रस्तुत करने को कहा है। न्यायालय ने केरल, तमिलनाडु राज्यों को संदर्भ की ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### भोपाल में सीजन की सबसे ज्यादा बारिश, कई अन्य जिलों में बिगड़े हालात

## विदिशा-श्योपुर में बुलानी पड़ी सेना 100 से अधिक लोगों का रेस्क्यू



राजधानी में पिछले 2 दिनों से रुक-रुककर हो बारिश के चलते सड़कें जलमग्न है।

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से अब हालात बिगड़ने लगे हैं। भोपाल में इस सीजन की सबसे अधिक बारिश बीते 24 घंटे में दर्ज की गई है। वहीं रायसेन, विदिशा, सीहोर और राजगढ़ में भारी बारिश के चलते सेना को मैदान में उतारा गया है। विदिशा में स्कूल बच्चों के बह जाने की खबर है।

विदिशा में 70 से ज्यादा लोगों को बाढ़ में फंसे होने के कारण रेस्क्यू करना पड़ा, वहीं श्योपुर में 20 से ज्यादा लोगों को बचाने के लिए सेना बुलानी पड़ी। रायसेन में 3 युवक पुलिया पार करते समय बह गए, इनमें से दो ने तो अपनी जान बचा ली, एक की तलाश जारी है। गुना में कलोरा डेम के गेट खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है।

**रायसेन में 5 और भोपाल में 3 इंच बारिश:** मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार मप्र में बीते 24 घंटे में जमकर बारिश हुई है। इसमें सबसे ज्यादा बारिश रायसेन में दर्ज की गई। यहां बारिश का आंकड़ा 120 मिली मीटर यानि 5 इंच के आसपास रहा। इसके अलावा भोपाल में भी सीजन की सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। यहां एक दिन में 75 एमएम यानि 3 इंच से अधिक बारिश हुई है।

### सड़कें जलमग्न: राजधानी में आज स्कूलों में छुट्टी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में जारी भारी बारिश के बीच और अतिवृष्टि की संभावना को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने नर्सरी से कक्षा 12 तक सभी कक्षाओं के लिए एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। बता दें कि भारी बारिश के कारण शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं। ऐसे में छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एमपी बोर्ड व सीबीएसई सहित अन्य माध्यमों के सभी शासकीय व निजी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। हालांकि, इस दौरान शिक्षक सहित अन्य स्टाफ शालाओं में उपस्थित होकर परीक्षा मूल्यांकन सहित अन्य कार्य करते रहेंगे।

### 18 जिलों में बाढ़ का अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। इनमें अशोक नगर, बैतूल, भिंड, दतिया, देवास, गुना, ग्वालियर, हरदा, खंडवा, मुरैना, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, विदिशा शामिल हैं। रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा में रेड अलर्ट जारी किया है।

रिपोर्ट | पायलटों के प्रशिक्षण में अंतराल से लेकर खराब रोस्टरिंग तक में गड़बड़ी

## एयर इंडिया के ऑडिट में मिलीं 51 सुरक्षा खामियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने जुलाई के ऑडिट में एयर इंडिया में 51 सुरक्षा खामियों को चिह्नित किया है, जिनमें खराब रोस्टरिंग, पायलटों की ट्रेनिंग में अंतराल और अस्वीकृत सिमुलेटर का उपयोग शामिल है। अहमदाबाद-लंदन एयर इंडिया विमान दुर्घटना में उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद ही 260 लोग मारे गए थे। हादस के बाद टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन की जांच बढ़ रही है।




एयर इंडिया पहले से ही दबाव में है, उसे आपातकालीन उपकरणों की जांच किए बिना उड़ानें संचालित करने, इंजन के पुर्जों को समय पर न बदलने, रखरखाव रिकॉर्ड में हेराफेरी करने और चालक दल के थकान प्रोटोकॉल की उपेक्षा करने के लिए चेतावनी नोटिस मिले हैं। एयर इंडिया ने कुछ तथाकथित श्रेणी 'सी' हवाई अड्डों, जिनका लेआउट या भूभाग चुनौतीपूर्ण हो सकता है, उनके लिए 'उचित मार्ग मूल्यांकन' भी नहीं किया और ऐसे हवाई अड्डों के लिए ऐसे सिमुलेटर के साथ प्रशिक्षण आयोजित किया जो योग्यता मानकों को पूरा नहीं करते थे। डीजीसीए की ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह चुनौतीपूर्ण हवाई अड्डों तक पहुंचने के दौरान सुरक्षा जोखिमों पर विचार न करने का कारण हो सकता है।' इस बीच एयर इंडिया ने कहा है कि वह 'पूरी तरह से पारदर्शी' है और 'निर्धारित समय सीमा के भीतर डीजीसीए को अपना जवाब, सुधारात्मक कार्रवाइयों के विवरण के साथ प्रस्तुत करेगी।' यह ऑडिट रिपोर्ट एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें पाया गया था कि उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ईंधन नियंत्रण स्विच 'कट ऑफ' पर स्विच हो गए थे। अंतरिम रिपोर्ट में पायलटों के बीच भ्रम की भी ओर इशारा किया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में 'दरवाजों की जांच और उपकरणों की जांच' में विसंगतियों को उजागर किया गया है और चालक दल के प्रशिक्षण के दस्तावेजीकरण में कमियों की ओर इशारा किया गया है।

**ऑडिट रिपोर्ट क्या कहती है?**

एयर इंडिया की 11-पृष्ठ की ऑडिट रिपोर्ट में लेवल-1 के सात उल्लंघनों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें 30 जुलाई तक ठीक किया जाना है। अन्य 44 उल्लंघनों को 23 अगस्त तक ठीक किया जाना है। अधिकारियों ने कहा कि कुछ अज्ञात बोइंग 787 और 777 पायलटों ने अनिवार्य आवधिक मूल्यांकन से पहले अपने 'प्रशिक्षण' और 'निगरानी कर्तव्यों' को पूरा नहीं किया था।

### यमन में भारतीय नर्स को राहत, मौत की सजा रद्द

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यमन में हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया को बड़ी राहत की खबर है। भारत के ग्रैंड मुफ्ती कांतापुरम एपी अबूबक्कर मुसलियार के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राजधानी सना में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि निमिषा की मौत की सजा,जिसे पहले अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था, अब पूरी तरह रद्द कर दी गई है। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, भारतीय समुदाय और धार्मिक प्रतिनिधियों के लगातार प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। ग्रैंड मुफ्ती का कार्यालय लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए था और यमन में विभिन्न स्तरों पर हस्तक्षेप करता रहा है। निमिषा प्रिया केरल की रहने वाली एक नर्स हैं। उन्हें यमन में एक स्थानीय नागरिक की हत्या के आरोप में मार्च 2018 में दोषी ठहराया गया था। साल 2020 में यमन की अदालत ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई थी।

## देवघर: बस-ट्रक भिड़ंत में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत

### ड्राइवर सीट समेत गिरा, 100 मीटर चलती रही बस

**रांची, जेएनएन।** देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत हो गई। 24 कांवड़िए घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह 5 बजे देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावापुरा गांव में हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा पूरी तरह से धंस गया। कांवड़ियों के झोले और सामान बस में लटके दिख रहे हैं। हादसे में बस का ड्राइवर सीट समेत नीचे गिर गया। 100 मीटर तक बस बिना ड्राइवर के चली। 8 घायलों का एम्स में इलाज चल रहा है। बाकी लोग सदर अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर 18 लोगों की मौत की जानकारी दी थी। हादसे पर पीएम मोदी, सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल ने हादसे पर दुख जताया है। 40 कांवड़ियों से भरी बस देवघर से बासुकीनाथ जा रही थी। देवघर से 18 किमी पहले बस सामने से आ रहे सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, बस ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। टक्कर के बाद ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिर गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही 3 महिला कांवड़ियों की घटनास्थल पर जान चली गई। 6 मृतकों में 4 बिहार के हैं। इनमें बेतिया की दुर्गावती देवी (45), पटना की संता देवी, गयाजी से सुमन कुमारी और वैशाली के पीयूष कुमार (19) हैं। ड्राइवर सुभाष तूरी (30) देवघर का रहनेवाला था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

# महिला वेट लिफ्टिंग में लक्ष्मी तो पुरुषों में विवेक सिंह और दंगल में अर्जुन बंसल ने मारी बाजी



जागरण ] सतना। 6 वर्षों से लगातार विधायक विक्रम सिंह की अनुशंसा पर प्रशांत सिंह के संरक्षण में नाग पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित किये जा रहे वेट लिफ्टिंग एवं दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूर.दूर से लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आना प्रारंभ कर दिया है। जिसमें नाग पंचमी के अवसर पर रामपुर बघेलान के लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम में सर्वप्रथम वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लक्ष्मी सिंह बघेल ने 120 किलो वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया वहीं दीपिका वर्मा ने 85 किलो और मोना वर्मा ने 75 किलो का वजन उठाकर बाजी मारी है। वही लड़कों में जय हेल्थ क्लब के विवेक सिंह विक्कू ऐरा ने 220 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर अज्जू खान ने 200 किलो एवं शांतनु त्रिपाठी ने 200 किलो वजन उठाकर अपना नाम रोशन किया है वेट लिफ्टिंग के बाद आयोजित भव्य दंगल प्रतियोगिता में अमरपाटन से चलकर आए पहलवान अर्जुन बंसल ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर पारस केवट एवं तीसरे स्थान पर सोनू बंसल ने परचम लहराया और पुरस्कृत होकर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशव त्रिपाठी के हाथों प्रतिभागियों को पुरुस्कृत कर सम्मनित किया गया और उनके प्रदर्शन पर बधाई दी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विदुर सराफ़ से सुनील सोनी पप्पू समाजसेवी अजीत सिंह वैश्य संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुंदर गुप्ता प्लेयर विश्व विजय सिंह सुखेन्द्र तिवारी मोहम्मद जब्बार खान कमलेश कचेर मोहम्मद इशहाक उपस्थित रहे वही कार्यक्रम के आयोजक दिनेश सोनी एवं कार्यक्रम के कर्ताधर्ता प्रशांत सिंह बघेल कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्रशांत सिंह ने अपना विशेष योगदान देते हुए समूची प्रतियोगिता को अपनी एंकरिंग से आकर्षण का केंद्र बनाए रखा वहीं रेफरी की भूमिका में मिंटू सिंह एवं कल्लू गुप्ता ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में संदीप गुप्ता एवं ऋषिकेश त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सौरभ सोनी वरिष्ठ समाजसेवी सुधाकर त्रिपाठी रमेश सिंह जिम उमेश साहू मनीष सोनी योगेश सोनी छोटू सोनी संजू सिंह प्रवीण तिवारी रामबहोर साकेत इजराइल सौदागर बेटू जिम रामविश्वास कुशवाहा के साथ सैकड़ों गणमान्य लोग एवम खेल प्रेमी उपस्थित रहे और समूचे कार्यक्रम में आशा डीजे बलदाऊ टेंट हाउस ने संपूर्ण योगदान देते हुए कार्यक्रम को सुसज्जित करने में विशेष भूमिका निभाई।

# फोटोग्राफी क्षेत्र में सागर का दिल्ली में हुआ सम्मान



सतना। द सारंग फोटोग्राफी सतना के संचालक सागर प्रसाद चौधरी को फोटोग्राफी की दुनिया में अलग पहचान बनाने के लिए दिल्ली में सम्मानित किया गया है। बताया जाता है कि दिल्ली में आयोजित इंडियाँ फोटो ग्राफर्स क्लब के भव्य कार्यक्रम फोटोग्राफर्स सक्सेज डे में हाल ऑफ फेम एवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हे अब्दुल्ला अंसरी द्वारा दिया गया है। जो फोटोग्राफी जगत में एक बडे नाम के रूप में जाने जाते है। यह पुरस्कार उनकी क्रिएटिव एक्सीलेंस क्लाइंट्स के लिए बेस्ट देने की प्रतिबद्धता और वीडिंग फोटोग्राफी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देते हुए दिया गया है। चर्चा करते हुये सागर ने बताया कि यह तस्वीर हमारे लिए एक भावना होती है और हम उन यादो को खूबसूरत तरीको से कैद करने में यकीन रखते है ये सम्मान पुरे टीम की मेहनत और विश्वास का नतीजा है।

# कारगिल विजय दिवस पर विचार संगोष्ठी के बाद निकाली गई रैली



जागरण, सतना। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी राजदीप सिंह के निर्देश व लेखापाल एम.पी. द्विवेदी के मार्गदर्शन में करगिल विजय दिवस पर शिवाजी युवक मण्डल के द्वारा सरस्वती विद्यालय चोरमारी मे विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राकेश प्रताप सिंह व्यवस्थापक सरस्वती विद्यालय चोरमारी कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा प्रसाद तिवारी नानाजी देशमुख ग्राम विकास समिति डेगरहट ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 मनोज पाठक राजेश द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने करगिल विजय दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी व अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारे देश को आघात पहुँचाने वाली दुष्ट शक्तियों को हमारी सेना ने मुह तोड़ जवाब देकर हमारी बीर सेना ने विजय हासिल कर देश का मान बढ़ाया है ए दिवस यानी 26 जुलाई को प्रतिवर्ष हम करगिल विजय दिवस के रूप में मनाते वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गंगा प्रसाद ने अपने विचार रखते हुए यह आहवान किया की किसी भी राष्ट्र की तरक्की उसके नागरिकों पर निर्भर करती है अतः हम सब यह संकल्प लें। राष्ट्र के अनुरूप नागरिक बनने का वही विशिष्ट अतिथि डॉ 0 मनोज पाठक ने नेहरू युवा केन्द्र में ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया इस अवसर पर संगोष्ठी में विद्यालय के भइया बहनों ने बडे उत्साह से भाग लिया और अपने अपने विचार संगोष्ठी में रखें कार्यक्रम का समापन रैली के साथ किया गया इस अवसर पर दल प्रताप सिंह तिवारी विधु प्रताप सिंह देवकी शुक्ला ज्योति सिंह कंचन सिंह तिवारी एवं आचार्य दीदी व भइया बहने उपस्थित रहे।

# 42 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रजापति संघ ने किया सम्मानित



जागरण, सतना। प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लाक मझगवां के नेतृत्व में दूसरा सम्मान समारोह कार्यक्रम बिरसिंहपुर 'बजरंग पैलेस' में बड़े धूम.धाम से मनाया गया जहां कक्षा 10 वीं 12 वीं के 60 या उससे अधिक परीक्षा परिणाम लाने वाले 42 होनहार प्रतिभावान छात्र.छात्राओं सहित उनके माता.पिता गुरुजन वरिष्ठ गणमान्य जनों का संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की स्मृति चिन्ह और संघ का प्रमाण पत्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं बधाईयां देते हुए सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी एल निराला यादव पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं प्रजापति समाज छात्र.छात्राओं के उज्जवल भविष्य को संवारने के लिए लगातार संघर्षरत हैं । वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोरेलाल प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान ने कहा कि प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लाक कमेटी के नेतृत्व में लगातार प्रतिभावान छात्र.छात्राओं सहित उनके माता.पिता गुरुजन वरिष्ठ गणमान्यजनों को सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य को संवारने के लिए तथा शिक्षा क्रांति खेलकूद प्रतियोगिता जागरूकता ज्ञान विज्ञान संविधान की शक्तियों को गांव.गांव घर.घर जन.जन तक पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी हैं । ब्लॉक सचिव राजीव चक्रवर्ती टीम सहित अपनी मेहनत और लगन से समाज के लोगों को आमंत्रण कार्ड देकर समाज की बैठक में समाज के सभी 10वीं 12वीं के बच्चों एवं बुजुर्ग माता बहनों बुद्ध जीवियों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की । विशिष्ठ अतिथि' राजकुमारी प्रजापति नगर परिषद अध्यक्ष रामबहोरी प्रजापति पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंजीलाल प्रजापति अखिल भाण् कुण्संघ जिला अध्यक्ष लक्ष्मण प्रजापति महासचिव बीड़ी प्रजापति जिला उपाध्यक्ष संतोष गिब्बा प्रजापति जिला कोर कमेटी सदस्य आर बी ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल कपिल प्रजापति ब्लाक सचिव मझगवां धनीराम प्रजापति पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण कश्यप एडवोकेट के पी पाल इतवारी लाल शाक्य वरिष्ठ समाजवादी नेता संतोष सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट उमेश जी के एल कुशवाहा प्रवीण , नंदलाल साहू पूर्व पार्षद कमलेश प्रजापति संरक्षक सोहावल भारत प्रजापति शिक्षक संतराम बीए एजुकेशन संस्था सचिव कार्यक्रम के आयोजक राजाबाबू ब्लाक अध्यक्ष, राजीव चक्रवर्ती ब्लॉक सचिव अमृतलाल प्रजापति युवा क्रांतिकारी जनसेवकए प्रमोद कुमार मीडिया प्रभारी सुशील प्रजापति युवा ब्लाक अध्यक्ष जगदीश प्रजापतिएसहित अन्य सभी अतिथियों ने छात्र.छात्राओं को उज्जवल भविष्य की बधाइयां दी।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 34 आवेदन



जागरण, सतना। मंगलवार को नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान 34 आवेदन प्राप्त हुये है। महापौर योगेश ताम्रकार , निगमायुक्त शेर सिंह मीना, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी की मौजूदगी में जनसुनवाई का आयोजन 11 बजे दिन से दोपहर 1 बजे तक किया गया है। इस दौरान फायर शाखा से संबंधित 01 , जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 02 , सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 01 , राजस्व किराया शाखा से संबंधित 02 , साफसफाई से संबंधित 01 , अतिक्रमण से संबंधित 07 , पेयजल से संबंधित 04 आवेदन विकास कार्य से संबंधित 11 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 05 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। निगमायुक्त शेर सिंह मीना आईएएस ने शहरवासियों को अवगत कराया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

## नगर निगम की आईईसी टीम ने स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन




सतना। मंगलवार को नगर निगम की आईईसी टीम ने वार्ड क्रमांक 28, 29, एवं 30 में विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई जिसमें सभी अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत स्वच्छता ऐप की जानकारी दी गई नालियों की सफ़ाई की गई । जागरूकता फैलाई गई चार रंगों के डस्टबिन की उपयोगिता बताई गई एवं प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया गया। साथ ही पार्कों की सफ़ाई और सौंदर्यीकरण का कार्य भी संपन्न किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यापक पौधारोपण भी किया गया जो वार्ड 28, 29 और 30 में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर, नगर निगम अध्यक्ष, नोडल अधिकारी, संबंधित वार्डों के पार्षदगण, वार्ड दरोगा आईईसी टीम, सफ़ाई मित्र एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को मज़बूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

## निकाली गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा



जागरण, सतना। रामपुर बघेलान सेक्टर क्रमांक 4 ग्राम पंचायत देवरा क्रमांक 2 में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं शासन के दिशा निर्देशसन पर जिला समन्वयक डॉक्टर राजेश तिवारी एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती ममता सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य सतीश मिश्रा एवं पंचायत की सरपंच श्रीमती सुखमंती साकेत एवं ग्राम सचिव भारतेंदु सिंह एवं परामर्शदाता डॉक्टर सरदार कुमार चौधरी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलाकांत मिश्रा एवं समस्त सदस्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समूह की महिलाओं के साथ ग्राम के नवांकुर सखी छात्र प्रवीण साकेत पुणेंद्र विश्वकर्मा बृजकिशोर मिश्रा ऋषि मुनि रामू सोनी रामदीन कुशवाहा वेद प्रकाश तिवारी धनंजय मिश्रा मनीष तिवारी अखिलेश मिश्रा शशि कला द्विवेदी सुधा मिश्रा शकुंतला केवट विद्या देवी विश्वकर्मा सुनीता सेन एक उपस्थित रहे एवम एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन कर पौधों का वितरण किया गया।

## एकेएस के वाणिज्य विभाग में फन ज्ञान का आयोजन



जागरण, सतना। एकेएस विश्वविद्यालय सतना के वाणिज्य विभाग द्वारा फन ज्ञान नामक रोचक एवं शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा फूड स्टॉलए खेल स्टॉल एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता जैसे विविध गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। क्विज प्रतियोगिता विशेष रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित थी जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी एवं कुलपति प्रोफेसर बीए चोपड़े के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ महेन्द्र तिवारी विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक विपिन सोनी एवं शिवम पांडे रहे वहीं विभाग के अन्य फैकल्टी सदस्यों ने भी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## बिरसिंहपुर तहसील प्रांगण में पांच पौधे लगाए गए




जागरण, सतना। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज बिरसिंहपुर तहसील प्रांगण में ष्एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माधवम ईप्सा फाउंडेशन के तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर तहसील प्रांगण में आंबला, जामुन, बहेडा,लसोडा और अमलतास जैसे औषधीय प्रजातियों के पांच पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित तसीलदार डॉ शैलेंद्र बिहारी शर्मा,नायब तहसीलदार सुदामा कोरीए बालक प्राचार्य शिवचरन त्रिपाठी,कन्या प्राचार्य धर्मेंद्र गुप्ताए सीएमओ सुरेश सोनवानी, उप निरीक्षक अशोक गर्ग एवं अन्य सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया। माधवम ईप्सा फाउंडेशन पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है।

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निः शुल्क साइकिल वितरण



अमदरा । मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वी के बच्चों को एजुकेशन पोर्टल पर पात्रता सूची के अनुक्रम में निशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है स पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पाला में कक्षा छठवीं के 19 तथा कक्षा नववीं के 31 बच्चों का निरूशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम स्थानीय उप सरपंच सुल्तान बेग तथा भाजपा मंडल अमदरा अध्यक्ष सुजीत शिवहरे के उपस्थिति में प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार त्रिपाठी तथा अन्य सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ संपन्न हुआ।

## मैहर एसपी ने की जनसुनवाई



सतना। मैहर एसपी कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा जन सुनवाई की गई । इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह, मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी, अमदरा टीआई रेनू मिश्रा, सहित समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे। जन सुनवाई में दूर दराज से आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जाकर उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

सतना। शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह की अध्यक्षता में सात फेरे सात वचन थीम के अंतर्गत हरियाली तीज का शुभ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब की सदस्याएं सुंदर परिधानों में सज धज कर आई। दूल्हा दुल्हन ने सात फेरों के साथ सात वचनों का जीवन से जुड़े जिम्मेदारीयों को निभाते हुए एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सखियों द्वारा शादी के पहले और शादी के बाद एवं कजरी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## सांदीपनि विद्यालय नरिया में पीएम जनमन योजना के तहत 50-50 सीटों वाले छात्रावासों का वर्चुअल भूमि पूजन संपन्न



जागरण , डिंडोरी । शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय, नरिया में 50-50 सीटों वाले बालक एवं बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु वर्चुअल भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय शिक्षा डॉ सुकांता मजूमदार एवं केंद्रीय शिक्षा श्री जयंत चौधरी सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे एवं अन्य राज्य मंत्रीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वर्चुअल सांदीपनि विद्यालय नरिया में आज मंगलवार को प्रातः 09:45 बजे की गई। मंच संचालन श्रीमती ज्योति परस्ते, श्रीमती निधि पवैया ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में श्री चमरू सिंह नेताम एंव स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ कलेक्टर ने सरस्वती माता के छाया चित्र पर फूल एवं मार्ल्यापण कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं विद्यालयीन परिवार सांदीपनि विद्यालय नरिया द्वारा सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा श्री चमरू सिंह नेताम, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्री राजेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि श्री अनुराग गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती रामकिशोरी ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जन जाति मोर्चा श्री महेश धूमकेती, श्री परसराम नागेश, पार्षद श्री भागीरथ उरैती, श्री मोहन नरवरिया, श्रीमती दयावती मरावी, श्री सुरेंद्र मेहदेले, जिला परियोजना समन्वयक श्री आर के मिश्रा, श्री पारस सिंह, प्राचार्य श्री बंशबहोर द्विवेदी, बी आर सी श्री अरूण चौबे, संकुल प्राचार्य शाहपुर श्री शहीद खान, विनोद मिश्रा, श्री यू के त्रिपाठी, श्री प्रवीण सोनकिया सहित पालक गण एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवाओं को नशे से बचाने चलाया हस्ताक्षर अभियान, दिलाई शपथ



जागरण, सतना। मध्यप्रदेश के युवाओं को नशीले पदार्थों की लत एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाते हुए स्वस्थ परिवार समाज एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में रचनात्मक व सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से सतत् प्रयास करते हुए स्वस्थ या सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से एम पी व्ही एच ए इन्दौर एवं वसुन्धरा महिला मण्डल द्वारा शासकीय इन्दिरा कन्या महाविद्यालय सतना में उक्त महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शोभा गुप्ता डा प्रज्ञा द्विवेदी विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र विभाग अन्य कर्मचारीगण समाजसेवी एवं युवा छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में नशा मुक्ति हेतु शपथ हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ ।

उपरोक्त अवसर पर सुश्री ख़्याति पाण्डेय समाजसेवी एवं अध्यक्ष वसुंधरा महिला मण्डल द्वारा इस कार्यक्रम की प्रासंगिकता व महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि हमारी संस्था विगत लगभग 31 वर्षों से इस क्षेत्र में विविध सामाजिक मुद्दों सहित नशा मुक्ति व स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर आधारित कार्यक्रमों का संचालन कर रही है और इसी कड़ी में मंगलवार को समाज के विभिन्न घटकों विशेषकर युवा वर्ग में द्रुतगति से बढ़ती जा रही नशे की लत जैसी दुष्प्रवृत्ति जो कि समग्र समाज व राष्ट्र में विकराल रूप धारण करती जा रही है की रोकथाम एवं नशा मुक्ति हेतु युवा वर्ग से दृढ़ . संकल्प के साथ शपथ दिलाना हस्ताक्षर अभियान एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया क़ि भारत में प्रतिवर्ष 13-14 लाख लोगों क़ी मृत्यु तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के कारण होती है सभी प्रकार के कैंसर में 27 प्रतिशत तम्बाकू सेवन का कारण है 38 प्रतिशत टी बी से होने वाली मौतें तम्बाकू सेवन से सम्बन्धित हैं तम्बाकू असंक्रामक रोगों जैसे कैंसर तालू गला जीभ ओंठ आहारनली, आंतों, गुदा कैंसर ह्रदय रोग लीवर किडनी मधुमेह, फेफड़ों क़ी बीमारियों आदि का प्रमुख कारण है भारत में 28.6 प्रतिशत वयस्क एवं मध्यप्रदेश में 34.2 प्रतिशत किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं स भारत में 13-15 वर्ष के 08.5 प्रतिशत एवं मध्यप्रदेश में 03.9 प्रतिशत छात्र छात्राएँ किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं ख्याति ने आगे बताया क़ि तम्बाकू नियंत्रण के लिये सरकार गंभीर प्रयास कर रही है सरकार राज्य एवं ज़िला स्तर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रही है स प्राचार्य डा शोभा गुप्ता ने कहा क़ि वर्तमान में तम्बाकू एवं इसके विभिन्न उत्पादों के सेवन से समाज का हर वर्ग विशेषकर युवा वर्ग दिग्भ्रमित होकर अनेक गंभीर बीमारियों से ग्रसित होकर असमय काल का ग्रास बनते जा रहे हैंए जिस पर यथासंभव रोक लगाना ज़रूरी है वसुंधरा महिला मण्डल के कार्यक्रम समन्वयक आयूष द्विवेदी ने बताया क़ि तम्बाकू एवं इसके विभिन्न उत्पादक कंपनियों द्वारा भ्रामक व आकर्षित प्रचार प्रसार विज्ञापनों के कारण, रोल मॉडल सेलिब्रिटी से प्रेरित होकर डिजिटल और सोशल मीडिया में तम्बाकू उत्पादों के इस्तेमाल का निरंतर प्रदर्शन देखकर हम . उम्र साथियों से प्रेरित होकर तम्बाकू उत्पादों का सस्ता व आसानी से उपलब्ध होने के कारण बच्चे तम्बाकू के प्रति आकर्षित होते हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में पीयूष निराशा प्रजापति सुचिता मिश्रा हेमन्त खुशी तिवारी प्रिया टीकारनी आदि का सक्रिय व अविस्मरणीय सहयोग रहा स उक्त अवसर पर नशा व्यसन की रोकथाम एवं नियंत्रण पर अनेक युवाओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए ।

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए मतदान आज




जागरण
चुनाव

## अध्यक्ष पद को लेकर कांटे की टक्कर

## अधिवक्ता संघ के चुनाव में 26 प्रत्याशी मैदान में

जागरण, सीधी




जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए मतदान आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगा। वहीं मतगणना का कार्य कड़ी चौकसी के बाद 31 जुलाई को होगा। उधर चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने लुभावने दावे-वायदे किये जा रहे हैं। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर 30 जुलाई को मतदान होना है। उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में मतदान के लिए ताकत झोंक दी है।

गौरतलब है कि जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में जिला अधिवक्ता संघ सीधी के चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद समेत कुल 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अध्यक्ष पद हेतु अरविंद कुमार शुक्ला, बृजेन्द्र सिंह बघेल, महेन्द्र सिंह, मुनीन्द्र प्रसाद द्विवेदी, शत्रुध्न तिवारी, मो हारुन मंसूरी चुनाव मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद हेतु अनिल कुमार द्विवेदी, प्रदीप कुमार सिंह बाघेल, श्रीमती स्नेहलता तिवारी, मो. यूनुस सिद्धिकी, सचिव पद हेतु रवीन्द्र कुमार गौतम, राजेन्द्र कुमार जायसवाल, सह सचिव पद हेतु धीरज कुमार सोनी, प्रदीप कुमार सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष पद हेतु रोहिणी प्रसाद पटेल, विद्यासागर शुक्ला, पुस्तकाध्यक्ष पद हेतु कमलेश कुमार पटेल, भारत भूषण परासर, रमेशचंद्र श्रीवास्तव मैदान में हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु गोविंद प्रसाद गुप्ता, नीरज मिश्रा, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, भूपेन्द्रनाथ दुबे, राजेश कुमार सिंह गहरवार, विद्याकांत मिश्रा, विष्णुबहादुर सिंह चुनाव मैदान में हैं। इस बार कई मायनों में अहम है। इससे पहले चुनाव नामांकन पत्र वापसी के बाद दो या तीन उम्मीदवारों के बीच केंद्रित हो जाता था। किंतु इस बार चुनाव मैदान में उतरे कुछ उम्मीदवारों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में ज्यादा से ज्यादा रिझाने के लिए काफी लुभावने दावे-वायदे कर चुनाव की दिशा बदलने का अनूठा प्रयोग किया है। यह प्रयोग कितना कारगर साबित होता है यह तो नतीजों के घोषित होने के बाद ही मालूम पड़ेगा। दरअसल इस बार के चुनाव में नये मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए ज्यादा फोकस किया जा रहा है। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में कुछ राजनीतिक दलों के नेता भी आंतरिक भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे नेता अपने परिचित मतदाताओं से संबंधित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने का दबाव बना रहे हैं। उम्मीदवार भी अपने संबद्ध नेताओं की चौखट पर पहुंच रहे हैं जिससे उनका जनाधार बढ़ सके। कुछ ऐसे भी नेता हैं जो कि स्वयं जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदाता हैं। इस वजह से उनकी दिलचस्पी चुनाव को लेकर काफी ज्यादा है। ऐसे कुछ नेता तो अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में सामने से भी सक्रिय हैं। जानकारों का कहना है कि जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव हमेशा काफी सुर्खियों में रहता है। चुनाव मैदान में उतरने वाले सभी उम्मीदवार अपने स्तर से जीत के लिए पूरी ताकत लगाते हैं। सबसे ज्यादा रोचक एवं दिलचस्प अध्यक्ष पद का चुनाव होता है। अध्यक्ष पद के चुनाव में उतरने वाले सभी प्रत्याशी मतदाताओं से व्यक्तिगत रूबरू होकर समर्थन की मांग करते हैं। मतदाता भी ऐसे उम्मीदवार को पसंद करते हैं। जिनकी छवि सबसे अलग होती है।

### अध्यक्ष पद के लिए आधा दर्जन उम्मीदवार

जिला अधिवक्ता संघ सीधी का निर्वाचन 30 जुलाई को होना है। चुनाव में 6 उम्मीदवार अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे है, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल, पूर्व अध्यक्ष मुनीन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद शुक्ला, शत्रुध्न तिवारी, महेन्द्र सिंह चौहान एवं हारून अंसारी शामिल है। अध्यक्ष पद के अलावा अन्य पदों के लिए कुल 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। मतदान होने में अब 3 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में सभी उम्मीदवार खासकर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मतदाता अधिवक्ताओं से डोर-टू-डोर संपर्क में जुटे हुए है।

### चुनाव में जाति का भी खेला जा रहा कार्ड

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में जाति का कार्ड भी खेला जा रहा है। कुछ उम्मीदवार तो इसकी के सहारे जीत की उम्मीद भी संजोए हुए हैं। पूर्व चुनाव में नजर दौड़ाई जाए तो चुनाव परिणाम जातिगत समीकरण के विपरीत आया था। वर्तमान चुनाव भी पिछले चुनाव की तरह जातिगत समीकरण को हांसिए पर रखेगा, इस पर भी कयासों का दौर जारी है। जानकारों का कहना है कि अधिवक्ता मतदाताओं की गिनती प्रबुद्धों में होती है। इस वजह से उन पर जातिगत समीकरण का असर कितना रहेगा यह तो भविष्य के गर्त में है।

# स्कॉर्पियो वाहन चोरी का हुआ खुलासा, 17 लाख का वाहन बरामद



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पांडे के नेतृत्व में थाना बहरी पुलिस द्वारा वाहन चोरी के एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए 17 लाख रुपये कीमत की चोरी गई स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया गया है। साथ ही तीन विधि विरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया गया है। 27 जुलाई को फरियादी रोहित कुमार शाह पिता रामजनम शाह निवासी रजमिलान थाना माड़ा जिला सिंगरौली द्वारा थाना बहरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी स्कार्पियो वाहन क्रमांक हीजे 12 एफएफ 1624 काला रंग को लेकर सिंगरौली से रीवा जा रहा था। यात्रा के दौरान पड़रिया जंगल एनएच 39 रोड पर वाहन खड़ा कर वह फ्रेश होने गया। वापस आने पर देखा कि वाहन में बैठे छह अज्ञात व्यक्ति उसकी स्कार्पियो लेकर मौके से फरार हो चुके थे। थाना बहरी में इस संबंध में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। उनके निर्देशन में त्वरित कार्रवाई हेतु दो टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा सतत प्रयास व तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से दिनांक 28 जुलाई को दोपहर 13:30 बजे चोरी गई स्कार्पियो वाहन कीमत लगभग 17,00,000 को बरामद कर लिया गया। इस मामले में तीन विधि विरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया गया है। वहीं चार अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## साईं ज्योति स्कूल में हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चुनाव संपन्न



जागरण, सीधी। साईं ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार सीधी में हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चुनाव आज चुनाव प्रभारी राज कुमार पटेल और प्राचार्य बृजेश तिवारी के द्वारा संपन्न करवाया गया। चुनाव के साक्षी स्कूल के एमडी नरेंद्र सिंह एवं डायरेक्टर ममता सिंह भी उपस्थित रहीं। हेड बॉय हेतु अनुराग शुक्ला एवं शौर्य सिंह सोमवंशी ने नॉमिनेशन भरा था वहीं हेड गर्ल हेतु आस्था सिंह चौहान, तनीषा सिंह सेंगर और नैंसी दुबे ने नॉमिनेशन भरा था। चुनाव में छात्र वोटिंग के आधार पर सबसे अधिक वोट अर्जित करने वाले को हेड बॉय एवं हेड गर्ल चुना गया। हेड बॉय में शौर्य सिंह सोमवंशी ने सबसे ज्यादा 345 वोट अर्जित किए और हेड गर्ल में आस्था सिंह चौहान ने सबसे ज्यादा 293 वोट अर्जित किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा हेड बॉय एवं हेड गर्ल को प्रमाण पत्र प्रदान कर सत्र 2025-26 हेतु कार्य भार सौंपा। चुनाव को सफल बनाने में सचिव सुधांशु सिंह, अकाउंटेंट विकास कुमार वर्मा, परीक्षा प्रभारी आकांक्षा सिंह, संदीप शुक्ला, प्रकाश सिंह, अरविंद द्विवेदी, केशव सर, कामिनी अग्रहरी, मांसी तिवारी, मुस्कान दुबे, प्रिया सिंह, शिवानी सिंह परमार, शिवानी सिंह चौहान, कविता पनिका, उर्मिला रानी, नेहा सिंह, आंचल सिंह एवं आकांक्षा तिवारी की अहम भूमिका रही।

## पत्रकार दया सिंह के पुत्र का निधन, शोक



जागरण, सेमरिया। सेमरिया क्षेत्र के पत्रकार दया सिंह के राकेश सिंह निवासी हस्तिनापुर 42 वर्ष का सोमवार को जिला चिकित्सालय सीधी में इलाज के दौरान निधन हो गया। कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। डॉक्टर ने सोमवार को दोपहर लगभग 3 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। दया सिंह के पुत्र के निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालों में संजय पाण्डेय, उपेन्द्र मिश्रा, दिनेश गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, रमेश तिवारी, श्रीकांत तिवारी, श्रवण मिश्रा, शैलेश तिवारी, अजय मिश्रा सहित सेमरिया क्षेत्र के विभिन्न लोगों ने शोक वित्त किए हैं।

## कोल्हूडीह में कलश यात्रा पौध वितरण




जागरण, सीधी। नवांकुर संस्था समग्र प्रगति सेवा संस्थान सीधी सेक्टर पटपरा द्वारा आदर्श ग्राम कोलुडीह में हरियाली अमावस्या से प्रारंभ होकर 30 जुलाई 2025 तक चलने वाले नव अंकुर सखी योजना के अंतर्गत कलश यात्रा पौधा वितरण का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य मनोज सिंह चौहान, कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया की उपस्थिति में 100 से ज्यादा मातृ शक्तियों को 1100 पौधे वितरण का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री की अनोखी पहल के अंतर्गत मातृ शक्तियों को पर्यावरण के साथ जोड़ने की अद्वितीय पहल है आओ पेड़ लगे हम पर्यावरण को बचाएं हम का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह परिहार द्वारा सभी अतिथियों स्वागत किया गया। ग्राम प्रस्फुटटन समिति के अध्यक्ष केशव सिंह चौहान द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सभी माता-बहनों और ग्राम वासियों की उपस्थिति विशेष रूप से रही।

## पुरानी गल्लामंडी में कचरा का लगा अंबार



जागरण, सीधी। शहर के पुरानी गल्ला मंडी के अंदर कचरा का अंबार लगा हुआ है। कई बार स्थानीय रहवासियों एवं व्यापारियों द्वारा कचरा हटाने के लिए नगर पालिका से फरियाद की गई फिर भी यहां से कचरा हटाने की आवश्यकता नहीं समझी जा रही है। गल्लामंडी के अंदर कचरा का भारी ढेर लगने के कारण मोहल्लेवासियों और व्यापारियों का जीना दूभर हो चुका है। तत्संबंध में स्थानीय रहवासियों का कहना था कि सीधी शहर में स्वच्छता अभियान चलाने का दावा किया जा रहा है फिर भी नगर पालिका अमले को पुरानी गल्ला मंडी के अंदर लगा कचरे का ढेर नजर नहीं आता।

## रामगढ़ में श्रमिकों को योजनाओं की दी गई जानकारी



जागरण, सीधी। आज भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी द्वारा ग्राम पंचायत रामगढ़ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने श्रमिकों एवं ग्रामीण जनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार श्रमिक वर्ग इन योजनाओं का लाभ उठा सकता है और आवेदन की प्रक्रिया क्या है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला मंत्री शंकर दयाल शुक्ला, जिन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि मजदूरों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और योजनाओं का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि किसी श्रमिक को योजना से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो संघ उनकी पूरी सहायता करेगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं भी साझा कीं। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं श्रमिक वर्ग को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

# खुलेआम शराबखोरी पर शिवसेना ने चलाया जागरुकता अभियान

## पुराने बस स्टैंड परिसर में शराब सेवन पर शिवसेना ने अपनाया सख्त रुख

जागरण, सीधी



शहर के पुराने बस स्टैंड परिसर में सार्वजनिक रूप से शराब का सेवन कर रहे लोगों पर शिवसेना ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार रात करीब 8 बजे शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विवेक पांडे अपनी टीम के साथ पुराने बस स्टैंड पहुंचे और वहां खुलेआम शराब पी रहे व्यक्तियों को फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दी। श्री पाण्डेय ने कहा कि बस स्टैंड यात्रियों के लिए सार्वजनिक स्थल है, जहां इस तरह का कृत्य बेहद शर्मनाक और अस्वीकार्य है। यह जगह यात्रियों के बैठने और आमजन की सुविधा के लिए बनी है, न कि शराबियों का अड्डा बनाने के लिए। रोजाना बड़ी संख्या में लोग यहाँ खुलेआम शराब पीते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और आमजन को भारी असुविधा होती है। उन्होंने कहा शिवसेना ने मौके पर मौजूद ठेले व विक्रेताओं को भी चेताया कि वे अपने ठेलों के पास इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा न दें, अन्यथा उन्हें भी विरोध झेलना पड़ेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह केवल चेतावनी है, अगली बार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री पाण्डेय ने यह भी घोषणा की कि शहर के बीचों बीच स्थापित शराब दुकानों और भट्टियों को लेकर शीघ्र ही एक बड़ा जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा शहर के अंदर मौजूद ये शराब भट्टियां आए दिन विवाद और सामाजिक समस्याओं का कारण बन रही हैं। हम जिला प्रशासन से मांग करेंगे कि इनका संचालन शहर से बाहर किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने इस मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो शिवसेना एक बड़े पैमाने पर मोर्चा खोलेगी। हम इस नशे के खिलाफ अपने संघर्ष को किसी भी हाल में थमने नहीं देंगे, श्री पाण्डेय ने दोहराया। प्रमुख रूप से अभियान उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला मंत्री आशीष मिश्रा, नगर सचिव अरविंद अवधिया, नगर सह सयोजक राजन मिश्रा, सजन कुमार सहित कई शिवसैनिक मौजूद रहे।

## चुरहट में सीवरेज टैंक में डूबने से 13 वर्षीय युवक की मौत



जागरण, सीधी। चुरहट नगर परिषद चुरहट अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक में एक दर्दनाक हादसा हुआ। जहां 13 वर्षीय युवक सुभाष साहू पिता मनबोध साहू की लैटरिंग टैंक में डूबने से मौत हो गई। घटना लगभग 3 बजे के आसपास की है, जब युवक घर से खेलने निकला था और अवध पैलेस के बगल में स्थित टैंक में गिर गया। जानकारी के अनुसार यह टैंक कन्हैया लाल गुप्ता पिता गजाधर प्रसाद गुप्ता की जमीन पर बना हुआ था और विगत 10 वर्षों से बिना ढक्कन के खुला हुआ पड़ा था। इस हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा के उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। टैंक का बिना ढक्कन के खुला होना एक बड़ा खतरा था, जो अब एक 13 वर्षीय युवक की जान ले चुका है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## जीडीसी के वनस्पति विभाग में पौधरोपण



जागरण, सीधी। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के वनस्पति विभाग में प्रायोगिक परीक्षा के उपरांत मुख्य अतिथि एवं बाह्य प्रायो. परीक्षक डॉ.आई.पी. प्रजापति प्राचार्य शास. महाविद्यालय मड़वास, प्रो. ओपी नामदेव प्राचार्य कन्या कॉलेज सीधी एवं बीएससी चतुर्थ वर्ष की छात्राओं के द्वारा नए भवन में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी छात्राओं को एक-एक पौधा लगाना चाहिए जिससे जैव विविधता की संतुलन बनी रहे। इस दौरान वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिलेश वर्मा, सह.प्राध्यापक डॉ.रावेन्द्र यादव, राजकुमार बैंस, ध्रुवराज वर्मा एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने मझौली पुलिस ने झोंकी ताकत

## गांव, मोहल्ले, कस्बे व शासकीय कार्यालय के साथ स्कूलों में पहुंच, कर रही स्पर्धा

जागरण, मझौली



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति प्रदेशव्यापी विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के परिपालन में जिले की सभी थानों एवं पुलिस चौकिया में पुलिस अधीक्षक डॉ. रवींद्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा अनु विभाग के पुलिस अनविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन तथा थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में सघन अभियान छेड़ा गया है। इसी कड़ी में मझौली पुलिस ने थाना प्रभारी विशाल शर्मा के नेतृत्व में अभियान को सफल बनाने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। जैसे-जैसे अभियान समाप्ति की तारिख नजदीक आती जा रही है मझौली पुलिस द्वारा अभियान को उतनी ही तेज गति दी जा रही है, जो थाना क्षेत्र के गांव, कस्बे, मोहल्ले, शासकीय कार्यालय के साथ स्कूलों में पहुंच छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न गतिविधियां एवं स्पर्धा आयोजित कर नशे की दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्रीय जनों, अधिकारियों-कर्मचारियों, छात्र शिक्षकों से अभियान में विशेष सहयोग प्रदान कर सफल बनाने के लिए अपील की जा रही है। अभियान के आज पंद्रहवें दिन 29 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को क्षेत्र के गांव, मोहल्ले, कस्बे में जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए नशा न करने तथा नशा करने वालों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए समाज को नशे से मुक्त करने की समझाइस देते हुए सहयोग करने के लिए आग्रह किया गया। साथ ही नशा न करने तथा नशा मुक्ति में विशेष सहयोग करने की शपथ दिलाई गई तो वही शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में पहुंच विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं स्पर्धाओं के जिसने निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली आदि शामिल है के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी को सफल बनाने में शासन प्रशासन का सहयोग कर जन समुदाय को नशे से मुक्त कर एक सुंदर, सुशोभित, सुसज्जित समाज का निर्माण करने छात्र-छात्राओं को समझाइश दी गई तथा शिक्षकों से अपील की गई है कि अभियान को सफल बनाने में शासन प्रशासन का अपना विशेष सहयोग प्रदान करें। टीम में एएसआई कमलेश त्रिपाठी, एएसआई अरुण सिंह, प्रआर शंकरराज सिंह परिहार, आरक्षक प्रभात सिंह चंदेल, आशुतोष मिश्रा आदि शामिल रहे।

## जनसुनवाई में सीईओ जिपं ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

जागरण, सीधी। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 117 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार

## पालिका व्यायाम शाला में हुआ दंगल का प्रदर्शन

## सपेरों के न आने से नाग देवता के नहीं हुए दर्शन

जागरण, सीधी



जिले भर में आज नागपंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। सावन मंगलवार को नागपंचमी का त्यौहार पडने के कारण शिव मंदिरों में भी श्रद्धालु सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिये पहुंचते रहे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागपंचमी पर गुरू आशिक पालिका व्यायाम शाला अमहा सीधी में अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा के मुख्य अतिथि एवं पार्षद कुमुदिनी सिंह , रिंकू मिश्रा, जय सिंह, रजनीश श्रीवास्तव , रामपाल बंसल के विशिष्ट आतिथ्य में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आरंभ में सभी अतिथियों ने पहलवानों की हौंसला आफजाई करते हुये जिलेवासियों को नागपंचमी की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। आयोजित दंगल में जिले के पहलवानों ने उत्साह के साथ अपनी पहलवानी के गुर एवं दांव.पेंच दिखाये। दंगल को देखकर उपस्थित जनसमूह में भारी उत्साह देखने को मिला। दंगल प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने सभी को नाग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए दंगल में आए पहलवानों की हौसला अफजाई की। मुख्य अतिथि द्वारा कुश्ती में जीत कर इनाम प्राप्त करने वालो, सेकंड आने वालों को बधाई दी वा आगे भी जिले का नाम रोशन करने को कहा । उपस्थित सभी अतिथियों ने भी नाग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी पहलवान का उत्साह वर्धन किया। दंगल के पश्चात विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। व्यायाम शाला अमहा सीधी मे आज आयोजित होने वाली प्रतियोगिता कार्यक्रम अध्यक्ष गुरु आशिक पालिका व्यायाम अमहा सीधी दिलावर अली खान उस्ताद , गुरु जुल्फकार अली खान ,गुरु आशिक पालिका व्यायाम शाला,सचिव रन शेर अली खान उर्फ बाबू भाई, गुरु आशिक पालिका व्यायाम शाला अमहा सीधी व उस्ताद,कोच मानिंद शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक सीधी, मोन शेर अली खान सहसचिव गुरु आशिक पालिका पालिका व्यायाम शाला के निर्देशन में संपन्न हुई। महागुरु स्व.आशिक अली खान जो कि सीधी शहर में कुश्ती के जन्म दाता हैं ।उनके बाद उनके बड़े पुत्र गुरु स्व. समशेर अली खान द्वारा सिखाया जाता था जिन्होंने नेशनल लेवल पर भी अपनी प्रतिभा दिखाई है । अब उनके छोटे भाई व उनके पुत्र इस परंपरा को निभाते है। देश के कोने कोने से पहलवान यहां दंगल में भाग लेने आते है। नेशनल लेवल की भी कुश्ती दंगल का आयोजन सीधी जिले में हुआ था।

### इन पहलवानों ने दिखाया जौहर

गुरु आशिक पालिका व्यायाम शाला अमहा सीधी में आज नागपंचमी के पावन अवसर पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में पहलवान बालमुकुन्द झांसी, राजेश चित्रकूट, बिल्ला राजस्थान, कृष्णा गोरखपुर, रामजी चित्रकूट, कमल आगरा, मुकेश मथुरा, जावेद बिहार, राजू बिहार, मोंटी बिहार, अल्लू वाराणसी, बंटू हरिद्वार, रेनू तिवारी झांसी, सौम्या लखनऊ, वैशाला प्रयागराज, मुस्कान वाराणसी, श्यामबिहारी भदौही के साथ ही स्थानीय पहलवानों ने दंगल में अपने आकर्षक दांव पेंच का प्रदर्शन करते हुये जौहर दिखाया।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में निकाली गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा



**जागरण गोहपारू।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेश को हरा भरा करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए नवांकुर सखी हरियाली यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी अभियान के माध्यम से गॉव गांव में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का सन्देश दिया जा रहा हैं। नवांकुर सखी अभियान के तहत ग्राम सिरोजा में हरियाली यात्रा निकाली गई तथा नवांकुर सखियों को पौध बीज और पौधे वितरित किये गए। जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर ने कहा कि पौधे को बड़ा करना एवं देखभाल करना हम सभी कि जिम्मेदारी है पेड़ पौधों से ही हम सभी का जीवन है इसलिए पर्यावरण को बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरोजा के सरपंच रामराज कोल ,पेशा जिला समन्वय पप्पू कोल विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल नवांकुर संस्था से डॉ.राज पांडे ,परामर्शदाता सतीश तिवारी ,प्रस्फुटन समिति के सदस्य एमएसडब्ल्यू के छात्र अनु प्रजापति ,राम लली सोनी ,सीता प्रजापति सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बाबा महाकाल की पालकी सवारी विशाल झंडा यात्रा में सनातनियों का कारवां

**जागरण, मंडला।** झंडा यात्रा एवं महाकाल सवारी समिति के द्वारा विशाल झंडा यात्रा एवं बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा महिष्मति घाट से निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए किला वार्ड स्थित व्यास नारायण मंदिर पहुंची जहां पर विधि विधान से झंडा की स्थापना करते हुए पूजन अर्चन किया गया। इस पालकी झंडा यात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र उज्जैन महाकाल के समरूप बाबा महाकाल की पालकी रही वहीं विशाल भगवा ध्वज के साथ शहनाई, सुप्रसिद्ध डीजे, आईप्रो एवं लाइट शो, जिले का सुप्रसिद्ध डीजे अत्तू एवं लाइट शो, सुप्रसिद्ध कृष्णा बैन्ड, साउंड सिस्टम, रियांश इवेंट के द्वारा विशेष इवेंट का शो प्रदर्शन किया गया और विभिन्न प्रकार की झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया सैकड़ों की संख्या में युवा जयकारे के साथ शोभायात्रा में दिखाई दिये। शोभायात्रा नेहरू स्मारक, स्टैंड बैंक, लालीपुर चौराहा, बस स्टैंड, चिलमन चौक, उदय चौक, राम मंदिर सराफा, बुधवारी चौक होते हुए व्यास नारायण मंदिर राजराजेश्वरी किले पहुंची जहां पर ध्वज स्थापना के साथ महाआरती की गई। बता दें कि इस बार बाबा महाकाल की सवारी में बैंड बाजे और भजन मंडलियों के साथ अलग अलग जनजाति के कलाकार भी



प्रस्तुति देते दिखाई दे रहे हैं। भोलेनाथ की भक्ति के साथ सवारी में इस बार लोक संस्कृति का रंग बढ़ चढक़र देखने को मिल रहा है। भस्मारती में बाबा का पंचामृत अभिषेक करने के बाद भांग, चंदन, सूखे मेवे और आभूषणों से महाकाल का राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। समूह के कलाकार नृत्यकर प्रस्तुति देते हुए निकले आकर्षण का केंद्र रही।

**युवराज ने धर्मप्रेमियों का मन मोह लिया :** सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं पचरा गीत गायक छत्तीसगढ़ पंडित युवराज पांडेय ने उदय चौंक में पचरा गीत गाकर धर्मप्रेमियों का मन मोह लिया यहां पर सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे जहां पर आचार्य युवराज पांडे का स्वागत किया गया। धर्म और आस्था की नगरी मंडला एक बार फिर भक्ति के रंग में रंग गई जैसे ही पंडित जी उदय चौक पहुंचे, वहां पहले से मौजूद श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। भव्य स्वागत के साथ उन्हें मंच तक लाया गया जहां चारों ओर भक्तिरस का अद्भुत माहौल दिखाई दिया। पंडित युवराज पांडेय ने मंच पर आते ही अपने मधुर स्वर में परंपरागत पचरा गीतों की प्रस्तुति दी जिसकी गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। गीतों में देवी-देवताओं की महिमा और लोकभक्ति की ऐसी छाप थी कि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कुछ श्रद्धालु तो भावावेश में झूमने भी लगे। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों, धर्मप्रेमियों और आयोजकों द्वारा पंडित युवराज पांडेय का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। आयोजकों ने उन्हें मंडला पधारने के लिए आभार जताया और कहा कि उनके आगमन से नगर का धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया है। कार्यक्रम के अंत में पंडित जी ने सभी श्रद्धालुओं को धार्मिक सद्भाव, भक्ति और संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं बल्कि श्रद्धा, भक्ति और लोकसंस्कृति के पुनर्जागरण का साक्षात प्रमाण बन गया।

**सनातनी युवाओं ने उठाया बीड़ा :** विगत पांच वर्षो से जिले के अनेक युवाओं के द्वारा हर वर्ष सावन मास में झंडा यात्रा एवं महाकाल पालकी सवारी का आयोजन किया जाता है। समिति में न कोई अध्यक्ष है और न कोई पदाधिकारी चंद युवाओं ने आज से पांच साल पहले बैठक की और बाबा महाकाल की सवारी निकालने का संकल्प लिया। समय के साथ कारवां बढ़ते गया और आज इस समिति में सैकड़ो युवा जुड़ चुकें हैं। झंडा यात्रा और बाबा महाकाल की पालकी यात्रा को लेकर महीनों तैयारियां चलती है। यह धार्मिक आयोजन अब शहर के प्रमुख धार्मिक आयोजन में शामिल हो गया है। उज्जैन बाबा महाकाल की तर्ज पर आयोजित इस महाकाल सवारी के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से धर्मप्रेमी नगर पहुंचते हैं।

**शेषनाग मंदिर में हुआ स्वागत :** झंडा यात्रा एवं महाकाल सवारी समिति के द्वारा विशाल झंडा यात्रा एवं बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा का जिला पंचायत के सामने हनुमान शेषनांग मंदिर में स्वागत किया गया भक्तों ने यहां पर पालकी में विराजमान बाबा महाकाल की पूजन करते हुये पुष्पवर्षा की। इस दौरान यहां पर जयकारे भी लगाये गये। इस दौरान बाबा महाकाल को 101 किलो की भोगी प्रसादी लगाकर भक्तों जनों को वितरण की गई। वहीं युवाओं ने भगवा ध्वज को मंदिर लाया गया जहां पर पूजन अर्चन करते हुए जयकारे लगाए गए।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में हुनर इनिशिएटिव कार्यक्रम प्रारंभ

**जागरण, पन्ना।** आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के निर्देशानुसार महिलाओं के कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में हुनर इनिशिएटिव कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पहल के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण एवं जरूरी संसाधन के साथ आत्मनिर्भरता के लिए उचित अवसर प्राप्त होगा, जिससे रोजगार प्राप्त करने के साथ परिवार और समुदाय में समृद्धि भी होगी। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नोडल अधिकारी वर्षा प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी हरगोविन्द कुर्मी एवं सहायक अंशुमान रेले एवं शायना परबीन द्वारा महिला प्रशिक्षणार्थियों को बिजनेस प्लानिंग, स्टॉर्ट अप के लिए वित्तीय आवश्यकता एवं बजट की जानकारी, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, कम्यूनिकेशन स्किल, पर्सनालटी डेवलपमेंट, जनरल एप्टीट्यूट एवं रीजनिंग, कम्प्यूटर टाइपिंग सहित डिजिटल स्किल एवं वेबसाइट डिजाइन इत्यादि से संबंधित महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। समय-समय पर बाहर से विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित कर प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4 से 5 बजे तक महाविद्यालय में होगा। इसमें अध्ययनरत छात्राओं सहित आम महिलाएं और संस्था से अन्यत्र कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण महिलाएं भी शामिल हो सकेंगी। इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए सीमित सीट उपलब्ध है। इच्छुक प्रतिभागी महाविद्यालय कार्यालय के कम्प्यूटर ब्रांच में संपर्क कर सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक अपना पंजीयन करा सकती हैं।

# एक पेड़ मां के नामअभियान के तहत डाइट पन्ना में हुआ पौधरोपण



**जागरण, पन्ना।** पन्ना में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत, मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने एक सराहनीय पहल की है।डाइट पन्ना में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्राभाजपा जिला मंत्री पार्षद श्रीमती कविता चाणक्य रैकवार पार्षद श्रीमती राजकुमारी लोधी जी राकेश चौबे जग्गू कुशवाहा डाइट पन्ना के शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे व अधिकारी कर्मचारी गण आदि शामिल थे उन्होंने डाइट पन्ना संघमित्र और छात्राओं के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक पौधे लगाए। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य लोगों को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल के माध्यम से बृजेंद्र मिश्रा ने न केवल पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई, बल्कि छात्र छात्राओं को भी प्रकृति से जुड़ने और उसकी महत्ता समझने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और उम्मीद है कि यह अन्य संगठनों और व्यक्तियों को भी ऐसे नेक कार्यों के लिए प्रेरित करेगा।

# जनपद पंचायत पवई में पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

## उद्यान विकास अधिकारी पवई और भाजपा मंडल अध्यक्ष हुए शामिल

**जागरण, पन्ना।** देश के प्रधानमंत्री के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को शुरुआत की थी,जिसका उद्देश्य हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माता के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इसी कार्यक्रम के तहत पवई जनपद में उद्यानिकी विभाग के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष निधि पटैरिया मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार उद्यान विकास अधिकारी आईडी अहिरवार,राम पाल तिवारी भूरे सिंह अजीविका मिशन और पत्रकारो ने शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम लगाया उद्यानकी विकास अधिकारी ने बताया कि अच्छे कार्य की शुरुआत वृक्षारोपण से ही होती है सभी को एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाना है।




# ज्वेलरी शॉप का बेखौफ चोरों ने चटकाया ताला



**त्योंथर ब्यूरो ।** चाकघाट थाना क्षेत्र के बघेड़ी में हौसले बुलंद चोरों ने ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया है। घटना रविवार सोमवार के दरमियानी रात की है। दुकान संचालक लवकुश सोनी पिता चंद्रशेखर सोनी के अनुसार घटनाक्रम में लाखों रुपए कीमती चांदी के सामान चोरी हुए हैं। जिसमें चांदी की कटोरी, गिलास, चम्मच, थाली, पानदानी सहित अन्य सामान शामिल है। घटना के पश्चात आसपास के लोगों में भय का वातावरण है और कानून व्यवस्था को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया जा रहा है। संवाददाता को बताया गया पिछले कुछ दिनों में आसपास कई चोरी की वारदात हुईं हैं। फिलहाल अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस को सूचना दे दिया गया।

# भैरवनाथ मंदिर को टूरिस्ट हब बनाने रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में शामिल दलों का हुआ भ्रमण



**गुढ़ ( नि.प्र )।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक व आस्था से परिपूर्ण श्री भैरवनाथ मंदिर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। विभिन्न राज्यों से आए टूरिज्म इन्वेस्टर्स के प्रतिनिधिमंडल ने भैरवनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अतिथियों को श्री भैरवनाथ जी के इतिहास, धार्मिक महत्व और क्षेत्रीय आस्था के केंद्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी अतिथि श्री भैरवनाथ जी की पूजा-अर्चना कर भावविभोर हुए। भ्रमण के दौरान अतिथि मंदिर परिसर की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली, स्वच्छ वातावरण और शांत आध्यात्मिक अनुभूति से प्रभावित दिखे। सभी ने इस स्थल को भव्य पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया और शीघ्र ही ठोस पहल के संकेत दिए। इस अवसर पर नगर परिषद गुढ़ की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के एन सिंह, हाउसिंग बोर्ड के सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता के.टी. निवास मिश्रा, डॉ.भृगुनाथ पांडेय, भाजपा नेता बी.के. पांडेय सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने गुलाब के फूलों से अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर परिषद गुढ़ के समस्त स्टाफ और वन विभाग के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## क्षतिग्रस्त पुल के कारण नवीन वैकल्पिक मार्ग से प्रदान की यातायात की अनुमति



**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम लिमिटेड सागर के प्रतिवेदन पर व्यारमा नदी पर स्थित पुल के निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से यातायात बंद कर वैकल्पिक मार्ग से यातायात संचालित रखने की अनुमति प्रदान की है। अब पन्ना-सिमरिया-गैसाबाद-हटा-दमोह मार्ग के स्थान पर चार नवीन वैकल्पिक मार्ग से आवागमन किया जा सकेगा। इन वैकल्पिक मार्गों में सिमरिया-जैतपुर-वर्धा-मड़ियादो-हटा मार्ग, सिमरिया-मोहन्द्रा-माढवा-बंधा-रनेह-हटा मार्ग तथा सिमरिया-जैतपुर-वर्धा-दादपुर- कचनारी-हिनौता-हटा मार्ग छोटे वाहनों के लिए उपयुक्त मार्ग है। इसी तरह भारी वाहनों के लिए (सिमरिया से दमोह एवं दमोह से सिमरिया जाने हेतु) सिमरिया-मोहन्द्रा-कोटा-कुंडलपुर-पटेरा-हटा मार्ग उपयुक्त है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## गुमशुदा की तलाश



श्री कमलभान सिंह, उम्र 80 वर्ष दिनांक– 24 जुलाई 2025 गुरुवार को सुबह से इंद्रा नगर वार्ड क्रमांक 12, के पास स्थित घर से लापता हैं, इनकी याददास्त कमजोर है जिस किसी भी व्यक्ति को दिखाई दे तो कृपया इस नंबर पर सुचित कर मदद करें।

**फोन नंबर- 9752065131 (तेज प्रताप सिंह), 8349780213 (धीरिंद्र प्रताप सिंह भैया), 9406912003 (अनुज प्रताप सिंह)**

RN-82730

## विकासखण्ड और ग्राम स्तर के कार्यालय नियमित संचालित करें : कलेक्टर

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि विकासखण्ड स्तर और ग्राम स्तर के कार्यालय नियमित संचालित करें। इनमें पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यालय संचालित करें। सभी जिला स्तरीय अधिकारी विकासखण्ड तथा ग्राम स्तर पर संचालित उनके अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम तथा मोबाइल नम्बर निर्धारित कार्यालय के सूचना पटल पर अंकित कराएं। सीएफटी केन्द्र, ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र तथा अन्य कार्यालयों में भी पदस्थ कर्मचारियों के नाम उल्लेखित करें। एक सप्ताह में फोटो सहित इसका प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें। मैदानी कर्मचारियों की जिला अथवा विकासखण्ड स्तर पर सप्ताह में केवल एक दिन ही बैठक आयोजित करें जिससे ग्राम स्तरीय कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय कार्य कर सकें।

## अतिक्रमणकारियों ने रोका सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कार्य : आरोप

**सोहागी, नि.प्र.।** म. प्र. शासन की शिक्षा के क्षेत्र में बहुआयामी योजना के तहत बनाई जा रही सांदीपनि विद्यालय त्योंथर का निर्माणाधीन भवन अतिक्रमण का शिकार होने के आरोप लगे हैं। लोगों ने संवाददाता को बताया कि उत्कृष्ट उच्च. माध्य. विद्यालय बालक त्योंथर के नाम पर पर्याप्त भूखण्ड उपलब्ध है, जिसमें विद्यालय भवन, ऑडिटोरियम, स्वीमिंग पूल, साइकिल, स्टैंड, सड़क, गार्ड रूम, टीचर रूम, छात्रावास, फायर ब्रिगेड स्टैंड जैसी चीजें जो की सांदीपनि विद्यालय की निर्माण प्रक्रिया के तहत बनाई जानी हैं।

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की योग्यता 10th, 12th से ग्रेजुएशन मान्य है। सैलरी 5.000 कमीशन के साथ 10,000 से 15,000 महीना कमाएँ।

**पता :** सिविल लाईन राजेन्द्र नगर, गली नं.-2 सतना (म.प्र.)
मो.:9109962545, 6265806126
आर.-82693(1/8)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## मकान किराए से देना है

मकान किराए से देना है 2 रूम लेट्रिन बाथरूम अटैच आनंदनगर केरला पब्लिक स्कूल के पास में देना है।
**सम्पर्क करें:-** 8085307703
(31/07)

## मांग सूचना

मेरे पक्षकार राहुल सिंह तनय रामाधार सिंह निवासी ग्राम पो.-खैरा थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.) से ली गई उधार राशि 200000/- रूपये भुगतान बावत आप अमर सिंह तनय जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पो. खैरा थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा अपने ESAF BANK शाखा रीवा (म.प्र.) के खाता संख्या - 53240001005314 के चेक क्रमांक 000002 दिनाक 28.04.2025 जो दिनांक 29.04.2025 को अपर्याप्त राशि के कारण अनादरित हो गया जिसके संबंध में नोटिस भेजने पर आपके द्वारा जानबूझकर प्राप्त नहीं की गई, इसलिए इस मांग सूचना प्रकाशन के द्वारा आपको आगाह किया जता है कि प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के अंदर मेरे पक्षकार द्वारा उधार ली गई राशि का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर लें, अवधि समाप्त होने पर आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वैद्यानिक कार्यवाही की जायेगी जिसके संपूर्ण जवाबदारी आप स्वयं होंगे। मेरे पक्षकार द्वारा अधिकृत के आधार पर मेरे द्वारा यह विधिक नोटिस मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है।

भवदीय
भनु प्रताप सिंह बघेल
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय
रीवा (म.प्र.)
RN-82695 मो.: 9713862445

## पश्चिम मध्य रेल

सहायक वाणिज्य विभाग
संख्या - JBP/C/NFR/E-Tender/25 Date 25-07-2025

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आंमंत्रित करता है। **Sr. No. 1-** Category - NFR E-Auction, **Tender Notice No. & Date** -MSS-JBP-KTE-MedStn-19-24-1,**Assets Details** -कटनी स्टेशन पर मेडीकल फैसिलिटी किओस्क के अनुबंध से संबधित प्रस्ताव।,**Tender Start DateTime** -07-08-25 10:00, **Tender End Time**- 07-08-25 10:30, **Sr. No.** 2- Category - NFR E-Auction, **Tender Notice No. & Date**- ADVT-JBP-JBP-OH-139-25-1 (Advertising-Out of Home), **Assets Details**- जबलपुर, मदनमहल एवं सिहोरा रोड स्टेशनों पर यूनिपोल एवं होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन अनुबंध। **Tender Start Time** - 11-08-25 10:00, **Tende End Time**- 11-08-25 10:30, **Sr. No.** 3- Cate gory- NFR E-Tender,**Tender Notice No. & Date**- JBP-C-NFR-Green Area-JBP-(OP-IN-TV-IP), **Assets Details** - जबलपुर,रीवा,सतना एवं कटनी स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में ग्रीन बेल्ट के विकास से संबंधित कार्य।,**Tender Start Time**-11-08-25 10:00, **Tender End Time**- 12-08-25 15:00, **Sr. No.** 4- Cate gory- NFR E-Tender, **Tender Notice No. & Date**- JBP-C-NFR- Waitingsheds-J (OP-IN-TV-IP), **Assets Details**-जबलपुर, मदनमहल, रीवा, सतना, कटनी एवं कटनी.मुड़वारा स्टेशनों के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में प्रतीक्षालय (वेटिंग शेड) (20 X 7=140 वर्गफुट) के निर्माण कार्य का अनुबंध।, **Tender Start Time**-11-08-25 10:00, **Tender End Time**-13-08-25 15:00:00, **Sr. No.** 5- Cate gory- NFR E-Tender, **Tender Notice No. & Date**- JBP-C-JBP-FOODVAN-25 (OP-IN-TV-IP), **Assets Details**- जबलपुर स्टेशन परिसर में पार्सल कार्यालय के पास फूड वैन के निर्माण, अनुरक्षण एवं संचालन हेतु अनुबंध।, **Tender Start Time**-11-08-25 10:00, **Tender End Time**-13-08-25 15:00,सभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखे। लॉट-वार विवरण उपयुक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। (हस्ता.)

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-मऊगंज (म.प्र.)

sunit.rajpoot@mp.gov.in

क्रमांक/392/खनिज/2025 मऊगंज/दिनांक 04/07/2025

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक भावना पांडेय पुत्री श्री एल.डी. पांडेय, जे410 ब्लॉक, जे आरोग्यम ग्रुप, हाउसिंग प्रोजेक्ट बघेरी राजपूताना, रुढ़की, हरिद्वार, (उत्तराखंड), हाल मुकाम-हिम्मतपुर, मोटाहाल्दु, सुनवालपुर, पोस्ट-गोरा पड़ाव, हल्दवानी, नैनीताल, उत्तराखंड द्वारा उत्खनि पट्टा (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 02/07/2025 को प्रस्तुत किया गया है। तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | पिपराही | 232/3/1 | 10.000 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियासत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा)
जिला मऊगंज (म.प्र.)

G-16460/25

# कलेक्टर की उपस्थिति में लवकुशनगर जनपद कार्यालय में जनसुनवाई हुई सम्पन्न

## जिला कलेक्टर ने सभी विभागों से संबंधित 274 आवेदनों पर सुनवाई कर निराकरण के निर्देश दिए



**जागरण, लवकुशनगर ।** जिला प्रशासन का नवाचार, दूसरी बार अनुभाग स्तर पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने 29 जुलाई 2025 मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जनपद कार्यालय लवकुशनगर में किया। अनुविभाग अंतर्गत सभी गांव में सरपंच, सचिव के द्वारा मुनादी कर इसकी जानकारी भी दी गई। जिला प्रशासन का यह नवाचार आमजन की सुविधा के दृष्टिगत शुरू किया गया है। इस नवाचार से लोग उत्साहित और खुश नजर आए।

लवकुश नगर में जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल जिला सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 274 शिकायती आवेदनों की सुनवाई की गई। इस दौरान एसडीएम राकेश शुक्ला, सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 155 आवेदन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 35, विद्युत विभाग के 11, पुलिस विभाग के 15 और खाद्यान्न , कृषि, पशु चिकित्सा के 05 तथा शिक्षा विभाग के 27 वन विभाग 10 के और नगर परिषद के 04 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का अवलोकन कर जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जनपद परिसर में कलेक्टर एवं जिला सीईओ के द्वारा वृक्षारोपण भी किया जिसमें जनसुनवाई के दौरान कई अजीबो गरीब मामले सामने आए जहाँ पहला मामला क्षेत्रीय भीम आर्मी के द्वारा सैकड़ो कि तादाद में पहुंचकर दंडवत कर ज्ञापन प्रदर्शन किया गया एवं छतरपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

दूसरा मामला लवकुश नगर जिला बनाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं के द्वारा जिला बनाने की मांग के आवेदनो की माला पहनकर आवेदन दिया। तीसरा मामला ग्राम पंचायत बछौंन का है जहां एक जीवित व्यक्ति को कागजों में मृत घोषित कर दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर गलत तरीके से भूमि का अर्जन करने के आरोप लगे। उसके बाद कलेक्टर पार्थ जायसवाल एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार ने नगर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल माता बंबैर बैनी में चल रहे रोड एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। तो वही जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार ने जनपद कार्यालय में समीक्षा बैठक की जिसमें नरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन के जैसे तमाम कार्यों के विषय में चर्चा कि जिसमें सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक सहित जनपद के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर हुआ पौधरोपण

**खजुराहो ।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर खजुराहो के ऐतिहासिक दूल्हादेव मंदिर प्रांगण में परिवर्तन एनजीओ ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन सांसद वी.डी. शर्मा के आह्वान, मतंगेश्वर सेवा समिति और दद्दाजी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पं. सुधीर शर्मा के निर्देशन तथा नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आयुरग्राम में 108 पौधों के रोपण से हुई, जिसके बाद चौड़ाखेरे, प्रेमसागर तालाब के काली माता मंदिर, और मतंगेश्वर मंदिर प्रांगण में भी वृक्षारोपण किया गया। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग, जैव विविधता संरक्षण, और पारिस्थितिक संतुलन के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अभियान ने जनसहभागिता के साथ इस सोच को साकार किया। परिवर्तन एनजीओ के राकेश राजोरिया, रविंद्र पाठक, अभिजीत ओस्माण्ड, कृष्णा प्रसाद (केरल), राज रैकवार, सोनू रजक, और लक्ष्मण कुशवाहा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्रीन आर्मी के देवेंद्र चतुर्वेदी, होटल एसोसिएशन के अविनाश तिवारी, और एसआईएस के अखिलेश शुक्ला ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह अभियान खजुराहो में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुआ, और भविष्य में भी इसे जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# एसडीएम ने छात्रावासों का औचक निरीक्षण लापरवाह जिम्मेदारों को नोटिस जारी किया



**जागरण, मंडला ।** अनुविभागीय दंडाधिकारी नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर द्वारा विकासखंड नैनपुर अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावासों तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों, अध्यापन कार्य की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। मेधावी विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर उनके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्रयास कर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट एवं जेईई जैसी परीक्षाओं हेतु अपेक्षित उच्च स्तर की तैयारी कराने के प्रयास करने के निर्देश विद्यालय प्रशासन को दिए। इसके अतिरिक्त विद्यालय भवनों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने संस्था प्रमुख को निर्देशित किया कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों में किसी भी प्रकार की कक्षाओं का संचालन न किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण उपरांत एसडीएम ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्या श्रीमती सुषमा मिश्रा के साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रावास में निवासरत बालिकाओं से भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा, औषधि उपलब्धता एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं एवं लापरवाही के संबंध में संबंधितों को नोटिस जारी करने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सुभाष चतुर्वेदी को निर्देश प्रदान किए गए।

# महावीर मंदिर में लगे मंदिर बचाओ-कब्र हटाओ के बैनर

**छतरपुर ।** शहर के श्री मोटे के महावीर मंदिर परिसर में संत शरीर आश्रम के प्रमुख कमलेश गुप्ता उर्फ कमलेश बब्बा जू की मृत्यु के बाद उनकी देह को दफनाए जाने से शुरू हुआ विवाद अभी थम नहीं है। मंदिर समिति और भक्तों द्वारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में मंदिर समिति और भक्तों ने समाधी को धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताते हुए मंदिर परिसर में मंदिर बचाओ-कब्र हटाओ और कब्र से लौटकर मंदिर में प्रवेश वर्जित लिखे होर्डिंग लगवाए हैं। मंदिर समिति का आरोप है कि यह केवल संपत्ति हड़पने का षड्यंत्र है, और कुछ नहीं।

**यह है मामला :** उल्लेखनीय है कि श्री मोटे के महावीर मंदिर परिसर में स्थित संत शरीर आश्रम के प्रमुख कमलेश गुप्ता, जिन्हें कमलेश बब्बा जू के नाम से जाना जाता था, उनका बीते दिनों निधन हो गया था। निधन के बाद उनकी देह को आश्रम में ही संत शरीर महाराज की समाधी के पास दफनाया गया था और इसे उनकी अंतिम इच्छा बताया गया। श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति और भक्त शुरुआत से ही इस समाधी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह समाधि धार्मिक परंपराओं और मंदिर की पवित्रता के खिलाफ है। मंदिर समिति ने पहले दिन ही कमलेश गुप्ता की देह को दफनाए जाने पर रोक लगाने और समाधि निर्माण न करने की मांग की थी। इसके लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन मांगों को दरकिनार कर देह को आश्रम परिसर में ही दफना दिया गया। इस घटना के बाद से मंदिर समिति और भक्तों का विरोध और तेज हो गया है। समिति ने मंदिर परिसर में होर्डिंग्स लगवाए, जिनमें मंदिर बचाओ-कब्र हटाओ और कब्र से लौटकर मंदिर में प्रवेश वर्जित लिखा है।

# जनसुनवाई में आए 71 आवेदन



**जागरण, मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिए। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने वीसी के माध्यम से भी अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। मंगलवार को सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 71 आवेदन आये। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम और अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी और समय-सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में पेंशन, वाद-विवाद, पीएम आवास योजना के तहत लेबर भुगतान आदि से सम्बंधित आवेदन किए गए।

# कलेक्टर ने किया बालक एवं बालिका छात्रावास के भूमिपूजन शिलापट का अनावरण

## विद्यार्थियों को मिलेगी आवासीय सुविधा

**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निवास विकासखंड के ग्राम हाथीतारा में सांदीपनि विद्यालय के प्रांगण में बालक एवं बालिका छात्रावास भवनों के निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम जनमन अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रसारण के बीच सांदीपनि विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन शिलापट का अनावरण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, जनपद पंचायत निवास की अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत निवास श्री घनश्याम सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष नगर परिषद निवास श्री बसंत चौधरी, एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा, एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता, डीईओ श्रीमती मुन्नी वरकड़े, जनपद सीईओ श्रद्धा सोनी सहित अन्य गणमान्यजन, विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे इस दौरान भवन निर्माण अभिकरण के डीजीएम ने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए, बताया कि यह छात्रावास पीएम जनमन योजना अन्तर्गत स्वीकृत हुआ है। ग्राम हाथीतारा में बालक एवं बालिकाओं के लिए 50-50 सीटर की क्षमता के दो छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य किया जाना है। यह कार्य निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय के भवन निर्माण के साथ ही शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह दोनों छात्रावास 15 माह के भीतर एवं सांदीपनि विद्यालय का यह भवन दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कुलस्ते ने कहा कि हाथीतारा में विद्यार्थियों की शिक्षा की सुविधा की दृष्टि से यह निर्माण बहुत उपयोगी होगा। केंद्र और प्रदेश की सरकार मिलकर शिक्षा की बेहतरी के लिए भरसक प्रयास कर रहे है। इन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं कैसे मिले ? इसकी चिंता करते हैं। इसी का परिणाम है कि हर विकासखंड में उत्तम सुविधाओं से युक्त सांदीपनि विद्यालय और हॉस्टल बनाये जा रहे हैं। अब विद्यार्थियों को छात्रावास में रहकर सुगमता से शिक्षा ग्रहण करने में मदद होगी। घर से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण करना अब आसान हो जायेगा। शहरों में दी जाने वाली शिक्षा एवं सुविधाएं अब ग्रामीण अंचलों में भी विद्यार्थियों को भी मिलने लगेगी। यह विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# 300 वर्ष पुराने अखाड़े में नाग पंचमी पर हुआ भव्य दंगल



## पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच, प्रतियोगियों को पुरस्कृत कर बांटा गया प्रसाद

**जागरण, छतरपुर ।** शहर के हनुमान टौरिया मंदिर पर स्थित लगभग 300 वर्ष पुराने अखाड़े में मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर परंपरागत दंगल का आयोजन हुआ। पिछले 65 वर्षों से चली आ रही इस आयोजन की परंपरा को इस बार भी भव्य रूप से निभाया गया। आयोजन की शुरुआत मंदिर के मुख्य पुजारी राजू महाराज ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ की। इसके बाद पहलवानों ने अखाड़े की मिट्टी को कुश्ती के लिए तैयार किया। हनुमान टौरिया समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पुजारी ने सभी पहलवानों का तिलक कर उनका स्वागत किया। कुश्ती की शुरुआत स्वामी पटवा पहलवान, जो कई जिलों में अखाड़े का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने दोनों पहलवानों को अखाड़े में उतारकर की। छोटे और बड़े पहलवानों ने दमदार दांव-पेच दिखाते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दर्शकों का मनोरंजन किया। कुश्ती प्रतियोगिता में छोटे पहलवानों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। आयोजन के अंत में सभी दर्शकों को प्रसाद वितरित किया गया, जिससे माहौल और भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर लालजी पाटकर, स्वामी पहलवान, मनीष वर्मा, शरमन कुशवाहा, वीरू पहलवान, बांके पहलवान, सोनू सरावगी, मनोज समारी, गोपाल सोनी, पप्पू माली, संतोष नामदेव, लल्लन घोस, अर्जुन पाटकर सहित कई प्रतिभागी और दर्शक मौजूद रहे।

# सातवां स्थापना दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया

**छतरपुर ।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय का सातवां स्थापना दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया सर्वप्रथम विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा प्रातः काल भक्तिमय सुन्दर काण्ड पाठ का गायन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.पी. द्विवेदी, सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर, विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलगुरु डॉ अमित जैन, उपकुलगुरु डॉ गिरीश त्रिपाठी एवं कुलसचिव डॉ दिगंत द्विवेदी ने माँ सरस्वती की एवं प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय बलवीर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के बाद स्वागत भाषण में मानव संसाधन प्रमुख डॉ शिवेंद्र सिंह परमार ने मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय का परिचय प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के उपकुलगुरू डॉ गिरीश त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें विश्वविद्यालय के विगत वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में बताया गया। प्रतिवेदन के अनुसार पिछले वर्ष विश्वविद्यालय के प्रवेश, परीक्षा परिणाम में प्रशंसनीय वृद्धि हुई है। इस वर्ष 1700 से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हुये तथा दो विश्वस्तरीय आंतरिक विश्वविद्यालयों से अनुबंध भी स्थापित हुये हैं। शोध के क्षेत्र में नवाचार करने भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता को समझने के उद्देश्य से राष्ट्रीय संगोष्ठी, कार्यशाला व वेविनार का आयोजन किया गया।

# जर्जर विद्यालय भवन का छज्जा ढहा, बड़ी दुर्घटना टली



**जागरण, डिंडोरी।** आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में शिक्षा के मंदिरों की जर्जर दीवारें और गिरती छतें अब जानलेवा बनती जा रही हैं। जिले के बजाग विकासखंड अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सिंगारसत्ती में आज सुबह एक बड़ा हादसा टल गया जब विद्यालय के बरामदे का हिस्सा भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि घटना उस समय हुई जब स्कूल शुरू नहीं हुआ था, अन्यथा 100 से अधिक बच्चों की जान पर बन आती।स्थानीय ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि स्कूल भवन की स्थिति लंबे समय से जर्जर है, जिसकी सूचना कई बार जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि यह हादसा बच्चों की मौजूदगी में होता तो जिम्मेदारी कौन लेता? जिले में 500 से अधिक शासकीय विद्यालयों के भवन जर्जर अवस्था में हैं, जहां कई स्थानों पर छतों से पानी टपकता है, दीवारों में दरारें हैं और कई स्कूलों में तो प्लास्टिक की तिरपाल डालकर पढ़ाई कराई जा रही है। शिक्षा विभाग ने कुछ भवनों को डिस्मेंटल (ध्वस्त करने) के लिए प्रस्तावित जरूर किया है, लेकिन कार्यवाही की रफ्तार बेहद धीमी है।वहीं इस घटना को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लोकेश पटेरिया ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार पर सीधे-सीधे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि हर वर्ष करोड़ों रुपये मरम्मत कार्य के लिए आते हैं, फिर भी स्कूल भवन सुधरते क्यों नहीं? आखिर ये पैसा कहां खर्च हो रहा है?

**इनका कहना है :** हमने पहले भी भवन की जर्जर हालत की रिपोर्ट भेजी है, लेकिन स्वीकृति नहीं आई। सौभाग्य से आज कोई हताहत नहीं हुआ।
**ब्रजभान गौतम, बीआरसी बजाग**

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने गई खनिज और पुलिस टीम को माफियाओं ने घेरा

## हालात बिगड़ते देख टीम ने छोड़ दिए जब्त वाहन, उठे सवाल..?

**छतरपुर ।** जिले में रेत माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी वानगी सोमवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन में देखने को मिली। दरअसल दोपहर के वक्त खनिज विभाग और पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम दालौन गांव के समीप हो रहे रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंची थी लेकिन जब टीम यहां से वाहन जप्त कर थाने ले जाने लगी तो माफियाओं और उनके गुर्गों ने टीम को गांव में घेर लिया। मौके पर जब हालात बिगड़ते दिखे तो टीम ने सभी जप्त वाहनों को उनके मालिकों के हवाले कर दिया, जिससे प्रशासनिक अमले की जमकर किरकिरी हो रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन के समीप रेत का अवैध उत्खनन किए जाने की शिकायत खनिज विभाग को मिली थी, जिस पर कार्रवाई करने के लिए खनिज निरीक्षक अशोक द्विवेदी विभागीय टीम और सिविल लाइन थाने का पुलिस बल लेकर दालौन गांव पहुंचे। माइनिंग इंस्पेक्टर प्रभा शर्मा के मुताबिक मौके पर टीम को करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली मिले, जिन्हें जप्त कर लिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं कार्रवाई करने पहंची टीम, जप्त वाहनों को थाने ले जाने की तैयारी करने लगी लेकिन वाहन थाने तक पहुंचते इससे पहले ही रेत माफियाओं और उनके गुर्गों ने पूरी टीम को दालौन गांव में घेर लिया। जब टीम ने स्थिति बिगड़ते देखी तो सभी जप्त वाहनों को उनके द्वारा गांव में ही वाहन मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। अब यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग खनिज और पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पवित्र क्षेत्र मां बम्बरबेनी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को लवकुशनगर में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां बम्बरबेनी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए एवं विधिवत पूजा-अर्चना की और जिलेवासियों की मंगलकामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसडीएम राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने भी पूजा अर्चना की।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा म.प्र. सरकार द्वारा इस दिव्य स्थान को पवित्र क्षेत्र घोषित किया गया है। इस निर्णय से मंदिर की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व को एक नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का संगम भी है। यहां पर हर वर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। उन्होंने मंदिर क्षेत्र की स्वच्छता, सुरक्षा एवं बेहतर प्रबंधन की सराहना करते हुए और भी सुधार के आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही यहां के विकास के क्षेत्र में हर सम्भव प्रयास करने की बात कही।

# खेलो भारत, नशा छोड़ो, डिण्डौरी में नशा मुक्ति के लिए चला जनजागरुकता अभियान



**जागरण, डिंडोरी ।** जिले भर में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं खेल आयोजनों के माध्यम से नशे के विरुद्ध व्यापक संदेश दिया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। रक्षित केन्द्र डिण्डौरी में नशा मुक्ति अभियान के तहत बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी डिण्डौरी श्री सतीष द्विवेदी, प्रभारी रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह, तथा खेल विभाग से श्रीमती आरती सौंधिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में पुलिस लाइन की टीम, कलेक्ट्रेट कार्यालय की टीम, एसएफ टीम एवं उत्कृष्ट विद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया। खेल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया ङ्क नशा न करें, खेल खेलें और स्वस्थ रहें। इसके साथ ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी नशा मुक्ति से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थाना करंजिया अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। चौकी विक्रमपुर के शासकीय हाई स्कूल नुनखान में भी नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौकी अमरपुर के ग्राम बिलासर में आयोजित अभियान में गांव के युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया एवं सामूहिक रूप से नशा त्यागने की शपथ दिलाई गई। थाना शाहपुरा में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाहपुरा के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से नशे के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्प्रभावों को दर्शाया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले भर में चल रहे इन कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। इस दिशा में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई



**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त श्री राजेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की समस्याएं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी रहीं जिनमें पेयजल निकासी, भवन निर्माण की स्वीकृति, अतिक्रमण हटाने एवं रास्ता निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। ग्राम केवलारी से ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला भवन केवलारी के सामने से बरसात के पानी की निकासी नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पानी का निकास अवरुद्ध होने के कारण भवन के सामने कीचड़ फैल गया है जिससे आम जन को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान हेतु पानी निकासी के कार्य को प्राथमिकता देने की मांग की। ग्राम टिकरिया के मोहन सिंह मरावी ने प्राथमिक शाला टिकरिया में जर्जर भवन को लेकर निर्माण स्वीकृति की मांग की। उन्होंने बताया कि भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामसभा द्वारा कई बार प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्राम भैंसलगान, खुथमान टोला के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने के मामले में कार्रवाई की मांग की। आवेदन में बताया गया कि वर्षों पूर्व पंचायत द्वारा निर्मित रास्ते पर अतिक्रमण कर रास्ता संकरा कर दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। ग्राम पंचायत मानिकपुर के 12 परिवारों ने निवास हेतु मद चरसनोई भूमि को आबादी में परिवर्तित करने की माँग की। उन्होंने बताया कि वे वर्षों से इस भूमि पर निवासरत हैं लेकिन अन्य किसी स्थान पर उनके पास आवास हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# शिक्षा व्यवस्था की नाकामी है छात्रों की आत्महत्या

निस्संदेह, किसी छात्र की आत्महत्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की संस्थागत विफलता ही है। यदि शिक्षा व्यवस्था सतर्क-संवेदनशील रहे तो इन संभावनाओं को असमय काल-कवलित होने से बचा सकते हैं। आंध्रप्रदेश की एक 17 वर्षीय नीट छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर मार्गदर्शक टिप्पणियां की हैं। छात्रों का जीवन बचाने हेतु इस सुप्रीम गाइडलाइंस में पीठ ने देशभर के स्कूल, कालेजों और कोचिंग संस्थानों के लिये गाइडलाइंस जारी की। दरअसल, न्यायाधीश वर्ष 2022 के लिए एनसीआरबी की उस रिपोर्ट से व्यथित थे, जिसमें दर्शाया गया कि इस साल आत्महत्या करने वाले 1,70,924 लोगों में 13,044 छात्र भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का मकसद जानकारी देना ही नहीं है, इसका उद्देश्य जीवन जीने की कला सिखाना भी है। शिक्षण संस्थाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकताएं बनाएं। निस्संदेह, शिक्षा का मकसद छात्रों का बौद्धिक, भावनात्मक, नैतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति होना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य, अनुच्छेद 21 के तहत मिले जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है। शिक्षण संस्थानों के लिये तय किए गए दिशा-निर्देश कानून बनाने तक पालन कराए जाने चाहिए। निःसंदेह, सुप्रीमकोर्ट पीठ के ये दिशा-निर्देश उपचारक साबित हो सकते हैं। शिक्षण संस्थान को मानसिक स्वास्थ्य नीति बनाने के साथ राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति को शामिल करना होगा। साथ ही जहां सौ से अधिक छात्र हों, वहां मनोवैज्ञानिक व काउंसलर नियुक्त किए जाने चाहिए। कोचिंग संस्थानों में शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर बैच बनाया जाना भी छात्रों में हीन भावना आने का बड़ा कारण नजर

> शिक्षा का मकसद जानकारी देना ही नहीं है, इसका उद्देश्य जीवन जीने की कला सिखाना भी है। शिक्षण संस्थाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकताएं बनाएं।

आ रहा है।

सुनिश्चित हो कि समाज के कमजोर वर्ग के छात्रों व शारीरिक अपूर्णता से जूझ रहे छात्रों के साथ किसी तरह का भेदभाव न होने पाए। शिक्षण संस्थान व कोचिंग के परिसर में रैगिंग, यौन उत्पीड़न तथा किसी तरह के भेदभाव से निपटने के लिये समिति बने। साथ ही पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अभिभावकों को सचेत किया जाए कि वे छात्रों पर अंकों का दबाव न बनाएं और मानसिक तनाव के प्रति संवेदनशील रहें। हॉस्टलों को सुरक्षित बनाने तथा छत, बालकनी, पंखे जैसे स्थानों पर सेफ्टी डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निस्संदेह, इन निर्देशों के अनुपालन से कई अनमोल जिंदगियां बचायी जा सकती हैं।

इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल मार्च में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और आत्महत्याओं की घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल टास्क फोर्स बनाने का आदेश दिया था। यूनिसेफ का एक अध्ययन भी बताता है कि 36 फीसदी भारतीय छात्र स्कूल परिसरों में परेशानी का सामना करते हैं, जो वैश्विक औसत से अधिक है. छात्रों को मनोवैज्ञानिक द्वंद्व, शैक्षणिक बोझ और संस्थागत संवेदनहीनता से बचाने के लिए तत्काल संस्थागत सुरक्षा उपाय अनिवार्य करने की सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ही बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है।

# कश्मीर की अवाम से किए वादे पूरे करने की मंशा बनाए सरकार

राष्ट्रीय मुद्दा

रामचंद्र गुहा

आज से दस साल पहले, अगस्त 2015 में मैंने कश्मीर घाटी का दौरा किया था। अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों से बातें हुई थीं, उनमें से एक पत्रकार शुजात बुखारी भी थे। उनसे मेरी मुलाकात जनवरी, 2015 में दिल्ली में हुई थी और उन्होंने मुझे अपने गृह राज्य आने का आग्रह किया था। उसी साल कुछ समय बाद जब मैं श्रीनगर पहुंचा, तो हमारे बीच कश्मीर के अतीत और वर्तमान के बारे में लंबी चर्चा हुई। जब मैं आने लगा तो बुखारी ने मजाक में कहा था कि भारत सरकार ने तो दशकों से कश्मीरियों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया, लेकिन आपने अपना वादा निभाया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। जून 2018 में शुजात की निर्मम हत्या कर दी गई। अगले साल भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार, एक पूर्ण राज्य को एक केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया और गृह मंत्रालय ने उपराज्यपाल नियुक्त कर दिया।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू कश्मीर के लोगों से किए गए सांविधानिक वादे के साथ विश्वासघात था। हालांकि यह पूरी तरह से अप्रत्याशित नहीं था, क्योंकि दिल्ली में कांग्रेस नहीं, बल्कि भाजपा सत्ता में थी, जो लंबे समय से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की वकालत करती रही थी। गौर करने वाली बात यह है कि अनुच्छेद को रद्द करते समय भारत सरकार ने संसद में वादा किया था कि वह जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। उस वादे को किए हुए अब लगभग छह साल हो गए हैं और अभी उसके पूरे होने के कोई संकेत दिखाई नहीं दे रहे हैं।

यह देरी नौकरशाही की उदासीनता का नहीं, बल्कि मंशा का है। मोदी सरकार ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए मात्र एक महीना का समय दिया और जम्मू कश्मीर, जिसकी आबादी बिहार की आबादी का दसवां हिस्सा है, वहां चुनाव कराने में उन्हें पांच साल लग गए। विधानसभा क्षेत्रों का पुनः आवंटन किया गया, जिससे मुस्लिम बहुल कश्मीर की कीमत पर हिंदू बहुल जम्मू को लाभ हुआ। कश्मीर में ही भाजपा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विकल्प के रूप में अन्य पार्टी को भी बढ़ावा देने की कोशिश की।



> अब समय आ गया है कि जम्मू कश्मीर के लोगों से सरकार ने जो वादे किए हैं, वे पूरे हों। साथ ही कश्मीर को भारत गणराज्य का सम्मानजनक हिस्सा महसूस कराने के लिए और भी बहुत कुछ करना होगा। एक दिन पहले ही सिविल सोसायटी जम्मू कश्मीर की ओर से जम्मू कश्मीर को जल्द पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन के द्वारा आंदोलन की चेतावनी गई है।

हालांकि भाजपा की चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर लाभ लेने के सभी प्रयास विफल हो गए। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने विधानसभा में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया। चुनाव से कई महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने का आह्वान किया था, लेकिन चुनाव के परिणाम आने के बाद जब भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा तो केंद्र ने ध्यान नहीं दिया।

एक दिन पहले ही सिविल सोसाइटी जम्मू-कश्मीर के चेयरमैन कामरेड किशोर कुमार की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों की मांग है कि जम्मू कश्मीर के लोगों को उनका हक मिलना चाहिए। 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों को उनके हकों से दूर किया गया। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कब तक सरकार जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने जा रही है। जाहिर है जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद न तो प्रदेश से आतंकवाद कम हुआ है और न ही बेरोजगारी कम हुई है। युवाओं, किसान व मजदूर वर्ग के लोगो को काम नहीं मिल रहा है। बाहरी राज्य के लोगों को नौकरियां देकर लोगो का हक छीना जा रहा है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला अब जम्मू कश्मीर के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं, लेकिन सभी प्रभावी निर्णय लेने की प्रक्रिया एक अनिर्वाचित उपराज्यपाल के हाथों में होने के कारण मुख्यमंत्री और उनका मंत्रिमंडल कुछ नहीं कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद से ही उमर अब्दुल्ला ने टकराव के बजाय सुलह का रास्ता चुना है। 13 जुलाई, 1931 को महाराजा हरि सिंह के निरंकुश शासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लगभग इक्कीस कश्मीरियों को महाराजा की पुलिस ने मार डाला था। तभी से 13 जुलाई को घाटी में 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया जाता है, ठीक उसी तरह जैसे 1948 में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की हत्या वाले दिन को भारत में 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया जाता है।5 अगस्त, 2019 तक 13 जुलाई को जम्मू कश्मीर में सार्वजनिक अवकाश रहा करता था। राज्य के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद इस दिन को छुट्टियों की सूची से हटा दिया गया। महाराजा हरि सिंह के जन्मदिन को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया। हालांकि पिछली 13 जुलाई को उपराज्यपाल ने सभी राजनीतिक विचारधाराओं वाले कश्मीरियों को इस अवसर पर किसी भी प्रकार का स्मरणोत्सव मनाने से रोक दिया था। मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल की अवहेलना करते हुए बाड़ फांदकर उस कब्रिस्तान में जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां उन्हें दफनाया गया था।

कब्रिस्तान जाने की अनुमति न मिलने पर, उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया- 13 जुलाई का नरसंहार हमारा जलियांवाला बाग है। जिन लोगों ने अपनी जान कुर्बान की, उन्होंने ऐसा अंग्रेजों के खिलाफ किया। कश्मीर पर ब्रिटिश सर्वोच्चता का शासन था। यह कितनी शर्म की बात है कि सच्चे नायक, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उन्हें आज केवल इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है, क्योंकि वे मुसलमान थे। हालांकि अब्दुल्ला का पहला वाक्य कुछ हद तक अतिशयोक्तिपूर्ण है, लेकिन अन्य वाक्य सही मालूम पड़ते हैं। 1857 और 1947 के बीच सभी महाराजा और नवाब अंग्रेजों के चाटुकार थे।

जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने से इनकार करना वादे के साथ विश्वासघात है। 12 अगस्त, 2019 को रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वादा किया था कि उनका समूह जम्मू कश्मीर में निवेश के लिए एक 'विशेष कार्यबल' का गठन करेगा, लेकिन अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। न ही अन्य भारतीय कंपनियों ने इस दिशा में कोई कदम उठाया है। जम्मू कश्मीर में औद्योगिक निवेश बहुत कम है, जिसके कारण सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली लोगों का पलायन लगातार बढ़ रहा है, जैसा कि एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे कश्मीर के गांवों, कस्बों और शहरों में, युवा पेशेवर, स्नातक और यहां तक कि स्कूली छात्र न केवल अपने घर से, बल्कि उम्मीद से भी धीरे-धीरे दूर हो रहे हैं।

भारतीय मीडिया भी इसके लिए जिम्मेदार है। विशेषकर कश्मीर के मामले में। एक चैनल ने पुंछ में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए एक शांतिप्रिय भारतीय नागरिक को 'पाकिस्तानी आतंकवादी' के रूप में दिखाया। 5 अगस्त, 2019 के बाद से केंद्र सरकार ने जो कुछ भी किया है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे कश्मीरियों को विनम्र और आज्ञाकारी प्रजा बनाना चाहते हैं, स्वतंत्र नागरिक नहीं।पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस तरह से कई राज्यों में कश्मीरी छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन कश्मीरियों के प्रति कृतज्ञता का अभाव भी दिखा, जिन्होंने पर्यटकों को बचाने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए जी-जान से काम किया, वह अनुचित था।

सोशल मीडिया पर कश्मीरियों को लगातार शैतान के रूप में दिखाया जाना भी उस मानसिकता को दर्शाता है। अब समय आ गया है कि हम जम्मू कश्मीर के लोगों से वहां की सरकारों द्वारा किए गए वादों को पूरा करना शुरू करें। साथ ही हमें कश्मीर को भारत गणराज्य का उचित और सम्मानजनक हिस्सा महसूस कराने के लिए और भी बहुत कुछ करना होगा।

# भारत में रहते हैं दुनिया के 70 फीसदी से अधिक बाघ

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

दयानिधि

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस इन जानवरों के समक्ष आने वाले खतरों जैसे अवैध शिकार और मानव-वन्यजीव संघर्ष के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा इन सब पर गौर करने का भी दिन है। इसी के चलते वन्यजीव अपराध से निपटने, संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार करने, स्थानीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने और बाघों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रयासों को तेज किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की स्थापना 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट के दौरान की गई थी। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित इस शिखर सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव (जीटीआई) द्वारा किया गया था, जिसमें बाघ संरक्षण के लिए समर्पित राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय संगठन और संरक्षण समूह शामिल हैं। टाइगर रेंज कंट्रीज (टीआरसी), जंगली बाघ आबादी वाले देश, दुनिया भर में बाघों की संख्या में भारी गिरावट से निपटने के लिए एकत्र हुए।

इन शानदार बड़ी बिल्लियों और उनके आवासों की रक्षा के लिए प्रयासों की तत्काल आवश्यकता को समझते हुए, टीआरसी ने बाघ संरक्षण और इसके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल एक दिन समर्पित करने का फैसला किया। उन्होंने 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के लिए चुना, जो शिखर सम्मेलन के पहले और आखिरी दिनों के बीच का मध्य बिंदु है, जो बाघों को बचाने के लिए चल रहे वैश्विक प्रयास का प्रतीक है।



> केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक, बाघों की आबादी की अधिकतम सीमा 3,925 होने का अनुमान है। हर साल 29 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस बाघों के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने का दिन है।

दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे प्रतिष्ठित बड़ी बिल्लियां या बाघ इस समय गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस उनकी दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस दिन, सभी क्षेत्रों के लोग बाघ संरक्षण की तत्काल जरूरत पर जोर देने के लिए एक साथ आते हैं। इन शानदार जानवरों को आवास विनाश, अवैध शिकार और अवैध वन्यजीव तस्करी से खतरा है, जो उन्हें विलुप्त होने की ओर धकेल रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देने, सार्वजनिक समर्थन जुटाने और बाघों के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी पहल को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। बाघ संरक्षण में अवसरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, इस दिन का उद्देश्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की जैव विविधता को संरक्षित करना है।

### 70 फीसदी बाघ भारत में

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मुताबिक, अखिल भारतीय बाघ अनुमान के पांचवें चक्र की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कम से कम 3,167 बाघ हैं और अब यह दुनिया की जंगली बाघ आबादी का 70 फीसदी से अधिक का घर है। कैमरे में कैद और बिना कैमरे के बाघ उपस्थिति क्षेत्रों के लिए नवीनतम सांख्यिकीय मॉडल का उपयोग करके आगे के आंकड़ों के विश्लेषण से बाघों की आबादी की अधिकतम सीमा 3,925 होने का अनुमान है, जिसमें औसतन 3,682 बाघ हैं, जो 6.1 फीसदी की सराहनीय वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से की गई अग्रणी पहलों के कारण यह उल्लेखनीय संरक्षण उपलब्धि हासिल की गई है।

### शुरू होने वाली है बाघों की गिनती

नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया की देखरेख में देश के सभी टाइगर रिजर्व में बाघों की गिनती शुरू होने वाली है। इससे जुड़ी रिपोर्ट 2027 में जारी होगी। दरअसल, बाघों की गिनती का आंकड़ा हर चार साल में जारी किया जाता है। बाघों की गिनती का काम दो साल तक चलता है और 29 जुलाई इंटरनेशनल टाइगर डे पर बाघों का आंकड़ा जारी किया जाता है।

### मध्य प्रदेश है टाइगर स्टेट

भारत के दिल मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट भी कहा जाता है। यहां देश में बाघों की सबसे बड़ी आबादी का घर है। फिलहाल एमपी में 9 टाइगर रिजर्व हैं। नवीनतम अनुमानों के अनुसार (वर्ष 2022 की बाघ जनगणना), राज्य में बाघों की कुल संख्या 785 है, जो भारत में सबसे अधिक है। यहां 9 टाइगर रिजर्व हैं। जिनके नाम हैं- कान्हा, पेंच, बांधवगढ़, सतपुड़ा, पन्ना, संजय-दुबरी, वीरांगना दुर्गावती, रातापानी और माधव टाइगर रिजर्व।

एमपी के कई राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में बाघों की संख्या में उतार-चढ़ाव आता रहता है, लेकिन मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का अहम योगदान है। उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की जलवायु बाघों को खूब रास आ रही है। यही वजह है कि इस टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। 2022 की बाघ जनगणना के अनुसार, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगभग 135 बाघ हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना जरुरी है कि वर्तमान में बाघों की संख्या इससे अधिक होगी।

प्रसंगवश

# बचत में कमी आरबीआई के लिए चिंता का विषय

किसी भी देश में लोगों की आमदनी बढ़ रही है या घट रही है, इसे मापने के लिए पर कैपिटा इनकम का सहारा लिया जाता है। इससे पता चल जाएगा कि उस देश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय कितनी है। अगर आपकी कमाई बढ़ रही है तो सेविंग्स (बचत) करना भी बहुत जरूरी है। लेकिन अब भारतीय लोग सेविंग्स की तरफ फोकस नहीं कर रहे हैं। पहले के मुकाबले लोगों ने सेविंग्स कम कर दिया है। इससे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की चिंता बढ़ गई है। ये खुलासा भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में हुआ है।

बचत करना भारतीयों की सदियों पुरानी आदत है, लेकिन अब यह खत्म होती जा रही है। हाल ही में आरबीआई की ओर से जो आंकड़े आए हैं, उन्हें देखकर हर कोई हैरान है। वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी में में परिवारों की नेट सेविंग्स की हिस्सेदारी सिर्फ 5.3 फीसदी थी। यह हिस्सेदारी बीते 50 सालों में सबसे कम है। बता दें कि 10 साल पहले तक ग्रॉस डोमेस्टिक सेविंग्स रेट 34.6 फीसदी था, जो अब 29.7 फीसदी तक घट गया है। यह सिर्फ आंकड़े नहीं है, बल्कि इससे पता चलता है कि लोगों के व्यवहार और मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है।

आरबीआई गवर्नर ने जताई चिंता

भारतीयों के बचत पर फोकस नहीं करने पर हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि अब नियमों में बदलाव के बारे में सोचने का समय आ गया है।

> जितना कमाई करना जरूरी है, उतना बचत करना भी जरूरी है। हालांकि अब इसका उल्टा हो गया है। आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब भारतीय लोग अपनी बचत (सेविंग्स) पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे आरबीआई की टेंशन बढ़ गई है।

इसकी वजह ये है कि अब लोग बचत के लिए पारंपरिक बैंक डिपॉजिट में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पिछले 9 सालों में बैंक डिपॉजिट में लोगों की सेविंग्स की हिस्सेदारी 43 फीसदी से घटकर 35 फीसदी पर आ गई है। इस तरह से बचत दर में कमी आना ठीक नहीं है।

आखिर क्या है वजह

लोगों के सेविंग्स ना करने की कई वजह हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि आजकल युवा ज्यादा पैसे खर्च करना पसंद करते हैं। वहीं टेक्नोलॉजी के तेजी से विस्तार से लोगों के खर्च भी बढ़ गए हैं। मोबाइल ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म कंज्यूमरिज्म को बढ़ावा दे रहे हैं। जीरो-इंटरेस्ट ईएमआई और 'बाय नाउ, पे लेटर' जैसी स्कीम उपलब्ध हैं। इससे लोगों के खर्च बढ़ रहे हैं। क्रेडिट कार्ड का भी चलन तेजी से बढ़ रहा है। जिससे पैसे नहीं होने पर भी लोग खरीदारी कर लेते हैं। बाद में पैसे चुकाने पर उनके पास बचत का ऑप्शन बहुत कम बचता है।




॥गीता॥



**श्लोक**

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

**भावार्थ**

जो साधक इस मनुष्य शरीर का नाश होने से पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

जीवन दर्शन

# हर दिन कोरा कागज, इस पर कुछ सुंदर लिखिए

जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते, वैसा आनंद हमारे भीतर पहले से ही है। हर दिन कोरे कागज की तरह आता है हमारे सामने। अपनी कलम से उस पर हम कुछ न कुछ लिखते हैं। क्या लिखते हैं, सिर्फ हमें मालूम है। कल इस कोरे कागज पर हमने क्या लिखा?

कुछ लिखा तो था, लेकिन इतनी जल्दी में थे कि पढ़ भी न सके। समझने के पहले ही पन्ना पलट गया। कई बार तो कलम को कागज पर रख कर सोच ही रहे थे कि क्या लिखा जाए और इतने में पन्ने को पलटने का समय आ गया। कागज कोरा ही छूट गया। क्यों हुआ ऐसा, जबकि जीवन की हर सांस उस स्याही से भरी है, जिससे जिंदगी को कोई नया मोड़ दे सकते हैं। कलम हमारे हाथ में, सांसों की स्याही और पन्ना हमारे सामने - फिर लिखने में क्या दिक्कत?



कोल्हू में जुता बैल एक लकीर पर चलता जाता है। उस वक्त उसके मन में विचार आता होगा कि कितना चल लिया, कहां से कहां पहुंच गया! लेकिन, जब आंखों से पट्टी खोली जाती है, तो उसे पता चलता है कि जहां था, वहीं पर है। कहीं भी नहीं गया। इस दुनिया की भी यही हालत है। इसने हर इंसान को एक बैल की तरह बना दिया है। हम कर्म तो करते हैं, पर यह नहीं मालूम कि क्यों कर रहे हैं। इसका क्या फल होगा।

इसलिए अपनी जिंदगी में आंखें खोल के काम कीजिए, अंधविश्वास से नहीं। आंखों पर पर्दा पड़ा रहा, तो जीवन हाथ से निकल जाएगा। जो पन्ने मिले हैं आपके नाम के, उस पर कुछ ऐसा लिखने की कोशिश कीजिए, जो सुंदर और अर्थपूर्ण हो - जो देखने, सुनने और पढ़ने में अच्छा हो। जो भीतर से मधुर है, उसमें बाहर भी मधुरता ही होगी। अगर अंदर क्लेश है, कपट है, तो बाहर भी वही आएगा।

लोगों को चिंता लगी रहती है कि क्या लिखूं, सब कुछ तो बदलता रहता है। अगर आपको लगता है कि चीजें ठीक चल रही हैं, तो थोड़ा इंतजार करें - सब कुछ बदल जाएगा। अगर आपको लगता है कि चीजें बुरी चल रही हैं, तो थोड़ा इंतजार करें - तब भी सब कुछ बदल जाएगा। आप बदलते हैं। आपके सोचने का तरीका बदलता है। विचार बदलते हैं। दुनिया बदलती है। लेकिन, एक चीज नहीं बदलती है और वह है इस सांस का आना-जाना। इसलिए सांस के इस उपहार में अपना आराम खोजें। इस वास्तविकता में अपना आनंद तलाशें।

प्रेम रावत

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगजनों को लाभ दिलाने लगाएं शिविर

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन परमात्मा का परम अंश हैं और इनकी सेवा परमात्मा की सेवा है। दिव्यांगजनों को लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाएं। शिविरों में नए दिव्यांगजनों को भी चिन्हित किया जाए और उन्हें उनकी जरूरत के मुताबिक सहयोग, मार्गदर्शन तथा सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। डॉ. यादव सोमवार को अपने निवास स्थित समत्व भवन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, इसके लिए योजना क्रियान्वयन की सतत् निगरानी भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि कल्याणियों के विवाह के लिए संचालित मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह प्रोत्साहन योजना का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए जिससे जरूरतमंद कल्याणी इसका लाभ ले सकें। इस कार्य के लिए एक पोर्टल तैयार कर लिया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेड ओल्ड एज होम आज के दौर में वरिष्ठ नागरिकों की जरूरत बनते जा रहे हैं। इस तरह के वृद्धाश्रमों के लिए भारतीय परिवेश और संस्कृति से जुड़ा कोई हिन्दी नाम तय कर इन्हें प्रोत्साहित किया जाए।

### रायसेन जिले में नकली खाद से भरा ट्रक जब्त

**विसं भोपाल।** रायसेन जिले के ग्राम बाड़ोद में नकली खाद से भरा एक ट्रक पकड़ा गया, जिसे डीएपी के नाम से बेचा जा रहा था। बताया गया कि ट्रक से बड़ी मात्रा में नकली उर्वरक गांव में पहुंचाया जा रहा था। ग्रामीणों ने उर्वरक नकली होने का संदेह होने पर इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना प्राप्त होते ही कृषि और राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रक रोककर उर्वरक की जांच की। ट्रक में उर्वरक की 92 बोरियां पाई गई। जांच में उर्वरक मानकों पर खरा नहीं उतरने पर मौके पर पंचनामा बनाया गया। उर्वरक सहित वाहन को जप्त किया गया। प्रयोगशाला भोपाल द्वारा की गई जांच में उर्वरक के सैंपल अमानक पाये गये है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में नकली खाद और कालाबाजारी रोकने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### सागर के शरबती गेहूं को भी मिले जीआई टैग : भार्गव

**विसं भोपाल।** वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने सागर गेहूं को जी आई टैग दिलाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने सरकार के कृषि कल्याण मंत्री को पत्र



लिखा है जिसमें रायसेन, विदिशा, होशंगाबाद और सीहोर जिले की शरबती के साथ ही सागर जिले को भी शामिल किया जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय दुगनी होगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रयासों को सार्थकता मिलेगी। भार्गव ने कहा कि राज्य के प्रमुख उत्पादक जिले सीहोर विदिशा होशंगाबाद सागर में सदियों से सिंचित तथा असिंचित क्षेत्र में शरबती पैदा की जा रही है सागर जिले में इसकी पैदावार दोगुनी हुई है। पूर्व मंत्री भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को भी पत्र लिखा है, जिसमें उनके द्वारा सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के मानसिक और विकलांग अविवाहित पुत्र, पुत्रियों को परिवार पेंशन देने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र मे 1976 के नियमों को बहाल करने एवं वित्त विभाग के 4 फरवरी 2016 के पत्र को निरस्त करने का आग्रह किया है। भार्गव ने सीएम ने उनके आग्रह पर सहानुभूति पूर्वक निर्णय करने का अनुरोध किया है।

### बाघों तक न पहुंच सकें शिकारी, इसके लिए कोर से बफर एरिया में शिफ्ट हो रहे गांव

# टाइगर स्टेट का दर्जा बरकरार रखने बाघों के नए आवास बनाए, जंगल होंगे सुरक्षित

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के टाइगर स्टेट का खिताब बरकरार रखने के लिए वन विभाग द्वारा बाघों की सुरक्षा के लिए टाइगर रिजर्व के कोर एरिया को सुरक्षित बनाने का काम किया जा रहा रहा है, जिसके तहत टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में बसे गांवों को बफर एरिया या इनके आसपास शिफ्ट करने का काम किया जा रहा है। बता दें कि 2022 की बाघ गणना के दौरान पूरे देश में 3682 बाघ मिले थे, इस दौरान प्रदेश 785 बाघों के साथ पूरे प्रदेश में अव्वल रहा और दूसरे स्थान पर मौजूद कर्नाटक में 563 बाघ हैं। प्रदेश फिर से तीसरी बार टाइगर स्टेट का खिताब हासिल करे इसी के चलते पायलट प्रोजेक्ट के तहत टाइगर रिजर्व की सुरक्षा के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें सबसे पहले कान्हा, पेंच और कूनो पालपुर के कोर एरिया से सभी गांव विस्थापित किए जा चुके हैं। वहीं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के 90 फीसदी से अधिक कोर एरिया को मानवीय दबाव से मुक्त कर दिया गया है और इस क्षेत्र में हरी घास के मैदान विकसित किए जा रहे हैं, ताकि शाकाहारी प्राणियों के लिए साल भर चारा उपलब्ध हो, जिससे इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हो और बाघ के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन की उपलब्धता रहे। बता दें कि एसटीआर सहित अन्य टाइगर रिजर्व में ऐसे क्षेत्र जहां चीतलों की संख्या कम है या चीतल बिल्कुल नहीं हैं। वहां चीतलों की शिफ्टिंग की जा रही है। जिससे कोर एरिया में चीतलों की संख्या बढ़ रही है, जिसके चलते बाघों का मूवमेंट जंगल से बाहर की ओर कम हो रहा है। बता दें कि प्रदेश के टाइगर कॉरिडोर उत्तर और दक्षिण भारत के टाइगर रिजर्व से आपस में जुड़े हुए हैं। ऐसे में प्रदेश में किए जा रहे नवाचारों के चलते अन्य प्रदेशों के टाइगर भी सुरक्षित हो रहे हैं।

#### पांच साल में कमाए 61 करोड़ 22 लाख

पिछले पांच सालों में प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व से सरकार को 61 करोड़ 22 लाख रुपए की आय हुई थी। इस दौरान कुल 8 लाख 24 हजार 379 पर्यटक बाघों के दीदार करने पहुंचे। जिसमें 7 लाख 38 हजार 637 भारतीय पर्यटक और 85 हजार 742 विदेशी पर्यटकों ने टाइगर रिजर्व की सफारी का लुत्फ उठाया। ऐसे में सरकार विदेशी पर्यटकों को मप्र तक लाने के लिए नए टाइगर रिजर्व और अभयारण्यों की स्थापना कर रही है, जिसके तहत प्रदेश में 9 टाइगर रिजर्व कान्हा किसली, बांधवगढ़, पेंच, पन्ना टाइगर रिजर्व, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, संजय दुबरी, नौरादेही, माधव नेशनल पार्क और डॉ. विष्णु वाकणकर टाइगर रिजर्व (रातापानी) स्थापित किए जा चुके हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक मध्य प्रदेश पहुंचकर बाघों को करीब से देख सकें।



#### 2010 से मनाया जा रहा पूरी दुनिया में बाघ दिवस

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरुआत 29 जुलाई 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग (रूस) में बाघ सम्मेलन के दौरान हुई थी। सम्मेलन में बाघ की आबादी वाले 13 देशों ने वादा किया था कि 2022 तक बाघों की आबादी को दोगुनी कर देंगे। इसके बाद बाघ संरक्षण को लेकर विशेष कार्य शुरू हुए थे।

#### बाघों की सुरक्षा के लिए यह काम भी हो रहे

- **जीन टेस्टिंग :** मध्यप्रदेश में बाघों की जीन टेस्टिंग करने की योजना है, जिससे उनकी सटीक पहचान की जा सकेगी। उज्जैन और जबलपुर में रेस्क्यू सेंटर बनाए जा रहे हैं।
- **ड्रोन स्क्वॉड :** पन्ना टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए 'ड्रोन स्क्वाड' का संचालन शुरू किया गया है।
- **विस्थापन और रहवास विकास :** टाइगर रिजर्व से 200 गांवों को विस्थापित किया गया है। इससे बाघों के आवास क्षेत्र का विस्तार हुआ है और उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।
- **वन प्रबंधन समितियों को भी अपराध की रोकथाम में किया शामिल :** ग्राम वन प्रबंधन समितियों को वन्यजीव संरक्षण में शामिल किया गया है, जो शिकार को रोकने में मदद करती हैं। ड्रोन और कैमरा ट्रैप से शिकारियों की निगरानी की जा रही है। मध्य प्रदेश वन विभाग इंटरपोल के साथ मिलकर बाघों के संरक्षण के लिए काम कर रहा है।

### झाड़ी में छिपे बाघ ने किसान के सीने पर किया हमला

**जागरण, उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सोमवार को झाड़ी में छिपे बाघ ने एक किसान पर हमला कर दिया। घटना खितौली परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 234 में हुई। गढ़पुरी निवासी हेतराम चौधरी अपने खेत जा रहे थे, इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान के सीने के पास चोट आई है। घायल किसान ने शोर मचाया जिसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही खितौली परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। घायल किसान को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। बारिश के मौसम में झाड़ियां बढ़ी हो जाती हैं। इससे झाड़ियों में छिपे बाघ और अन्य वन्य प्राणी दिखाई नहीं देते। इस कारण जंगल के आसपास हमले की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ग्रामीण दहशत में हैं।

### मैदानी अनुभवों से बनेगी बाल्यावस्था शिक्षा की ठोस कार्ययोजना : शर्मी

**विसं, भोपाल।** अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा की प्रभावी कार्ययोजना तब ही संभव है जब हम विभागीय मैदानी अमले के अनुभवों और संसाधनों का व्यावहारिक उपयोग करें। आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में निर्णायक कदम है। श्रीमती शमी ने एक कार्यशाला में कहा कि ईसीसीई नीति की सफलता का आधार उसके क्रियान्वयन में लगे अमले की सहभागिता है। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी अनुभवों का समावेश आगामी कार्ययोजना को दिशा तय करेगा। श्रीमती शमी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भोपाल आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर आयुक्त महिला एवं बाल विकास, श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने कहा कि ईसीसीई विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की निरंतर दक्षता विकास को आवश्यक बताते हुए कहा कि आज के आंगनवाड़ी केंद्रों में पल रहे बच्चे ही कल की निपुण मानव पूंजी हैं।

# पीरियड बंद होने के बाद 28% महिलाएं आ जाती हैं डिप्रेशन में

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल ने एक स्टडी की है। इस स्टडी के अनुसार जिन महिलाओं का मासिक धर्म पूर्ण रूप से बंद होने की स्थिति में होता है, उस समय महिलाओं को डिप्रेशन अपना शिकार बनाता है। इस स्थिति को रजोनिवृत्ति अवसाद या पोस्टमोनोपॉजल डिप्रेशन कहा जाता है। एम्स ने अपनी स्टडी में बताया है कि यह समस्या महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। लेकिन, अक्सर इसे सामान्य उम्र के साथ होने वाले बदलाव मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। एम्स की स्टडी के अनुसार दुनियाभर में 28 प्रतिशत महिलाएं पोस्टमेनोपॉजल डिप्रेशन का शिकार होती हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में यह स्थिति और गंभीर है। भोपाल में भी इन मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

**मोटापा**
**चिढ़चिढ़ापन**
**स्पष्ट लक्षण**

#### पोस्टमेनोपॉजल डिप्रेशन के लक्षण

- वे छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा या रोने लगती हैं।
- परिवार और दोस्तों से दूरी बना लेती हैं।
- कुछ मामलों में आत्महत्या जैसे नकारात्मक विचार आने लगते हैं।




#### किन महिलाओं को इसका ज्यादा खतरा

45 से 55 वर्ष की वे महिलाएं जो रजोनिवृत्ति के दौर में हैं। जिनकी जीवनशैली में तनाव ज्यादा है या परिवार का भावनात्मक सहारा कम है। पुरानी बीमारियों (जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन) से जूझ रही महिलाएं। जिनका पहले डिप्रेशन या मानसिक तनाव का इतिहास रहा हो।

#### उपचार के तरीके

- एंटीडिप्रेसेंट दवाएं, यह मध्यम से गंभीर मामलों में उपयोगी।
- हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी , हल्के लक्षणों में राहत के लिए।
- कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी , योग, मेडिटेशन और काउंसलिंग भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए।

#### एम्स भोपाल की सलाह

एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि पोस्टमेनोपॉजल डिप्रेशन केवल मानसिक समस्या नहीं, बल्कि यह महिलाओं के आत्मसम्मान और समग्र स्वास्थ्य पर असर डालता है। समय पर पहचान और इलाज बेहद जरूरी है। मानसिक सहारा और सही इलाज से इस अवसाद को नियंत्रित किया जा सकता है। परिवारों को भी चाहिए कि इस दौर से गुजर रहीं महिलाओं को समझें और सहयोग दें।

#### क्या है पोस्टमेनोपॉजल डिप्रेशन

एम्स से मिली जानकारी के अनुसार, रजोनिवृत्ति (पोस्टमेनोपॉजल) के बाद महिला के शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं। इस दौरान एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का स्तर अचानक गिरता है, जिससे मूड स्विंग, अनिंद्रा, थकान और भावनात्मक असंतुलन बढ़ सकता है।

# 10 प्रोबेशनर आईपीएस समेत 18 पुलिस अफसरों के तबादले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के गृह विभाग ने दस प्रोबेशनर आईपीएस समेत 18 पुलिस अफसरों के सोमवार को तबादले किए हैं। लिस्ट के अनुसार 2022 और 2023 बैच के 5-5 आईपीएस अफसर अभी तक अलग अलग जिलों में प्रोबेशनर असिस्टेंट एसपी (परीवीक्षाधीन सहायक पुलिस अधीक्षक) के पद पर तैनात थे। इन्हें अब डीएसपी या समकक्ष पदों पर ट्रांसफर किया गया है। लिस्ट के अनुसार आयुष जाखड़ को धार से एसडीओपी करैरा (शिवपुरी), गौरव पांडे को रीवा से एसडीओपी सिंगरौली, मिनी शुक्ला को उज्जैन से एसडीओपी नरसिंहगढ़ (राजगढ़), राजकृष्णा को सागर से एसडीओपी सबलगढ़ (मुरैना), सुजावल जग्गा को देवास से सीएसपी धार, आदित्य सिघारिया को इंदौर से एसडीओपी सीहोरा (जबलपुर), मनस्वी शर्मा को भोपाल से एसडीओपी त्यौंथर (रीवा), मनीष भारद्वाज को सतना से एसीपी एमपी नगर भोपाल, विक्रम अहिरवार को रतलाम से सीएसपी नागदा (उज्जैन), जेंडेन लिंगजर्पा को ग्वालियर से एसडीओपी महिदपुर (उज्जैन) भेजा गया है।



#### रापुसे के ये 8 अफसर भी यहां से वहां

गृह विभाग ने राच्य पुलिस सेवा के 8 अफसरों का भी तबादला किया गया है। जारी की गई सूची के अनुसार कृष्ण कुमार पांडे को एसडीओपी सिंगरौली से एसडीओपी निवाड़ी, रवींद बास्कले को सीएसपी धार से एसडीओपी अटेर (भिंड), पारुल शर्मा को एसडीओपी सीहोरा से डीएसपी एजेके कटनी, सुनील कुमार वरकड़े को एसडीओपी महिदपुर से डीएसपी एजेके छिंदवाड़ा, शैलजा पटवा का एसीपी इंदौर के पद पर ट्रांसफर निरस्त कर यथावत डीएसपी पीटीएस इंदौर, उदित मिश्रा को एसडीओपी त्यौंथर से डीएसपी एजेके रीवा, राघवेंद्र द्विवेदी को शहडोल से डीएसपी एजेके उमरिया और शिवनारायण मुकाती को एसडीओपी करैरा से एसीपी एजेके भोपाल के पद पर भेजा गया है।

# सहारा समूह की 72.82 करोड़ की हेराफेरी में ईडी की एंट्री

## ईओडब्ल्यू ने सीमांतो रॉय, जेबी रॉय और ओपी श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सहारा समूह की दो कंपनियों और उनके संचालकों सीमांतो रॉय, जेबी रॉय और ओपी श्रीवास्तव के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की एफआईआर के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी इस मामले में प्रवेश कर लिया है। ईडी सहारा की धोखाधड़ी को लेकर पहले भी मुंबई और कोलकाता में समूह के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त कर चुकी है और कई अधिकारियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू के साथ ईडी को भी की गई थी। सोमवार को एफआईआर के बाद ईडी ने इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेजों की जानकारी जुटाते हुए अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, भोपाल, जबलपुर, कटनी, ग्वालियर और सागर में एक हजार करोड़ की जमीनों की हेराफेरी में हुई वित्तीय अनियमितताओं की छानबीन होगी, और इसमें जमीन खरीदने वाले तथा बेचने वालों की भूमिका की जांच की जाएगी। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, ईडी इस केस में करोड़ों रुपये के मनी ट्रांजेक्शन के साथ मनी ट्रेल की भी जांच करेगा।




ईओडब्ल्यू ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवहेलना पर जांच की थी, जिसके तहत सहारा समूह को निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए संपत्तियों को बेचकर उसकी रकम सहारा-सेबी के संयुक्त खाते में जमा करानी थी। 5 दिसंबर 2012 को कोर्ट ने सहारा को अपनी संपत्तियां बेचने से मिली रकम सीधे सेबी-सहारा के रिफंड खाते में जमा कराने का निर्देश दिया था। 4 जून 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया था कि इन प्रॉपर्टी को कलेक्टर गाइडलाइन के 90 प्रतिशत से कम दाम पर न बेचा जाए। इसके बावजूद सहारा समूह ने न केवल एक हजार करोड़ की जमीन 100 करोड़ में बेची, बल्कि इससे मिली अधिकांश रकम अपनी अन्य कंपनियों च्हमार इंडिया और सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव के खातों में जमा करा दी।

#### ईडी बैंक खातों के जरिए लगाएगा मनी ट्रांजेक्शन का पता

ईडी अब अपनी जांच में भोपाल में 400 करोड़ के बाजार भाव वाली 110 एकड़ जमीन मात्र 47.73 करोड़ में, सागर की 100 करोड़ की 99.76 एकड़ जमीन केवल 14.79 करोड़ में बेचने, और जबलपुर तथा कटनी में 400 करोड़ के बाजार भाव वाली 200 एकड़ जमीन केवल 44 करोड़ में बेचने के दौरान हुए ट्रांजेक्शन की छानबीन करेगी। इस रकम में से भी लगभग 10 करोड़ की राशि लैंड डेवलपमेंट, कस्टमर लायबिलिटी और अन्य टैक्स के नाम पर काटकर उन्हें जिन खातों में जमा किया गया, उसकी भी जांच की तैयारी है। लगभग चार माह तक चली लंबी जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने फिलहाल सहारा के खिलाफ ही कार्रवाई की है, जबकि ईडी इस मामले में जमीन खरीदने वाली कंपनियों और लोगों की भी जांच करेगी। गौरतलब है कि भोपाल, जबलपुर और कटनी की 310 एकड़ जमीन प्रदेश के पूर्व मंत्री और वर्तमान बीजेपी विधायक संजय पाठक के परिजनों के नाम पर रजिस्टर्ड कंपनियों नयासा देवबिल्ड और सिनाप रियल एस्टेट को बेची गई है, जबकि सागर और ग्वालियर की जमीन भी प्रभावशाली लोगों ने खरीदी है।

#### ईओडब्ल्यू ने हाईकोर्ट में पेश किया जवाब

इस मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा समय पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर आशुतोष मनु दीक्षित ने पिछले माह हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ में सोमवार को इसकी कंप्लायंस रिपोर्ट पेश की गई। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में बताया कि मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस केस में याचिकाकर्ता आशुतोष मनु दीक्षित के अनुसार, कोर्ट ने याचिका को डिस्पोज कर दिया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

#### बफर जोन में शुरू होगी...

मप्र बाघ और मनुष्य के एक साथ रहने के उदाहरण के रूप में उभर रहा है। पूरी दुनिया में जितने बाघ हैं, उससे ज्यादा बाघ हमारे देश में है। देश में अगर सबसे बड़ा कोई राज्य बाघ को अपने राज्य के अंदर गौरव से रखता है, तो वह मप्र है। राज्य में रातापानी को ८वें टाईगर अभयारण्य का दर्जा मिला है। डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर रातापानी और माधव नेशनल पार्क दोनों टाइगर अभयारण्य हमारे द्वारा बनाए गए हैं। सरकार ने उज्जैन, जबलपुर में जू (चिड़ियाघर) और वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर विकसित करने की योजना बनाई है।

सीएम ने वन्यजीवों के परिवहन के लिए तीन वन्यजीव वाहन, तीन वन्य जीव चिकित्सा वाहन और दो डॉग स्क्वायड रेस्क्यू वाहनों का लोकार्पण किया। डॉ. यादव ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व द्वारा हाथियों के चिन्हांकन के लिए विकसित डोजियर, डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रकाशित विशेष आवरण तथा जंगली उल्लू प्रजाति पर केंद्रित पोस्टर का विमोचन किया। डॉ. यादव ने हाथी मानव संघर्ष को कम करने के लिए विकसित ऐप गजरक्षक भी लॉन्च किया।

#### राष्ट्रपति संदर्भ पर 19 से ....

स्वीकार्यता पर अपना पक्ष रखने के लिए पहला एक घंटा दिया है। उनके तर्कों के बाद न्यायालय 19, 20, 21 और 26 अगस्त को संदर्भ का समर्थन करने वाले अटॉर्नी जनरल और केंद्र सरकार की सुनवाई शुरू करेगा। राष्ट्रपति के संदर्भ का विरोध करने वाले शेष पक्षों की सुनवाई 28 अगस्त और 2, 3 और 9 सितंबर को होगी। इसमें आगे कहा गया है कि यदि कोई प्रत्युत्तर दाखिल करना है, तो उस पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी।

केरल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने न्यायालय को सूचित किया कि सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल (2025) मामले में राष्ट्रपति के संदर्भ द्वारा भेजे गए 14 प्रश्नों में से 11 का उत्तर पहले ही दे दिया है।

इसी प्रकार, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और पी. विल्सन ने भी प्रस्तुत किया कि तमिलनाडु सरकार ने भी संदर्भ की वैधता का विरोध करते हुए एक याचिका दायर की है। इससे पहले 8 अप्रैल को, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की सुप्रीम कोर्ट की दो-न्यायाधीशों वाली पीठ ने तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि राज्यपाल को किसी विधेयक पर सहमति रोकने या उसे सुरक्षित रखने तीन महीने और किसी विधेयक के पुनः अधिनियमित होने पर एक महीने के भीतर कार्रवाई करनी होगी।

न्यायालय ने 8 अप्रैल को अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग कम ही किया था, कोर्ट ने राज्यपाल की लंबे समय तक निष्क्रियता को 'अवैध' घोषित किया था और निर्देश दिया था कि तमिलनाडु के दस लंबित विधेयकों को स्वीकृति प्राप्त मान लिया जाए। इस फैसले को चुनौती देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने 13 मई को शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति संदर्भ में 14 महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए थे। इन प्रश्नों में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई थी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अनुच्छेद 143 (1) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत होता है कि 14 कानूनी प्रश्न उठे हैं और वे ऐसी प्रकृति और सार्वजनिक महत्व के हैं कि सुप्रीम कोर्ट की राय प्राप्त करना समीचीन है।

### यूका के कचरे की राख में हैं रेडियो एक्टिव पदार्थ

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष एक जनहित याचिका की सुनवाई हुई, जिसमें दावा किया कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ है। यह चिंता का विषय है। कोर्ट ने जनहित याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद मुख्य जनहित याचिका के साथ सुनवाई किए जाने की व्यवस्था दे दी। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी अधिवक्ता बीएल नागर व समाजसेवी साधना कार्णिक की ओर से अधिवक्ता ऋत्विक दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण लैंडफिल सेल प्रक्रिया से किया जाना चुनौती के योग्य है।

**मांग** | महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एडीजी ट्रेनिंग ने लिखा डीजीपी को पत्र

# महिला नव आरक्षकों को 4564 रुपए आहार भत्ता देने का प्रस्ताव

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) से प्रशिक्षण शाखा ने राज्य में महिला नव आरक्षकों को ट्रेनिंग के दौरान अतिरिक्त आहार भत्ता प्रदान करने का प्रस्ताव रखा है। यह पत्र महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और प्रशिक्षण के दौरान उनको पोषक भोजन देने को पूरा करने के मकसद से लिखा गया है। पुलिस मुख्यालय की ट्रेनिंग ब्रांच के एडीजी राजाबाबू सिंह द्वारा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजे गए इस प्रस्ताव में बताया गया है कि, सामान्य प्रशासन विभाग के 12 दिसंबर 2019 को जारी परिपत्र के अनुसार ट्रेनिंग (परिवीक्षा) अवधि में नव आरक्षकों को प्रथम वर्ष में 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत और तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत स्टाइपेंड दिया जाता है। 3 साल की परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर ही उन्हें नियमित वेतनमान 19500 रुपए में नियुक्ति मिलती है। इतनी कम राशि में वे पोषण आहार पर ज्यादा खर्च नहीं कर सकती हैं। प्रदेश में इस समय 1005 महिला नव आरक्षक ट्रेनिंग ले रही हैं। ये सभी भोपाल के नजदीक स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भौंरी और पुलिस ट्रेनिंग स्कूल इंदौर में प्रशिक्षण के लिए भेजी गई हैं।



#### कठोर श्रम को देखते हुए पौष्टिक भोजन का भत्ता बढ़े

प्रस्ताव में कहा गया है कि महिला प्रशिक्षु ग्रामीण इलाकों से हैं और उनमें पोषण की कमी है। बचपन में संतुलित आहार न मिलने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। ऐसे में बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान कठोर शारीरिक परिश्रम जैसे दौड़, पीटी, परेड आदि के लिए उन्हें अतिरिक्त पोषण की विशेष आवश्यकता है। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान भी विशेष पोषक आहार की आवश्यकता होती है, जिसकी कमी से एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। प्रस्ताव में सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए मांग की गई है कि इन योजनाओं की तरह अगर प्रशिक्षण ले रहीं महिला नव आरक्षकों को भी 9 महीने की ट्रेनिंग के दौरान पोषण आहार भत्ता प्रदान मिलेगा तो यह मील का पत्थर साबित होगा। एडीजी राजाबाबू सिंह ने पत्र में ये भी दावा किया है कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और अन्य केंद्रीय बलों में तो पुरुष एवं महिला प्रशिक्षु नव आरक्षकों को 4564 रुपए प्रतिमाह पोषण आहार भत्ता दिया जाता है।

#### महिला प्रशिक्षुओं के लिए स्पेशल बेंबू ट्रेनिंग शुरू

प्रदेश पुलिस इस बार महिला आरक्षकों के लिए स्पेशल बैंबू (बांस) ट्रेनिंग शुरू कर चुकी है। एडीजी राजाबाबू सिंह के निर्देश पर इस ट्रेनिंग कोर्स को महिला आरक्षकों की कमजोर सेहत को देखते हुए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। बैंबू ट्रेनिंग आम तौर नॉर्थ ईस्ट भारत में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को दी जाती हैं। अब एमपी में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली महिला कैंडिडेट को सीधे कठिन ट्रेनिंग मे भेजने के बजाय इसका उपयोग किया जा रहा है। इंदौर स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के एसपी राजेंद्र वर्मा के अनुसार बैंबू ट्रेनिंग में बांस के टुकड़ों की मदद से हाथ, पांव, और कमर की अलग अलग एक्सरसाइज कराई जाती है। इससे ट्रेनी शारिरिक तौर पर मजबूत होता है और उसके लंग्स और हार्ट की क्षमता भी बढ़ जाती है। इसकी मदद से बाद में होने वाली पुलिस की कठिन ट्रेनिंग भी आसान हो जाती है।

> महिला पुलिसकर्मी ट्रेनिंग में पीटी, परेड और रनिंग जैसे कठिन शारीरिक व्यायाम करती हैं। इनमें से अधिकांश ग्रामीण एवं आर्थिक तौर पर कमजोर पृष्ठभूमि से हैं, जिनकी सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत है। इसी कारण आतिरिक्त आहार भत्ता दिया जाना जरूरी है। ■ **राजाबाबू सिंह**, एडीजी, प्रशिक्षण, पीएचक्यू

### एमबीए और एमसीए में अलाटमेंट जारी

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने सोमवार को एमबीए, एमसीए और एमटेक कोर्स में काउंसलिंग के दूसरे राउंड में सीटों का आवंटन जारी कर दिया है। विद्यार्थी एक अगस्त तक कॉलेज में फीस जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। इसके बाद कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) राउंड की प्रक्रिया 2 अगस्त से शुरू होगी, जो 14 अगस्त तक चलेगी। आंकड़ों के अनुसार, एमबीए-सीमैट के माध्यम से कुल 609 विद्यार्थियों को सीटें अलॉट की गई हैं, जबकि एमबीए क्वालिफाइंग परीक्षा के आधार पर 11 हजार छात्रों को सीट मिली है। वहीं एमसीए में एक हजार 538 विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई 21 अगस्त को



**हाथरस, जेएनएन।** हाथरस के एसीजेएम,एमपी-एमएलए कोर्ट में लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ था। न्यायालय में परिवादी रामकुमार की ओर से पूर्व में दो गवाहों के बयान हो चुके हैं। न्यायालय में इस मामले में सुनवाई के लिए 21 अगस्त की तिथि नियत है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि थाना चंदपा क्षेत्र के एक गांव निवासी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से परिवाद दाखिल किया था। न्यायालय में रामकुमार के अलावा लव कुश और रवि ने भी परिवार दायर कर रखा है।

### अमानतुल्लाह खान समेत 11 के खिलाफ आरोप तय



**नई दिल्ली, जेएनएन।** नई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीईओ और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान और 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। अदालत ने अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम पर साजिश और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए हैं। अन्य नौ आरोपियों पर साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। ईडी ने अदालत को बताया कि तलाशी के दौरान खान से कुछ सवाल पूछे गए थे, लेकिन वह उनका जवाब देने की बजाय बहस करता रहा।

### बैंकाक के बाजार में गोलीबारी, 6 की मौत

**बैंकाक, जेएनएन।** थाईलैंड और कंबोडिया में जारी सीमा संघर्ष के बीच थाई राजधानी बैंकाक में सोमवार को सामूहिक गोलीबारी की घटना सामने आई है। गोलीबारी चतुचक शहर के ओर टोर कोर बाजार में बंग सू पुलिस स्टेशन के पास की गई है। घटना में 4 सुरक्षाकर्मी, एक महिला और एक अन्य व्यक्ति की मौत हुई है। गोलीबारी के बाद ने भी खुद को गोली मार ली है। पुलिस ने बाजार को बंद करवा दिया है। घायलों का जानकारी नहीं मिली है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति कंधे में आगे की तरफ बैग लटकाकर, टोपी लगाए और बंदूक हाथ में लेकर चलता दिख रहा है। बैंकाक पुलिस का कहना है कि आरोपी ने आगे जाकर खुद को भी गोली मार ली है। जिस ओर टोर कोर में गोलीबारी हुई है।

### जैसलमेर में स्कूल का गेट गिरा बच्चे की मौत

**जयपुर, जेएनएन।** जैसलमेर जिले में सोमवार को एक सरकारी स्कूल भवन का प्रवेशद्वार गिरने से सात साल के एक बच्चे की मौत हो गई जो अपनी बहन को स्कूल से लेने आया था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक छात्रा व एक शिक्षक घायल हो गए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा सोमवार को गांव पूनमनगर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में छुट्टी होने के समय हुआ। प्रवेशद्वार गिर गया और अपनी बहन को लेने आए बच्चे की मौत हो गई जबकि शिक्षक अशोक कुमार सोनी (40) तथा एक अन्य छात्रा प्रिया (पांच) घायल हो गए। मृतक की पहचान अरबाज खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रवेशद्वार की स्थिति पिछले कुछ समय से जर्जर थी। हादसे की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम, उपखंड अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे एवं स्थिति का जायजा लिया।

## ऑस्ट्रेलिया की गुलाबी झील



**गुलाबी रंग की वजह से पर्यटकों के लिये आकर्षण का केंद्र बनी**

*हीलियर झील अपने गुलाबी रंग के पानी की वजह से लोगों के बीच लोकप्रिय है। ऑस्ट्रेलिया जाने वाले लोग इस झील को देखना नहीं भूलते। वैसे तो ये देश ग्रेट बैरियर रीफ के लिए जाना जाता है, लेकिन ये गुलाबी झील यहां का अलग ही आकर्षण है। इसी वजह से ये हीलियर झील सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है। हीलियर झील 600 मीटर (2,000 फीट) लंबी और 250 मीटर (820 फीट) चौड़ी है। ये झील चारों तरफ से पेपरबार्क और यूकेलिप्टस पेड़ों से घिरी हुई है। 15 जनवरी, 1802 में इंग्लैंड के नाविक मैथ्यू लिंडर्स ने इसकी खोज की। उन्होंने ही हीलियर झील के बारे में पहली बार लिखा। यह झील प्रशांत महासागर के पास मौजूद है, जिस वजह से इस झील का गुलाबी रंग और महासागर का नीला रंग बहुत शानदार दृश्य बनाता है।*

## अवसानेश्वर मंदिर में करंट से मची भगदड़, दो की मौत




**बाराबंकी, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सावन के तीसरे सोमवार की भोर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रसिद्ध अवसानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के दौरान करंट फैलने से भगदड़ मच गई। इस हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हादसा रविवार देर रात करीब 2.30 बजे हुआ, जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए कतार में खड़े थे। मंदिर में जलाभिषेक का सिलसिला चल रहा था कि तभी अचानक बिजली का करंट मंदिर परिसर में फैल गया। करंट लगते ही अफरा-तफरी मच गई और श्रद्धालु जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भगदड़ में कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़े और कुचल गए। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि करंट फैलने की वजह बंदरों का बिजली के तार पर कूदना रही। उनके अनुसार, कुछ बंदरों के कारण बिजली का तार टूटकर मंदिर के टिनशेड पर गिर गया, जिससे पूरे परिसर में करंट दौड़ गया। इस दौरान प्रशांत कुमार (16) और रमेश कुमार (35) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया। सीएमओ अवधेश यादव ने बताया कि 29 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है — जिनमें से 9 को त्रिवेदीगंज, 6 को कोठी, और 5 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं और डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। हादसे के बाद मंदिर की बिजली काट दी गई है। गर्भगृह में अंधेरा छाया हुआ है और श्रद्धालु वहीं अंधेरे में दर्शन कर रहे हैं। पुलिस बल बढ़ा दिया गया है और अब श्रद्धालुओं को एक-एक कर मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है।

## धर्मांतरण मामलाः छांगुर बाबा 5 दिन की रिमांड पर



**लखनऊ, जेएनएन।** धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छांगुर बाबा को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिनों की ईडी रिमांड में भेज दिया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने छांगुर बाबा को अदालत में पेश किया और पूछताछ के लिए 7 दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद छांगुर बाबा को 5 दिन की ईडी कस्टडी में भेजा। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छांगुर बाबा पर गैरकानूनी धर्मांतरण, विदेशी धन के उपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों से संबंधित षड्यंत्र रचने का आरोप है। पिछले दिनों इस मामले में ईडी की लखनऊ शाखा ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत बलरामपुर, लखनऊ और मुंबई स्थित छांगुर बाबा और उनके करीबियों के 15 ठिकानों पर छापा मारा था। बलरामपुर जिला प्रशासन ने शनिवार को छांगुर बाबा के भतीजे सबरोज के अवैध ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी गांव में सबरोज का घर सरकारी (ग्राम समाज) जमीन पर अवैध रूप से बना था। जिला प्रशासन ने पहले नोटिस दिया था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। प्रशासन की टीम ने वहां पहुंचकर बुलडोजर कार्रवाई की। सीओ राघवेंद्र प्रताप ने बताया कि पुलिस की निगरानी में अवैध निर्माण पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई।

**देश विरोधी गतिविधियों में शामिल था छांगुर गिरोह :** ज्ञात हो कि छांगुर का गिरोह देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल था और देश भर में अवैध काम कर रहा था। इसमें कई लोग उसके साथ थे। छांगुर के कई राज सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके संदिग्ध या प्रतिबंधित संगठनों से संबंध की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि उसने दुबई, सऊदी, और तुर्की जैसे देशों में अपने संपर्क बनाए थे।

# अमेरिका और चीन की मध्यस्थता से थाईलैंड कंबोडिया के बीच युद्धविराम, अब तक 33 मौतें

**बैंकाक/नोम पेन्ह, जेएनएन।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है।

चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है। कंबोडिया, थाईलैंड और मलेशिया के राष्ट्राध्यक्षों ने सीजफायर के बाद साथ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।




**ट्रंप ने व्यापार समझौता रोकने की धमकी दी थी:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर लिखा था कि तीन दिन से जारी सीमा विवाद के बीच उन्होंने दोनों देशों से सीधे बात की और साफ किया कि अगर संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। ट्रंप ने लिखा- दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम और शांति चाहते हैं। मैंने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई से अलग-अलग बात की है। इधर, थाई प्रधानमंत्री फुमथम ने ट्रम्प को धन्यवाद देते हुए कहा था कि थाईलैंड सीजफायर के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए कंबोडिया का भी सीरियस होना जरूरी है।

### संघर्ष रुकवाना मेरे लिए आसान काम ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है। ट्रम्प ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात के दौरान कहा था कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं को चेतावनी दी है कि अगर युद्ध नहीं रुका, तो अमेरिका व्यापारिक समझौता नहीं करेगा। इससे पहले ट्रम्प ने शनिवार को भी दावा किया था कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने तुरंत सीजफायर वार्ता पर सहमति दे दी है। ट्रम्प ने कहा कि यह वॉर मुझे भारत-पाक संघर्ष की याद दिलाती है, जिसे हमने कामयाबी से रोका था।

### प्राचीन मंदिर पर विवाद

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष अभी भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है। इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है।

### कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया

कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा होंगी मल्लिका शेरावत?

बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आई कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। अपने बिग बॉस 19 में जाने की चर्चाओं के बीच अब मल्लिका शेरावत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में मल्लिका ने बिग बॉस में उनको लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद।



**महुआ मोइत्रा कैश फॉर क्वेरी मामला**

## सीबीआई ने लोकपाल को रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीबीआई ने लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा और बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से जुड़े पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के कथित मामले में लोकपाल को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीबीआई ने लोकपाल की सिफारिश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पिछले साल 21 मार्च को महुआ और हीरानंदानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। महुआ मोइत्रा पर भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने और हीरानंदानी से रिश्वत व अन्य अनुचित लाभ लेकर 'अपने संसदीय विशेषाधिकारों' से समझौता करने का आरोप है। उन पर आरोप है कि उन्होंने लोकसभा सदस्य होने के नाते मिली लॉगिन आईडी और पासवर्ड शेयर करके राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले में अपनी जांच के निष्कर्ष लोकपाल को सौंप दिए हैं, जो आगे की कार्रवाई तय करेगा।

**बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**

## ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशन पर रोक नहीं, आयोग आधार, वोटर कार्ड ले



**पटना/दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के मसौदा (ड्राफ्ट वोटर लिस्ट) के प्रकाशन पर कोई रोक नहीं लगाई है लेकिन चुनाव आयोग को कहा गया है कि वो इस प्रक्रिया में आधार कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र यानी वोटर आईडी कार्ड को शामिल करे। अदालत विशेष गहन पुनरीक्षण पर बहस की तारीख अब मंगलवार को तय करेगी। बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि यह प्रक्रिया बड़े पैमाने पर नाम काटने के बदले नाम जोड़ने जैसी होनी चाहिए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों से पूछा कि बहस के लिए कौन कितना समय लेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पिछली तारीख पर चुनाव आयोग से कहा था कि वो आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को लिए जा रहे दस्तावेजों की सूची में शामिल करने पर विचार करे। चुनाव आयोग ने कोर्ट में दाखिल जवाब में कहा कि ये तीनों दस्तावेज भरोसेमंद नहीं हैं, क्योंकि इन्हें गलत तरीके से फर्जी बनाया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत ने आज सुनवाई के दौरान आयोग से कहा कि दुनिया का कोई भी पेपर जाली बनाया जा सकता है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि आपकी लिस्ट वाले पेपर भी निर्णायक नहीं हैं। कोर्ट ने आयोग से पूछा कि क्या वो आधार कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र स्वीकार करेगा।

## बिना प्रोफेसरों के हो रही विवि में पढ़ाई

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को सबसे पहले लागू करने का दावा करने वाले मध्यप्रदेश में 17 सरकारी विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के एक हजार 69 स्वीकृत पदों में से 793 (74 प्रतिशत) खाली पड़े हैं। पदों पर नियुक्ति नहीं हो पाई है। पांच विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की संख्या जीरो है। इससे 93 विषयों को पढ़ाने वाला कोई शिक्षक ही नहीं है। यह खुलासा विधानसभा में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधायक संजय उइके के सवाल के लिखित जवाब में किया। प्रदेश के 17 सरकारी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई की जिम्मेदारी केवल 276 असिस्टेंट प्रोफेसर निभा रहे हैं। जबकि शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार 69 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 793 पद रिक्त हैं।

### नए विश्वविद्यालयों में नहीं हुई नियुक्तियां

राज्य सरकार ने बीते कुछ वर्षों में कई नए विश्वविद्यालय खोले हैं, लेकिन उनमें जरूरी स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो सकी। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय (छिंदवाड़ा), क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय (गुना), क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय (खरगौन), महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (छतरपुर) और रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय (सागर) में एक भी असिस्टेंट प्रोफेसर पदस्थ नहीं है। वहीं मंत्री परमार के मुताबिक, 17 विश्वविद्यालयों में 93 ऐसे कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिनके लिए कोई असिस्टेंट प्रोफेसर उपलब्ध नहीं है। उनकी संख्या शून्य बनी हुई है।

### अतिथि विद्वानों से की जा रही खानापूर्ति

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने माना कि असिस्टेंट प्रोफेसर के अधिकांश पद रिक्त हैं। जिन विषयों में स्थायी शिक्षक नहीं हैं, वहां अतिथि विद्वानों या समानधर्मी विषयों के शिक्षकों से पढ़ाई करवाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य विभागों के कोर्स में शिक्षकों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

## क्या सबूत हैं कि पहलगाम हमले के आतंकी पाक से आए थे : चिदंबरम



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम का पहलगाम हमले पर 2 दिन पहले दिए बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने कहा था कि कैसे पता कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री का यह बयान संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा के कुछ घंटे पहले आया। चिदंबरम ने शनिवार को एक इंटरव्यू में कहा, 'वे (एनआईए) यह बताने को तैयार नहीं हैं कि इन हफ्तों में उन्होंने क्या किया? क्या एनआईए ने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है। इधर, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की जल्दी की है। जब भी हमारी सेना पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना करती है। कांग्रेस के नेता इस्लामाबाद के वकील ज्यादा लगते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कांग्रेस हमेशा दुश्मन को बचाने में जुट जाती है।

### बयान पर भाजपा नेता हुए हमलावर

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- कांग्रेस अब गद्दार संगठन बन चुका है। आज जो कांग्रेस अपनी आजादी की लड़ाई में भागीदारी पर गर्व करती है, उसकी क्या हैसियत रह गई है। राहुल गांधी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करते हैं। इनके ऊपर भारी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इन्होंने देश को बेचने की ठान ली थी, लेकिन बीच में प्रधानमंत्री मोदी आ गए। अब ये मजबूत नेतृत्व पचा नहीं पा रहे हैं। भाजपा सांसद संजय जायसवाल- उन्हें यह सवाल राज्यसभा में पूछना चाहिए। जब चर्चा सदन में होनी है, तो वह इसे बाहर क्यों उठा रहे हैं।

**नन्ही मुस्कान** | क्रैश में जल गया था ध्यांश का चेहरा, हाथ और सिर, मां की स्किन हुए गुलाबी गाल

## अहमदाबाद विमान हादसे में 36 प्रतिशत झुलसा ध्यांश मुस्कुराया

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात में आठ महीने का ध्यांश कई दिनों बाद अब मुस्कुराया है। उसके गुलाबी गाल चमक रहे हैं। वह खूब खेल रहा है। यह बच्चा हाल ही में हुए अहमदाबाद प्लेन क्रैश की चपेट में आ गया था। उसका चेहरा, सिर और हाथ बुरी तरह झुलस गए थे। मासूम ध्यांश दर्द से तड़पता था। मां हर पल बच्चे का दर्द महसूस करती थी। उसे एक और दर्द होता था कि उसके बच्चे को अब ऐसी जली त्वचा के साथ जिंदगी जीनी पड़ेगी लेकिन ऐसा कुछ हुआ कि अब मां भी बच्चे के चमकदार गुलाबी गाल देखकर सारे दर्द भूल गई। बच्चे की मां, मनीषा (30 वर्ष) ने उसकी त्वचा का ग्राफ्ट (skin graft) उसके चेहरे, सिर और हाथों पर लगाया। इसके बाद शिशु अब ठीक हो गया है। वह गंभीर चोटों से उबर गया है जो जानलेवा हो सकती थीं। सिविल अस्पताल में यूरोलॉजी के डॉक्टर डॉ. कपिल कछाड़िया हैं। ध्यांश उनका बेटा है। एआई 171 विमान हादसे के बाद उन्हें गंभीर जलन हुई थी। पांच सप्ताह तक शहर के एक अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें हाल ही में छुट्टी मिली है।



### बच्चे को लेकर बाहर भागीं मनीषा

मां-बेटा बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल एंड मेघानिनगर के रिहायशी क्वार्टर में थे, जब प्लेन यहां गिरा। मनीषा ने बताया कि एक पल के लिए सब कुछ काला हो गया। फिर गर्मी ने उनके घर को घेर लिया। मनीषा ने ध्यांश को पकड़ा और इमारत से बाहर की ओर भागीं। उन्होंने बताया कि चारों तरफ धुंआ और आग थी। इस वजह से कुछ भी देखना मुश्किल था। गर्म हवा से मां और बच्चे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। मनीषा ने कहा कि एक पल ऐसा लगा कि हम बच नहीं पाएंगे। लेकिन मुझे अपने बच्चे के लिए ऐसा करना था। हम दोनों ने ऐसा दर्द सहा है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती।

### 26 प्रतिशत झुलस गया था ध्यांश

मनीषा 25 प्रतिशत तक झुलस गई थीं। उनके हाथ और चेहरा प्रभावित हुए थे। आठ महीने के ध्यांश की हालत और भी खराब थी। वह 36 प्रतिशत तक झुलस गया था। उसके चेहरे, दोनों हाथ, पेट और छाती पर जलन थी। दोनों को इलाज के लिए केडी अस्पताल ले जाया गया। ध्यांश को तुरंत PIC (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) में भर्ती कराया गया। उसे सांस लेने के लिए वेंटिलेटर की जरूरत थी। उसे तरल पदार्थ, खून और जलन के लिए विशेष इलाज की भी जरूरत थी।

### बच्चे की उम्र थी सर्जरी में चुनौती

केडी अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. अदित देसाई ने कहा कि इस मामले ने सभी को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि मां ने जिस साहस से अपने बच्चे को बचाया, वह बहुत ही प्रेरणादायक था। उन्होंने कहा, कि बच्चे की उम्र एक बड़ा कारण थी। हमें यह सुनिश्चित करना था कि घाव संक्रमित न हों और उसकी वृद्धि सामान्य हो। बच्चे और मां की रिकवरी संतोषजनक रही है।

# नागपंचमी पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल में सर्प सुरक्षा एवं जन जागरुकता महाअभियान



**जागरण, पन्ना।** दक्षिण वनमण्डल पन्ना द्वारा वन समिति के सदस्यों को आज दिनांक 29 जुलाई 2025 को नागपंचमी के अवसर पर वृहद स्तर पर जनजागरूकता अभियान तथा सर्पदंश से रोकथाम हेतु सोलर लैंप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वन विभाग द्वारा इंडियन स्नेक्स संस्था द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पोस्टर ग्रामीणों और विद्यार्थियों के बीच वितरित किए गए, जिनमें सांपों से जुड़े प्रमुख मिथकों और उनके वैज्ञानिक तथ्यों को सरल भाषा में समझाया गया। जनजागरूकता के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरे में होने वाले सर्पदंश की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से ग्राम वन समितियों को सेंसर आधारित सोलर लैंप वितरित किए गए। ये लैंप दिन की रोशनी से चार्ज होकर रात के अंधेरे में अपने आप जलते हैं, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन में सहायता मिलेगी। यह अभियान ग्राम वन समिति बघनरवा, सुरा, खिलसारी, हरदुआ कोठी, चुनगुना, संजय नगर, जमुनिया, पटोरी, हड़ा, मझगवां, चलनी इत्यादि में संचालित हुआ। शासकीय माध्यमिक शाला पटना तमोली, पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर, शासकीय हाई स्कूल लमतरा, आदर्श गुरुकुल विद्या मंदिर बोरी सहित अन्य विद्यालयों में भी सर्प मिथक-भंजन पोस्टर वितरित किए गए। इस समग्र अभियान को दक्षिण पन्ना के विभिन्न परिक्षेत्रों में रेंज अधिकारियों एवं समर्पित वनकर्मियों द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। सलेहा रेंज में सुश्री जीतू सिंह बघेल के निर्देशन में श्री दिलीप सिंह, श्री नीरज पांडे, श्री पी एन तिवारी, श्री बिहारी यादव, श्री विनोद प्रजापति, श्री मनोज चौरसिया एवं श्री ज्ञान सिंह आरख; मोहन्द्रा रेंज में श्री अभय दुबे के नेतृत्व में श्री पुष्पेंद्र अहिरवार, श्री हरिशंकर अहिरवार, श्री राम दयाल सूत्रकार, श्री संदीप राय एवं श्री गोविंद प्रजापति; शाहनगर रेंज में श्री राजुल कटारे के नेतृत्व में श्रीनिवास पांडे, श्री रामप्रसाद पटेल, श्री प्रेमनारायण वर्मा, श्री ओमनारायण प्रजापति, श्री उदयभान सिंह; पवई रेंज में श्री नितेश पटेल के निर्देशन में श्री महबूब खान, श्री अशोक बागड़ी, श्री गजेंद्र आरख, श्री प्रदीप खरे; एवं रैपुरा रेंज में श्री प्रेमशंकर सिंह ठाकुर व श्री सतीश द्विवेदी द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई गई। वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा स्वयं पवई एवं शाहनगर परिक्षेत्रों में उपस्थित रहे। पवई परिक्षेत्र के मगरपुरा में ग्राम वन समिति की बैठक में उन्होंने ग्रामीणों को सर्पों के प्रति संवेदनशीलता, पर्यावरणीय भूमिका और सर्पदंश से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर सर्प रेस्क्यू में योगदान देने वाले श्री मिठाई लाल को सम्मानित किया गया। बैठक में रेंजर श्री नीतेश पटेल, प.स. श्री रामप्रताप पटेल, व.र. श्री प्रकाश सिंह, श्री महेंद्र पटेल, श्री विनय सिंह सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे। इसी कड़ी में ग्राम कठई में भी वनमण्डल अधिकारी श्री अनुपम शर्मा की उपस्थिति में नागपंचमी जनजागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्प संबंधी मिथकों पर चर्चा की गई एवं फ्लेक्स पोस्टर वितरित किए गए। ग्रामीणों को सर्प सुरक्षा हेतु सोलर लैंप तथा बच्चों के लिए क्रिकेट किट प्रदान की गई। शाहनगर निवासी सर्पमित्र श्री मोनू सोनू को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# दक्षिण वन मंडल के वनकर्मी ने आल्हा गीत माध्यम से बच्चों को किया जागरूक

## नागपंचमी पर लोकपरंपरा में दिखी वैज्ञानिक चेतना



**जागरण, पन्ना।** नागपंचमी के अवसर पर दक्षिण वनमण्डल पन्ना की मोहन्द्रा रेंज में पदस्थ वनरक्षक द्वारा जनजागरूकता की एक सराहनीय पहल की गई। उन्होंने आल्हा तर्ज में एक हिंदी-बुंदेली गीत की रचना कर, साँपों से जुड़े प्रचलित मिथकों और उनके वैज्ञानिक तथ्यों को प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया। यह गीत पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुंवरपुर में विद्यार्थियों के समक्ष गाया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों में साँपों के प्रति डर और अंधविश्वास को हटाकर एक वैज्ञानिक एवं सह-अस्तित्व की सोच विकसित करना था। गीत के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि साँप दूध नहीं पीते क्योंकि उनका पाचन तंत्र इसके लिए उपयुक्त नहीं होता, और नागपंचमी पर दूध चढ़ाना उनकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इसी प्रकार यह भी बताया गया कि साँप न तो बदला लेते हैं और न ही चेहरा याद रखते हैं, बल्कि भय की स्थिति में ही प्रतिक्रिया करते हैं। साँप के काटने की स्थिति में झाड़-फूँक जैसे अंधविश्वास की जगह समय पर अस्पताल पहुँचकर एंटीवेनम उपचार ही एकमात्र सुरक्षित विकल्प है। गीत में यह तथ्य भी साझा किया गया कि भारत में पाए जाने वाले अधिकांश साँप विषहीन होते हैं और केवल कुछ ही प्रजातियाँ ज़हरीली होती हैं, इसलिए अकारण भय और मारने की प्रवृत्ति उचित नहीं है। बीन की धुन पर साँपों के नाचने की धारणा को भी खंडित किया गया और बताया गया कि साँप ध्वनि नहीं सुनते, वे केवल गति और कंपन को महसूस करते हैं। साथ ही 'नागमणि' जैसी लोककथाओं को वैज्ञानिक रूप से निराधार बताया गया, जो अक्सर साँपों के अवैध शिकार और व्यापार को बढ़ावा देती हैं। इस गीत के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि साँप स्वभाव से क्रूर नहीं होते, बल्कि आमतौर पर शांत रहते हैं और केवल डर या खतरे की स्थिति में आत्मरक्षा के रूप में काटते हैं। इस प्रकार की लोकशैली में प्रस्तुत जनजागरूकता गतिविधियाँ न केवल जानकारी प्रदान करती हैं, बल्कि बच्चों और समुदाय में प्रकृति तथा वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना भी जागृत करती हैं। यह प्रयास साँपों के संरक्षण और वैज्ञानिक सोच के प्रसार की दिशा में एक रचनात्मक व प्रभावशाली उदाहरण बनकर उभरा है।

## जिला चिकित्सालय का आदेश एक अगस्त से प्रभावशील होगा

**जागरण, पन्ना।** जिला चिकित्सालय की जिला रोगी कल्याण समिति की गत दिवस संपन्न बैठक के निर्णय अनुसार समिति द्वारा निर्मित दुकानों के किराए में आगामी माह से बढ़ोत्तरी की गई है। अब एक अगस्त 2025 से प्रति दुकान मासिक किराया राशि 2 हजार रुपए निर्धारित है। सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा इस संबंध में जिला चिकित्सालय के स्टूवर्ड को सभी लीजधारी दुकानदारों को किराया वृद्धि के संबंध में अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कावंड़ियों पर अभद्र टिप्पणी का मामला, पुलिस ने भेजा नोटिस

## कांग्रेस की महिला पदाधिकारी पर दर्ज हुआ था मामला

**जागरण, टीकमगढ़।** सावन का पवित्र माह चल रहा है, जिसमे पूरे सावन माह में धार्मिक आस्था से जुड़े श्रद्धालुओं द्वारा शिव मंदिर जाकर पूजा-अर्चना और कावंड़ यात्राएं निकाली जा रही है, जो कई किलोमीटर दूर से पवित्र नदियों का जल लाकर उस जल से शिवजी का अभिषेक करते है और सुख, समृद्धि और खुशहाली की मन्नत मांगते है, यह ही हिन्दू धर्म का पवित्र माह है, जिसे लोग बड़े धूमधाम से मनाते है और पूजा-पाठ करते हैं, इसी सावन माह में भाई-बहिन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन भी होता है। पूरे भारत वर्ष में कावंड़ियों की धूम रहती है, जो कावंड़ियों के द्वारा तरह तरह के आयोजन किये जाते है। जिन पर बीते दिनों टीकमगढ़ की निवासी कांग्रेस नेत्री और पार्षद रजनी पूनम जयसबाल ने एक अभद्र टिप्पणी की थी, जिन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा था कि कावंड़ियों के द्वारा आतंकी संगठन सक्रिय हो रहे हैं। जिससे हिन्दू धर्म की आस्था को ठेस पहुंची थीं और इस मामले को लेकर बजरंग दल के द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस नेत्री रजनी पूनम जयसबाल पर बीएनएस की धारा 353(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया था, जिस पर अभी तक और कार्यवाही नही होने के चलते बजरंग दल के जिला संयोजक नीलेश उटमालिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नही करती है तो बजरंग दल उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगा। वही कोतवाली प्रभारी उमेंद्र छारी ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है और उसमें नोटिस भेजा गया हैं, उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# किराए के मकान को लेकर दो महिलाओं में विवाद गाली-गलौज के बाद फेंका पत्थर, वीडियो वायरल

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार रात दो महिलाओं के बीच किराए के मकान को लेकर जमकर विवाद हुआ। यह घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है, जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। विवाद में गाली-गलौज से शुरू हुआ झगड़ा पत्थरबाजी तक पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक, यह घटना दिगौड़ा कस्बे में रहने वाली दो किरायेदार महिलाओं सविता लोधी और मोनिका दांगी के बीच हुई। दोनों महिलाएं देवी लोधी के मकान में अलग-अलग कमरों में किराए पर रहती हैं। सोमवार की रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। विवाद के दौरान मोनिका दांगी ने सविता को जमकर गालियां दीं। जब सविता ने उसे गाली देने से मना किया तो मोनिका आक्रोश में आ गई और हाथापाई पर उतारू हो गई। आरोप है कि मोनिका ने आवेश में आकर घर में पड़ा एक पत्थर उठाकर सविता की ओर फेंक दिया। गनीमत रही कि पत्थर सविता को नहीं लगा और कोई चोट नहीं आई। घटना के समय सविता का पति जितेन्द्र लोधी मौके पर मौजूद था। उसने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मंगलवार को सविता लोधी अपने पति जितेन्द्र के साथ दिगौड़ा थाने पहुंची और मोनिका दांगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी संदीप सोनी ने दोनों महिलाओं को थाने बुलाया और आपसी समझाइश के बाद मामला शांत कराया। वही मामले को लेकर थाना प्रभारी का कहना है कि पत्थर फेंकने की शिकायत की गई थी लेकिन चूंकि किसी को चोट नहीं आई और दोनों पक्षों में समझौता हो गया है, इसलिए अभी मामले को शांति से निपटा दिया गया है। पुलिस ने आगे किसी विवाद की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।



# जनसुनवाई में हुई 28 आवेदनों पर कार्यवाही







**जागरण, पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 28 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई हुई और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

# कमिश्नर न्यायालय सागर में हुई सुनवाई

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर पन्ना के आदेशानुसार अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 0015/स्वमेव निगरानी/2020-21 दर्ज कर सुनवाई की गई तथा क्रमशः विवादित भूमि के संबंध में वारिसानों को सुनवाई का अवसर प्रदान कर 11 दिसम्बर 2020 को अंतिम आदेश पारित कर भूमि को मध्यप्रदेश शासन दर्ज करने का उल्लेख किया गया। अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश के विरुद्ध आनावेदक पवन जैन की ओर से वरिष्ठ न्यायालय कमिश्नर सागर संभाग के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई। कमिश्नर सागर द्वारा भी अपील प्रकरण में 28 मार्च 2023 को आदेश पारित कर अपर कलेक्टर न्यायालय को अपीलार्थीगण के तथ्यों पर पुनः सुनवाई का अवसर प्रदान कर गुणदोष के आधार पर आदेश पारित करने के लिए निर्देशित किया गया। अपीलार्थीगण की ओर से प्रस्तुत तथ्यों एवं आधारों के उल्लेखानुसार अपर कलेक्टर न्यायालय में पुनः विधिवत सुनवाई प्रारंभ की गई और अनावेदकों को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। पुनः विस्तृत सुनवाई उपरांत यह भी पाया गया कि संबंधितजन के नाम भूमि स्वामी के हैसियत से प्रथम प्रविष्टि दर्ज किए जाने के संबंध में किसी राजस्व अधिकारी का आदेश या प्रकरण क्रमांक, आदेश दिनांक का हवाला दर्ज नहीं है जिससे यह परिलक्षित होता है कि तत्समय संबंधित राजस्व कर्मचारियों द्वारा बगैर किसी वैधानिक आदेश के स्वेच्छा से झुला बाई के नाम भूमि स्वामी के रूप में प्रविष्टि दर्ज की गई है। विदित हो कि म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 के प्रभावशील होने के दरम्यान तत्समय कोड की धारा 158 के तहत उन भूधारियों को ही भू स्वामी के अधिकार मिले हैं, जिन्हें 2 अक्टूबर 1959 के पूर्व से उस क्षेत्र में प्रचलित भूमि संबंधी कानून के तहत वैधानिक रूप से भूमि प्राप्त हुई हो। केवल कब्जे के आधार पर कोई स्वत्व प्रदान नहीं किए गए हैं। इस प्रकरण में वर्ष 1959 के पश्चात 1960, 1961 एवं 1962 के किसी राजस्व अभिलेख में झुला बाई का नाम किसी हैसियत से दर्ज नहीं रहा। इसलिए प्रश्नाधीन भूमि का झुला बाई के पक्ष में बंटन किया जाना भी संभव नहीं था। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली की विविध याचिकाओं में दिए गए निर्णय अनुसार भी यह स्पष्ट किया गया है कि राजस्व वन श्रेणी की भूमि का अन्यथा उपयोग नहीं किया जा सकता है, जिसके दृष्टिगत सर्वे नंबर 520/2 रकवा 3.541 हे. जंगल मद की भूमि को अपर कलेक्टर न्यायालय के पूर्व आदेशानुसार पुनः शासकीय भूमि घोषित करने का आदेश पारित किया गया है।

## प्रशासन की मनमानी कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित सहित एक दर्जन गरीब आदिवासियों को थमाए नोटिश



**जागरण, पन्ना।** ज़िले में इन दिनों प्रशासन के हाथों में कानून नहीं, सत्ता की तलवार है। जो सरकार के साथ नहीं, वो निशाने पर है। कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित और गरीब आदिवासी परिवारों को टारगेट कर प्रशासन ने जो नोटिस थमाए हैं, वो सिर्फ कागज़ नहीं, खुली धमकी हैं कि सरकार से मत उलझो, वरना ज़मीन भी नहीं बचेगी, छत भी छिन जाएगी।

**पहले ज़मीन छीनी, अब मकान पर हमला :** श्रीकांत दीक्षित की निजी ज़मीन को शासकीय बताकर कब्ज़े की कोशिश की गई, लेकिन अदालत ने प्रशासन को झटका देते हुए राहत दी। अब उन्हीं दीक्षित को सबक सिखाने के लिए उनके पुश्तैनी मकान को अवैध घोषित कर नोटिस दे मारा गया। ये कोई सामान्य कार्यवाही नहीं, बल्कि राजनीतिक बदले का ऑपरेशन है।

**सिर्फ 12 परिवारों को नोटिस :** ग्राम सुनहरा की जिस आराजी 691 में नोटिस थमाए गए, वहां 300 से ज़्यादा मकान हैं, लेकिन नोटिस सिर्फ वहीं 10-12 लोग, जो या तो आदिवासी हैं, या कांग्रेस से जुड़े हुए! क्या प्रशासन ने मकानों की वैधता जांची, या लोगों की राजनीतिक निष्ठा?

**तहसीलदार का गैरज़िम्मेदार बयान मुझे नहीं पता :** जब मीडिया ने तहसीलदार अखिलेश प्रजापति से सवाल किया, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कौन वैध है, कौन अवैध, मुझे जानकारी नहीं, जांच का विषय है। सवाल ये है कि क्या पन्ना प्रशासन अब बिना जांच के ही किसी की छत उजाड़ सकता है? या फिर ये %जांच% सिर्फ आदेश मिलने के बाद होती है? दीक्षित का सीधा आरोप प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित का कहना है कि पहले मेरी ज़मीन हड़पने की कोशिश की गई, अब मेरे पुश्तैनी मकान और गांव के आदिवासियों को भी निशाना बनाया जा रहा है। प्रशासन मुझे चुप कराने के लिए आदिवासियों को बलि का बकरा बना रहा है। यह शर्मनाक है। ये कैसा 'सुशासन'? जहां आदिवासी होना गुनाह और विपक्ष में होना अपराध बन गया! सुनहरा गांव के सरपंच और ग्रामीण साफ कह रहे हैं कि यह भूमि आबादी भूमि है, वर्षों से लोग यहां रह रहे हैं। फिर अचानक यह याद कैसे आ गई कि ये कब्ज़ा है? क्या सिर्फ इसलिए कि कुछ लोग सवाल उठाते हैं?

**अब सवाल पूछने का वक्त है :** क्या पन्ना में प्रशासन अब लोकतंत्र का गला घोंट रहा है? क्या नियम-कानून सिर्फ विपक्षी नेताओं और आदिवासियों पर लागू होते हैं भाजपा के नेताओं पर किसी भी प्रकार के नियम कानून लागू नहीं होते अधिकारी सिर्फ सत्ता धारी नेताओं के तोता बने हुए।

# अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा विवादित एवं निजी दर्ज भूमि को पुनः शासकीय भूमि घोषित किया गया

## ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 520/2 रकवा 3.541 हे. जंगल मद की बेशकीमती भूमि का है मामला राजस्व कर्मचारियों द्वारा बगैर सक्षम आदेश एवं प्रकरण के दर्ज की गई थी प्रथम प्रविष्टि

**जागरण, पन्ना।** अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा विवादित निजी भूमि के एक प्रकरण में सुनवाई कर तथा राजस्व अभिलेख की जांच के आधार पर आज पुनः निजी दर्ज भूमि को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। इसके पहले भी 11 दिसम्बर 2020 को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया गया था, लेकिन अपीलार्थियों द्वारा कमिश्नर न्यायालय सागर में अपील की गई थी। कमिश्नर न्यायालय द्वारा सुनवाई कर पुनः अपर कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा प्रकरण में सुनवाई के निर्देश पर विस्तृत रूप से विभिन्न तथ्यों, दस्तावेजों के परीक्षण एवं राजस्व अभिलेख अनुसार 29 जुलाई 2025 को प्रश्नाधीन भूमि को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित करने की कार्रवाई की गई है। यह प्रकरण अनावेदकगण झुला बाई बेवा सिंघई बाबू लाल जैन (मृतक) वारसान क्रमशः पवन जैन निवासी किशोरगंज मोहल्ला जिला पन्ना, सविता जैन निवासी मोराजी के पास लक्ष्मीपुरा जिला सागर, सुनीता जैन निवासी गीतांजली काम्प्लेक्स रेडियो चौराहा भोपाल तथा प्रफुल्ल जैन निवासी मोहल्ला किशोरगंज पन्ना हाल निवास एचएक्स 102 ए/3 ई-7 अरेरा कॉलोनी भोपाल से संबंधित है। प्रकरण की जांच में पाया गया कि ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 520 रकवा 228.71 एकड़ वर्ष 1955-56 की मिसिल बंदोबस्त में म.प्र. शासन जंगल मद में दर्ज है, जबकि वर्तमान रिकार्ड में सर्वे नंबर 520/1 रकवा 17.022 हे. वर्तमान रिकार्ड में म.प्र. शासन दर्ज है, लेकिन इस प्रकरण की भूमि 520/2 रकवा 3.541 हे. को विवादित भूमि पाया गया। यह वर्ष 1963-64 के खसरे में झुला बाई बेवा सिंघई बाबू लाल जैन के नाम दर्ज है लेकिन कोई प्रकरण उपलब्ध नहीं है। इस भूमि का नामांतरण वर्ष 1988-89 के खसरे में झुला बाई के पुत्र विजय कुमार पिता बाबू लाल जैन के नाम किया गया, किन्तु खसरे में दर्शित नामांतरण आदेश की प्रविष्टि उक्त वर्ष की नामांतरण पंजी में नहीं पाई गई। संयुक्त कलेक्टर पन्ना की जांच रिपोर्ट में खसरा नंबर 520 के बटांकित 520/2 से 520/19 के 18 व्यक्तियों के नाम भूमि दर्ज होने के संबंध में बिना अधिकार नाम दर्ज होने के संबंध में अवगत कराया गया। कलेक्टर न्यायालय द्वारा भी सभी अनावेदकों के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 82/स्वमेव निगरानी/2006-07 दर्ज कर सुनवाई की गई थी। इसके उपरांत 10 मार्च 2008 के आदेशानुसार सभी व्यक्तियों के विरुद्ध पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज करने के लिए आदेशित किया गया तथा कलेक्टर न्यायालय प्रकरण क्रमांक 06/स्वमेव निगरानी/2011-12 दर्ज कर सुनवाई उपरांत 10 अक्टूबर 2011 को प्रकरण निराकरण के लिए अपर कलेक्टर न्यायालय को अंतरित किया गया था।

## जिले के विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के संचालन हेतु बैठक



**जागरण, पन्ना।** जिले में नवनियुक्त राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक जिला- पन्ना, डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने आज दिनांक 29 जुलाई को जिले के विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के बेहतर संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में जिले के विद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों को सक्रिय करने तथा नई इकाइयों की स्थापना हेतु मांग पत्र भेजे जाने की चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा जिले के विद्यालयों के प्रधानाचार्य से बात करके राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों में कार्यक्रम अधिकारी की नियुक्ति, इकाइयों के सक्रीकरण एवं नए विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की स्थापना हेतु मांग पत्र भेजे जाने का आश्वासन दिया गया। इस बैठक में श्री राजेश मिश्र स्पोर्ट ऑफिसर स्कूल एजुकेशन भी उपस्थित थे।

## मृत एवं विस्थापित मतदाताओं के नाम विलोपित करने के संबंध में बीएलओ को निर्देश

**जागरण, पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 संजय कुमार नागवंशी द्वारा समस्त बीएलओ को मृत एवं विस्थापित मतदाताओं के नाम विलोपित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में मृतक मतदाता, स्थानांतरित मतदाता, दोहरी प्रविष्टि इत्यादि के मतदाताओं का नियमानुसार विधिवत प्रारूप 7 भरकर बीएलओ एप से अपलोड करने के लिए कहा गया है। साथ ही फॉर्म आवेदनों का फिजिकल नंबर आवेदन पर अंकित कर आगामी दिवस को तहसील की निर्वाचन शाखा में सूची के साथ जमा करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे मृत मतदाताओं को छोड़कर शेष मतदाताओं को नोटिस तामील हो सके एवं उन्हें सुनवाई का अवसर मिल सके। समस्त बीएलओ को एक सप्ताह में उक्त कार्यवाही पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। बीएलओ को इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि अब उनके मतदान केन्द्र अंतर्गत कोई भी मतदाता मृतक, स्थानांतरित अथवा दोहरी प्रविष्टि से पृथक करने के लिए शेष नहीं है। इस संबंध में ग्राम पंचायतों में सचिव एवं रोजगार सहायक तथा नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी से संपर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त करने तथा मृत मतदाता से संबंधित मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनके नाम निर्वाचक नामावली से पृथक करने की कार्यवाही तथा ग्राम व वार्डवासियों के पंचनामा सहित फार्म व आवेदन तहसील कार्यालय में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## आरोपियों के कब्जे से 22 पेटी देसी मदिरा प्लेन शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त दो कार की गई जब्त

**जागरण, पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए एक ही दिन में दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है। इन कार्यवाहियों के दौरान कुल 22 पेटी में कुल 198 लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब तथा दो वाहन - एक बिना नंबर की नेक्सा फॉक्स कार और एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार (क्रमांक एमपी 26 ए 4758) जप्त किए गए हैं। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं एसडीओपी गुनौर के मार्गदर्शन में की गई। पहली कार्रवाई के तहत अमानगंज पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर एक विधि विरुद्ध बालक के कब्जे से 12 पेटी (600 क्वार्टर / 108 लीटर) देशी मदिरा एवं अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नंबर की नेक्सा फॉक्स कार जप्त की गई। वहीं दूसरी कार्यवाही में ग्राम मझगवां सरकार निवासी आरोपी सुभाष विश्वकर्मा पिता रामनरेश विश्वकर्मा, उम्र 21 वर्ष, के कब्जे से 10 पेटी (500 क्वार्टर / 90 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 26 ए 4758 बरामद की गई। इन दोनों कार्यवाहियों में थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में अमानगंज थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।



# अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को समय सीमा में पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें : शुक्ला

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**जागरण, बैढ़न**

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के जिला स्तरीय समारोह का आयोजन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में किया जायेगा। समारोह के तैयारियों को लेकर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एव पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियो को निर्देश देते हुये कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को पूरे गरिमा के साथ मनाया जायेगा। जिसके लिए अभी से तैयारिया किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न की साफ सफाई अंदर एवं बाहर दोनो ओर नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त कराया जाना सुनिश्चित करेगे। साथ मंच की बैठक व्यवस्था भी आयुक्त के द्वारा ही की जायेगी। उन्होने निरंतर विद्युत प्रवाह बनाये रखने के लिए अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को निर्देश दिये। साथ विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर व्यवस्था की जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम को सौपी। वही शहर की मुख्य सड़को डिवाईडर के साफसफाई व्यवस्था भी आयुक्त नगर निगम को सौपी गई। कार्यक्रम के दौरान आकार्षक परेड के आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला पुलिस बल एसएएफ सीआईएसएफ सहित सीनियर परेड एवं जूनियर परेड की रिर्हसल रंक्षित निरीक्षक द्वारा कराया जायेगा। वही प्रभात फेरी रैली गत वर्ष की भाति निकाली जायेगी जिसमें समस्त शासकीय विद्यालयों के छात्र छात्रा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित करेगे। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज एवं डोरी की व्यवस्था उपसंचलक किसान कल्याण द्वारा कराई जायेगी। तथा ध्वाजा बाधने एवं उतारने के कार्यवाही रंक्षित निरीक्षक सिंगरौली द्वारा की जायेगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उतकृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियो साथ ही प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्रो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 15 अगस्त जिला स्तरीय समारोह में सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उपखण्ड अधिकारियो को निर्देश दिया गया कि अपने अपने उपखण्डो में पूरी गरिमा के साथ ध्वजारोहण कराये। इसके अलावा भी समारोह के संबंधित तैयारियों के लिए अलग अलग अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पाण्डेंय आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सौरभ मिश्रा नंदन तिवारी देवन्द्र द्विवेदी खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह डीपीसी आर.एल शुक्ला उपस्थित रहे।



## सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न, बच्चों की सुरक्षा को लेकर दिए गए अहम निर्देश

**जागरण, डिंडोरी।** आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सर्व शिक्षा अभियान की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बाढ़ के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में बीआरसी, बीएसी, सीएसई एवं अधिकारी को बताया कि वर्तमान में बरसात में नदी-नालों में आई बाढ़ के कारण अनेक क्षेत्रों में विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए किसी भी हालत में बच्चों को नदी-नालों को पार न करने दिया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है कि संबंधित क्षेत्र के स्कूलों को आवश्यकतानुसार अस्थायी रूप से बंद भी किया जा सकता है। साथ ही जर्जर भवनों की पहचान कर उनकी सूची तैयार कर उन्हें शीघ्र ही गिराया जाएं एवं मरम्मत के लायक भवनों की मरम्मत कि जाये। डीपीसी को सूची तैयार कर भोपाल भेजकर आंबटन मांगने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कलेक्टर ने जिले की शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से समस्त ब्लॉक समन्वयक, बी.ए.सी, सी.ए.सी बीईओ एवं डी.पी.सी, सहायक आयुक्त को नियमित रूप से निरिक्षण कर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के प्रयास करें। साथ ही साथ जिस स्कूल में शिक्षक की कमी हो उस स्कूल में शिक्षक पदस्थ किये जायें।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से गांव संस्कृति और कहानियाँ दुनिया के सामने रख सकते हैं



### रीवा में गूंजा सिंगरौली का नाम

**जागरण बैढ़न।** रीवा में सिंगरौली का नाम गूंजा है। रीवा सम्मेलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि पर्यटन विकास अब सिर्फ सरकारी पहल तक सीमित नहीं रहा बल्कि स्थानीय युवाओं की भागीदारी और डिजिटल प्रभाव से नए आयाम प्राप्त कर रहा है। निरज साहू जैसे युवाओं की मेहनत यह दिखाती है कि भविष्य में पर्यटन की पहचान केवल बड़े शहरों से नहीं बल्कि छोटे जिलों से भी बनेगी। सम्मेलन के मंच से बोलते हुए निरज साहू ने कहा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स हमें वह ताक़त देते हैं जिससे हम अपने गांव अपनी संस्कृति और अपनी कहानियाँ पूरी दुनिया के सामने रख सकते हैं। अब वक्त आ गया है कि सिंगरौली जैसे जिलों को ऊर्जा के साथ.साथ पर्यटन की राजधानी के रूप में भी पहचाना जाए। सम्मेलन में निरज साहू की बातें न केवल तालियों के साथ सराही गईं बल्कि उन्होंने यह संदेश भी दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो एक सामान्य नागरिक भी पर्यटन विकास की धुरी बन सकता है। सिंगरौली सोशल् अब एक मिशन का रूप ले चुका है जो क्षेत्र की अनदेखी खूबसूरती और परंपराओं को डिजिटल दुनिया में स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश आज डिजिटल युग में पर्यटन की नई परिभाषा गढ़ रहा है। और इस युग में सिंगरौली सोशल् जैसी पहलों ने यह प्रमाणित किया है कि छोटे जिलों में भी बड़े सपने पलते हैं। निरज साहू जैसे प्रेरणादायक युवा निश्चित ही आने वाले समय में प्रदेश की पर्यटन तस्वीर को नया आकार देंगे। सोशल मीडिया पर निरज साहू अमलोरी बस्ती शिक्षा . ग्रेजुएशन बी.कॉम रानी दुर्गवती कॉलेज जबलपुर किया है एव एमबीए की पढ़ाई जारी है।

# शिक्षक नियुक्ति में भ्रष्टाचार और अपमान का आरोप

## थाने में शिकायत और डीओ कार्यालय में गुहार

**जागरण, चितरंगी।** शासकीय प्राथमिक शाला दुरदुरा में नियुक्ति के लिए पहुंचे उम्मीदवार विशाल सिंह ने ज्वाइनिंग में भ्रष्टाचार और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। विशाल सिंह का कहना है 24 जुलाई को वे शासनादेश के अनुसार नियुक्ति हेतु सुबह 11 बजे विद्यालय पहुँचेए परंतु उन्हें विद्यालय में ताला बंद मिला। विशाल सिंह ने आरोप लगाया कि संकुल प्रभारी कुश चौबे और संकुल प्राचार्य नन्दलाल प्रजापति द्वारा उनसे नियुक्ति के बदले 10,000 से 20,000 की मांग की गई। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार किया तो उनसे अभद्र भाषा में बात की गई और कहा गया कि श्बिना पैसा के ज्वाइनिंग नहीं होगी जो करना है कर लो। प्रार्थी का कहना है कि वे चितरंगी में प्रभारी के निवास पर भी पहुंचे लेकिन वहां भी उन्हें अपमानित कर भगा दिया गया। उन्होंने बताया कि कई बार निवेदन करने के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई उल्टे उन्हें डराया.धमकाया गया। बाद में वे जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुँचे लेकिन अवकाश के कारण आवेदन जमा नहीं कर पाए। प्रार्थी ने जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपकर मामले की जांच कराने और अपनी नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने थाना चितरंगी में प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। विशाल सिंह ने बताया कि वह एक गरीब और बेरोजगार युवक हैं और इस प्रकार से उनका अपमान तथा नियुक्ति रोकना न केवल भ्रष्टाचार का प्रतीक है बल्कि मानवता के खिलाफभी है। विशाल सिंह ने नियुक्ति आदेश का तत्काल पालन कर प्रार्थी की ज्वाइनिंग कराई जाए। कुश चौबे और नन्दलाल प्रजापति पर कार्यवाही की जाए। थाना चितरंगी में एफ्आईआर दर्ज कर न्याय दिलाने की माग की है।

# एनटीपीसी लेडीज क्रॉसिंग ग्रुप द्वारा तीज महोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम

**जागरण, सिंगरौली।** क्रॉसिंग रिपब्लिक एनटीपीसी लेडीज क्रॉसिंग ग्रुप द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। द ग्रिल हाउस रेस्टोरेंट के हॉल में सतवंत भाटिया की अध्यक्षता में संपन्न उक्त कार्यक्रम में लेडीज़ कोर टीम की सदस्याओं अनीता श्रीवास्तव संगीता ठाकुर अनु अग्रवाल एवं प्रेम शीला श्रीवास्तव ने मिलकर तीज महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। सभी महिलाओं का सम्मान टीका लगाकर नृत्य करके एवं ढोल बजाकर हुआ। ढोल की धुन पर सभी महिलाएं देर तक ठुमकती रहीं। सभी प्रतिभागियों का स्वागत लेडीज़ कोर टीम द्वारा किया गया। शेर.ओ.शायरी से युक्त कुशल मंच संचालन में संपन्न एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने एक दूसरे का मन मोह लिया। बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ कजरी भजन एकल नृत्य सामूहिक नृत्य गीत एवं विभिन्न गेम का सभी ने




आनंद उठाया। समूह नृत्य एकल नृत्य एकल गीत सामूहिक गीत के प्रतिभागियों ने खूब वाहवाही लूटी। महोत्सव के दौरान डायलॉग सोलह श्रृंगार एवं पहेलियों संबंधी गेम पूछकर पुरस्कृत किया गया। हाऊजी के गेम में सभी महिलाओं ने विशेष रुचि दिखलाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों का कोर टीम ने आभार व्यक्त किया। तीज महोत्सव में क्रॉसिंग रिपब्लिक सहित गौर सौन्दर्यम गौर सिटी एक्सटेंशन से छत्तीस सदस्यों ने भाग लिया।

## परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 जुलाई तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-जुवाड़ी में स्पोकन इंग्लिश क्लास का किया गया शुभारंभ

## कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अंग्रेज़ी भाषा में दक्ष बनाना

**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल सीएसआर द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आज ग्राम.जुवाड़ी वार्ड संख्या 36 में तीन माह के लिए स्पोकन इंग्लिश कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अंग्रेज़ी भाषा में दक्ष बनाना एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 7वीं से 12वीं तक के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह पहल विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए है जो भविष्य में उच्च शिक्षा या नौकरियों की तैयारी कर रहे हैं और अंग्रेज़ी भाषा का ज्ञान उनके लिए एक मजबूत आधार सिद्ध होगा। उद्घाटन



कार्यक्रम में एनटीपीसी विन्ध्याचल की ओर से निखिल जायसवाल कार्यपालक सीएसआर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह पहल परियोजना के समग्र विकास दृष्टिकोण का हिस्सा हैए जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर युवाओं की क्षमता का विकास करना है। एनटीपीसी द्वारा चलाई जा रही यह कोचिंग ग्रामीण प्रतिभाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है जो आने वाले समय में उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा।

## केवी 1 की छात्रा रेणुका राष्ट्रीय स्तर के नवाचार प्रदर्शनी में लेंगी भाग

**जागगरण, रीवा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 रीवा की कक्षा 12 की छात्रा रेणुका मिश्रा को उसके प्रोजेक्ट सर्वाइवल बड़ी के लिए 28 से 31 जुलाई तक आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के नवाचार प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चुना गया है इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत पड़ोसी स्कूलों के साथ सुविधाओं एवं संसाधनों को साझा करने की योजना है इच्छुक छात्रों के बीच अटल प्रयोगशालाओं की सुविधा और प्रशिक्षण साझा किए जाते हैं। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ एक्ट द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति दिवस समारोह के एक भाग के रूप में आयोजित किया जा रहा है और इसमें देश भर के शीर्ष छात्र नव प्रवर्तक भाग लेंगे यह हमारे विद्यालय और जबलपुर संभाग के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि एस आई सी के तहत केवीएस की एकमात्र विजेता परियोजना है और जबलपुर क्षेत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए चयनित एकमात्र परियोजना है।

# जिला युवा इंटक के अध्यक्ष अजय सिंह डब्बू का हुआ सम्मान समारोह

**जागरण, बैढ़न।** आज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के कार्यालय में जिला युवा इंटक सिंगरौली के अध्यक्ष पद पर युवा नेता अजय सिंह चंदेल डब्बू का सम्मान वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में किया गया ।जहां पर उनको नए जिम्मेदारी की बधाई देते हुए उनका माल्यार्पण कर मिठाई खिला कर उनको नए जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दिया गया । जहां पर जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने उनकी कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें कुशल नेता बताया । उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री वरिष्ठ पार्षद अखिलेश सिंह मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव बी एन त्रिपाठी मध्य प्रदेश कांग्रेस झुग्गी



झोपड़ी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बी के श्रीवास्तव जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष सुदाना कुशवाहा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री प्रवीण सिंह चौहान मंटू मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष मनोज शाह नगर पालिक निगम सिंगरौली के पार्षद वरिष्ठ नेता शेखर सिंह जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव शाहिद खान रिंकू कांग्रेस पार्टी के युवा नेता अरुणदेव पाण्डेय युवा नेता राणा प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 112 लोगों ने दिया अपना आवेदन



## कलेक्टर ने कई समस्याओं का जन सुनवाई में कराया निराकरण

**जागरण, बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 112 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पाण्डेंय आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सौरभ मिश्रा नंदन तिवारी देवन्द्र द्विवेदी खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह डीपीसी आर.एल शुक्ला उपस्थित रहे।

## प्रभारी एडी उच्च शिक्षा की तीन संताने होने की जांच कराए जाने की मांग

**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी क्षेत्रीय संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग डॉ.आरपी सिंह की तीन संतान होने की जांच की मांग की गई है, इतना ही नहीं यह भी शिकायत में कहा गया है कि यदि विभाग से यह जानकारी छिपाई गई है तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। इस संबंध में शिकायत सीएम हेल्पलाइन में पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामप्रकाश तिवारी डैडू ने कहा है कि उच्च शिक्षा विभाग के सूत्रों से ऐसी जानकारी मिली है कि प्रभारी एडी उच्च शिक्षा रीवा संभाग डॉ.आरपी सिंह की तीन संताने हैं और तीनो जीवित हैं, इनकी संतानों में दो बड़ी बेटियां है जिनका जन्म 26 जनवरी 2001 के पूर्व का है और एक बेटा है जिसका जन्म 26 जनवरी 2001 के बाद का है, इस वर्ष उसने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है, इस बात की जानकारी तो उनको खुद बच्चे का परिणाम आने पर दी थी कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि बेटा फर्स्ट डिवीजन पास होगा लेकिन वह फर्स्ट डिवीजन पास हो गया है। श्री तिवारी ने कहा कि यदि बेटे ने 12वीं कक्षा भी उत्तीर्ण की है तो भी उसका जन्म 26 जनवरी 2001 के बाद का ही है।

# मोंटी सिंह ने सिम्पलेक्स जयंत स्कूल के बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन



**जागरण, सिंगरौली।** जिले में हमेशा सामाजिक कार्यों एवं जनहित की समस्याओं को लेकर हमेशा सक्रिय होकर कार्य करने वाली सीडब्ल्यूएस जयंत में रहने वाली समाजसेविका चरणजीत सिंह ने अपने बेटे मोंटी सिंह के जन्मदिन अवसर पर वार्ड नंबर 13 शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिम्पलेक्स बैगा बस्ती जयंत में बच्चों का उत्साह वर्धन करने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित करने के लिए मिठाई खिलाकर कॉपी पेन देकर जन्मदिन मनाया तथा नाग पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही समाजसेविका चरणजीत सिंह ने कहा कि बच्चों के बीच पहुंचकर हमने अपने स्कूल पढ़ाई समय की याद आ गई और लोगो से अपील की किसी खास अवसर पर एक अच्छा संदेश देने वाला कार्य कर समाज को जागरूक करना चाहिए। वही स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने इस कार्य की सराहना करते हुए बच्चों भी जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए जीवन में सदैव स्वस्थ प्रसन्न रहने ईश्वर से कामना किए इस मौके पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चे उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 132 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ

**जागरण, सिंगरौली।** आज एनसीएल की ब्लॉक.बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत ग्राम सोलंग ग्राम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लॉक.बी से चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उपस्थित ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयों का भी निशुल्क वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान 132 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर परियोजना से नोडल अधिकारी सीएसआर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय.समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। ।एनसीएल द्वारा ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आईजा रहमान पिता मो. जेयाउर रहमान उम्र 20 वर्ष वार्ड नं.03 मेन रोड सिंगरौली थाना-मोरवा तह व जिला.सिंगरौली म.प्र.की निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा वास्तविक नाम Aiza Rahman है जो कि मेरे आधार कार्ड क्र.7002 2056 8987 से भी प्रमाणित है। मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट क्र. एम 8711547 में मेरा नाम Aiza Rehman अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Aiza Rahman है। उक्त दोनों नाम एक ही महिला यानी मुझ शपथी का ही है। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट क्र..एम 8711547 मे जहाँ-जहाँ मेरा नाम Aiza Rehman अंकित हो वहाँ-वहाँ उसे मेरे वास्तविक नाम Aiza Rahman पढ़ा व माना जाये। यह शपथ पत्र मै अपने वास्तविक नाम Aiza Rahman के सत्यापन तथा अपने पासपोर्ट क्र.एम 8711547 में सुधार करवाने हेतु निष्पादित करवायी हूँ।

## मैदान से हटके

# बार गर्ल को पहली नजर में ही दिल दे बैठे थे रूट



इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जो रूट लगातार कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम कर रहे हैं। वे क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के भी दो बड़े रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए हैं। रूट भले ही मैदान पर शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हो लेकिन रियल लाइफ में वे काफी रोमांटिक हैं। इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जो रूट की उनकी पत्नी कैरी कॉटरेल से पहली मुलाकात लीड्स स्थित द आर्क नाम के एक बार में हुई थी जहां पर रूट पहली नजर में ही कैरी को दिल दे बैठे थे। इसके बाद दोनों की मुलाकात होती रही और एक दूसरे को डेट करने लगे। कैरी कॉटरेल जो रूट की पत्नी बनने से पहले एक बार गर्ल थी वे द आर्क नाम के बार में काम करती थी जहां पर जो रूट अक्सर आया करते थे और यही से इन दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई थी।? जो रूट और उनकी पत्नी कैरी कॉटरेल ने 2 साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद आखिरकार 2018 में एक दूसरे से शादी कर ली थी। जो रूट फिलहाल दो बच्चों के पिता हैं जिसमें से पहले बच्चे का जन्म तो शादी से भी पहले 2017 में हो गया था। जो रूट का जन्म 30 दिसंबर 1990 को हुआ था और वे फिलहाल 33 साल के हैं। वहीं उनकी पत्नी का जन्म 21 जून 1990 को हुआ था और वे 34 साल की हैं।

## खेल एक नजर

### बांग्लादेशी पेसर तस्कीन पर मारपीट का आरोप



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड नेशनल प्लेयर्स के लिए वर्कशॉप आयोजित करेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को ये समझाना है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। हाल ही में तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को लेकर विवाद हुआ है। उन पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगा है। एक व्यक्ति सिफातुर रहमान सौरव ने मीरपुर मॉडल थाने में उनके खिलाफ केस दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक घटना रविवार रात सोनी सिनेमा हॉल के पास हुई, जहां तस्कीन ने कथित तौर पर सिफातुर को बुलाकर घूंसा मारा और धमकी दी। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। जब तस्कीन से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, ये सारे आरोप झूठे और मनगढ़ंत हैं। तस्कीन के केस पर बीसीबी के मीडिया कमेटी चेयरमैन इफ्तेखार अहमद ने कहा, जब तक तस्कीन दोषी साबित नहीं होते, बोर्ड कोई कार्रवाई नहीं करेगा। मामला अब पुलिस के हाथ में है। जांच के बाद ही कुछ तय होगा। इफ्तेखार ने बताया कि, हम अगस्त में एक वर्कशॉप करेंगे ताकि खिलाड़ियों को याद दिलाया जा सके कि वो सिर्फ खिलाड़ी नहीं, बल्कि रोल मॉडल भी हैं। लाखों युवा उन्हें फॉलो करते हैं, इसलिए उन्हें जिम्मेदारी से पेश आना चाहिए।

### विश्वचैंपियनशिप में भारतीय तैराकों का निराशाजनक प्रदर्शन

**सिंगापुर, जेएनएन।** भारतीय तैराकों का दोहा में चल रही विश्व तैराकी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा जब कोई भी तैराक अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। अनुभवी साजन प्रकाश अपने पसंदीदा 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। प्रकाश ने 1.59.33 सेकंड का समय लिया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस परिणाम के साथ ही 31 साल के प्रकाश का मौजूदा चैंपियनशिप में अभियान समाप्त हो गया। वह इससे पहले वह सोमवार को वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 43वें स्थान पर रहे थे। पुरुषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल में आर्यन नेहरा 8.21.30 सेकंड के सामान्य से कम समय के साथ 23वें स्थान पर रहे। फाइनल में केवल शीर्ष आठ तैराक ही आगे बढ़े। नेहरा ने चैंपियनशिप के पिछले सत्र (2023) में 08.00.76 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उनका अभियान भी समाप्त हो गया। वह 50 मीटर बटरफ्लाई में 91 तैराकों में से 57वें स्थान पर रहे थे। एसपी लिकित ने पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 28.45 सेकंड के समय के साथ 50वां स्थान हासिल कर अपना अभियान समाप्त किया।

# ओवल में टीम इंडिया के पास है सीरीज बराबर करने का मौका




## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का आखिरी टेस्ट 31 से

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 अक्टूबर से शुरू होगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी। भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रॉ हुआ या इंग्लैंड जीती तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकॉर्ड्स बनाने का मौका भी है।

### ओवल में टीम इंडिया आखिरी बार 2021 में खेला था टेस्ट

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला केनिंग्टन ओवल में खेला जाने वाला है। इस मैदान पर टीम इंडिया के ट्रैक रिकॉर्ड की बात करें, तो अब तक भारत ने 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान भारत ने सिर्फ 2 ही मैच जीते हैं और 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, 7 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। मगर, अच्छी खबर ये है कि इस मैदान पर आखिरी बार भारत ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेला था, जिसमें उसे 157 रनों से जीत मिली थी।

### पहले टेस्ट में भारत को मिली थी शिकस्त

लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रॉ कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।

- इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर ऑलआउट भी हो चुकी है। टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी।
- द ओवल में अब तक 107 टेस्ट हुए। 37 प्रतिशत में यानी 40 मुकाबलों में पहले बैटिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। वहीं 30 मैच पहले बॉलिंग करने वाली टीमों के नाम रहे। यहां 37 मैच ड्रॉ रहे। 2011 के बाद से द ओवल में 14 टेस्ट हुए, जिनमें महज 1 मुकाबला ड्रॉ रहा।

### भारत का उच्चतम स्कोर है 664 रन

ओवल स्टेडियम में भारत ने 3 बार 500 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए, तीनों बार मुकाबले ड्रॉ रहे। यहां भारत का हाईएस्ट स्कोर 664 रन है, जो टीम ने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था। 2021 में भारत ने अपनी दूसरी पारी में 466 रन बनाकर मुकाबला जीता था। इस मैदान पर इंग्लैंड का हाईएस्ट स्कोर 903 रन है, जो टीम ने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था। भारत के खिलाफ टीम यहां 2 बार 590 प्लस रन बना चुकी है। 1 में इंग्लैंड को जीत मिली, वहीं दूसरा मैच ड्रॉ रहा।

### पांचवें टेस्ट से पहले टीम इंडिया में हो सकते हैं बड़े बदलाव

# कुलदीप यादव, आकाशदीप की वापसी संभव ऋषभ की जगह दस्ताने संभालेंगे जगदीशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला केनिंग्टन ओवल पर खेला जाएगा। इस मैच को शुरू होने में 2 दिन बचे हुए हैं। इस बीच टीम इंडिया की प्लेइंग-11 से जुड़ी 3 बड़ी अपडेट सामने आई हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारतीय टीम में अगले टेस्ट मैच में बदलाव तय है। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के लिए चुना गया था और जो अपडेटेड टेस्ट टीम सामने आई है, उसमें भी कुलदीप का नाम है। रिपोर्ट्स में ये बात सामने आई है कि कुलदीप को अगले यानि 5वें टेस्ट मैच में प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप की भी 5वें टेस्ट मैच में वापसी हो सकती है। बर्मिंघम टेस्ट के हीरो रहे आकाशदीप को मैनचेस्टर टेस्ट से पहले चोट लग गई थी और वह सिलेक्शन के लिए अवेलेवल नहीं थे। मगर, अब रिपोर्ट्स आई हैं कि आकाश अगले मैच में सिलेक्शन के लिए उपलब्ध होंगे।



### जसप्रीत बुमराह पर जल्द होगा फैसला

हर कोई ये जानना चाहता है कि लगातार 2 टेस्ट खेल चुके जसप्रीत बुमराह क्या इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले 5वें टेस्ट मैच का हिस्सा होंगे। मगर, अभी इसका जवाब मिलने में वक्त है। असल में, बुमराह को लेकर फैसला अगले 24 घंटे में लिया जाएगा और ये बात रिपोर्ट्स के हवाले से सामने आई है।

### जगदीशन को मिलेगी विकेटकीपिंग



भारतीय स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में फैक्चर के कारण 5वें टेस्ट मैच से रूल्ड आउट हो चुके हैं। उनकी जगह नारायण जगदीशन को स्क्वाड में शामिल किया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि जगदीशन को दस्तानों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है और वह अगले मैच में डेब्यू करते नजर आ सकते हैं।

# तुम नहीं बताओगे हमें क्या करना है ग्राउंड्समैन पर भड़के गंभीर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5वां टेस्ट मैच 31 जुलाई से शुरू होने वाला है। आखिरी टेस्ट की तैयारी के लिए टीम इंडिया ओवल स्टेडियम पहुंची, जहां किसी बात को लेकर गौतम गंभीर भड़क गए और उन्होंने ग्राउंड्समैन की क्लास लगा दी। इस पूरे वाक्ये का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आप गंभीर का वो गुस्से वाला रूप साफ देख सकते हैं। 5वें टेस्ट मैच की तैयारी के लिए जब टीम इंडिया ओवल स्टेडियम पहुंची, तो वहां कुछ ऐसा हुआ, जिसके कारण गौतम गंभीर को गुस्सा आ गया और उन्होंने ग्राउंड्समैन को लताड़ दिया। सोशल मीडिया पर इस पूरे वाक्ये का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आप साफ देख सकते हैं कि गंभीर किसी बात से नाखुश हैं और पिच क्यूरेटर की क्लास लगा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि गंभीर ग्राउंड्समैन को लताड़ लगाते हुए कह रहे हैं कि, तुम हमें मत बताओ कि क्या करना है। तुम सिर्फ एक ग्राउंड्स्टाफ हो सिर्फ एक ग्राउंडस्टाफ, तो अपनी लिमिट क्रॉस मत करो।

### किस बात पर भड़के गौतम

वायरल वीडियो में गौतम गंभीर को गुस्सा करते देखा जा सकता है। मगर, जाहिर तौर पर भारतीय कोच को ऐसे ही तो गुस्सा नहीं आया होगा, जरूर मैदान पर कुछ अप्रिय घटा होगा। सोशल मीडिया पर मिली जानकारी के मुताबिक प्रैक्टिस सेशन के दौरान मैदानकर्मी कह रहे थे कि किस नेट पिच को इस्तेमाल करना है, कहां पर निशान बनाने हैं या नहीं। यही बात हेड कोच को चुभ गई और उन्होंने ग्राउंडस्टाफ की क्लास लगा दी।

# मंधाना को पीछे छोड़ इंग्लैंड की ब्रंट बनी बल्लेबाज नं. 1



**दुबई, जेएनएन।** इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवेर ब्रंट ने भारत की स्मृति मंधाना को पछाड़कर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। भारत के खिलाफ हाल ही में श्रृंखला में 160 रन बनाने वाली स्किवेर ब्रंट 2023 में रैंकिंग में शीर्ष पर रही थी। मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में 115 रन बनाये थे लेकिन वह रैंकिंग में एक पायदान नीचे आ गई। स्किवेर ब्रंट के अब 731 अंक हैं जबकि मंधाना के 728 अंक हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 21वें से 11वें नंबर पर खिसक गई जबकि मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स 15वें से 13वें स्थान पर आ गई। गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई है। जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्सेलेटन तीसरे जबकि आस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर और मेगान शट पहले दो स्थान पर हैं।



## 32वें कप्तान के रूप में सैंटनर करेंगे न्यूजीलैंड की कप्तानी, सीरीज कल से



**नई दिल्ली, जेएनएन।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए मिचेल सैंटनर न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। टॉम लैथम इंजरी के कारण पहला मुकाबला नहीं खेल सकेंगे, इसलिए बोर्ड ने सैंटनर को उनकी जगह कप्तानी सौंपी। दोनों टीमों के बीच 30 जुलाई से बुलवायो में सीरीज का पहला टेस्ट खेला जाएगा। सैंटनर न्यूजीलैंड के 32वें टेस्ट कप्तान होंगे। इंग्लैंड में घरेलू टी-20 टूर्नामेंट खेलने के दौरान टॉम लैथम अपना कंधा इंजर्ड कर बैठे। जिसके बाद उन्हें पहले टेस्ट के लिए अनफिट माना गया। अगर वे जल्दी फिट हो गए तो सीरीज का दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले सैंटनर ने न्यूजीलैंड की टी-20 कप्तानी करते हुए टीम को ट्राई सीरीज जिताई।

# जसप्रीत बुमराह अंतिम टेस्ट नहीं खेलते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए : मांजरेकर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। मांजरेकर ने कहा, भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके। अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा, मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रॉ के रूप में भारत के पक्ष में आया। इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है। इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि शुभमन गिल और दो तीन अन्य सीनियर खिलाड़ियों को मिलकर एक समूह के रूप में टीम की रणनीति तैयार करनी चाहिए क्योंकि भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके। मैनचेस्टर टेस्ट में जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर दोनों की नाबाद शतकीय पारियों ने भारत के लिए मैच बचाने में अहम भूमिका निभाई। मांजरेकर ने जडेजा की तारीफ करने के साथ ही यह भी कहा कि आगे चलकर वॉशिंगटन खुद को एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर स्थापित कर लेंगे। मांजरेकर ने कहा, उन्होंने (वॉशिंगटन) पहले भी अपनी बल्लेबाज़ी क्षमता का प्रदर्शन किया था, विदेशी परिस्थितियों में हम तीन चार बार उन्हें अच्छा प्रदर्शन करते हुए देख चुके थे। लेकिन इस बार लगता है कि जिस तरह से उनकी बल्लेबाजी में लगातार प्रगति हो रही है तो आहिस्ते आहिस्ते हम उन्हें एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर देखने लगेंगे। जडेजा ने पिछली छह पारियों में पांच बार 50 के स्कोर को पार किया। सर गारफील्ड सोबर्स इकलौते ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने इंग्लैंड में नंबर छह या उसके नीचे खेलते हुए पांच बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया हो।



**भारत को 20 विकेट लेने वाले आक्रमण की जरूरत**

# फिनलैंड के गेंदबाज महेश तांबे ने 8 गेंदों में 5 विकेट लेकर बना दिया वर्ल्ड रिकार्ड

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर रविवार को एक ऐसा धमाका हुआ जिसे जानने के बाद हर कोई हैरान रह गया। फिनलैंड के तेज गेंदबाज महेश तांबे ने एस्टोनिया के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में केवल 8 गेंदों में 5 विकेट लेकर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। महज 2 ओवर का स्पेल, लेकिन कहर इतना कि पूरी एस्टोनियाई टीम हिल गई। इस तरह तांबे के नाम सबसे टी20 इतिहास में तेज 5 विकेट हॉल लेने का बड़ा रिकॉर्ड जुड़ गया। दरअसल, फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच रविवार को तीसरा टी20 मैच खेला गया, जिसमें पहले पहले बैटिंग करते हुए एस्टोनिया की टीम 141 रन पर ऑलआउट हुई। एक वक्त एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे। टीम अच्छे स्कोर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन फिनलैंड के खूंखार गेंदबाज महेशा तांबे ने कहर बरपाते हुए एस्टोनिया के मिडिल ऑर्डर को तहस-नहस कर डाला।

महेश ने 1.2 ओवर में पांच बैटर्स को अपना शिकार बनाया। जब तांबे गेंदबाजी करने आए थे, तब एस्टोनिया का स्कोर 118/4 था। इसके बाद उनके स्पेल ने एस्टोनिया की पारी को तहस-नहस कर दिया। 17वें ओवर में उन्होंने तीसरी, चौथी और छठी गेंद पर तीन विकेट झटके और हैट्रिक से चूक गए। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। तांबे ने 19वें ओवर में वापसी की और पहली दो गेंदों पर दो और विकेट लेकर 8 गेंदों में 5 विकेट लेने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



**टी20 में सबसे तेज 5 विकेट (गेंदों के हिसाब से)**

08 गेंद : महेश तांबे (फिनलैंड)
10 गेंद : जुनैद अजीज (बहरीन)
11 गेंद : राशिद खान (अफगानिस्तान)
11 गेंद : मुअज्जम बैग (मलावी)
11 गेंद : खिजर हयात (मलेशिया)

## स्टोक्स को अपने शतक के बाद पारी घोषित करके बॉलर्स को टाइम देना था : गावस्कर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ, जिसकी चर्चा अभी भी जारी है। इस बीच पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने मैनचेस्टर टेस्ट को लेकर बेबाक बयान दिया है। उनका कहना है कि स्टोक्स को तो अपने शतक के बाद ही पारी घोषित करके अपने बॉलर्स को विकेट लेने का टाइम देना चाहिए था। भारतीय स्टार क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने मैनचेस्टर टेस्ट पर बात की है। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया के प्रदर्शन को लेकर प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें टीम इंडिया पर गर्व है। गावस्कर ने कहा, संतुष्ट, मुझे गर्व है। मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है कि उन्होंने जो किया है। मेरा मतलब है, सिर्फ चार विकेट गिरे। पिच चाहें जैसी भी हो, अच्छी पिच, सपाट पिच, चाहे जो भी हो, वे दबाव में भी डटे रहे। गावस्कर ने आगे कहा, क्या इंग्लैंड ने पारी घोषित करने से पहले बहुत देर तक बल्लेबाजी की? जब भारत ने बर्मिंघम में इंग्लैंड को 600 से अधिक रनों का लक्ष्य दिया था, तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए कुछ इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने कहा था, भारत डरा हुआ था, इसलिए उन्होंने हमें 600 रन दिए। लेकिन मुझे याद है कि जब इंग्लैंड भारत में था, तब मैंने कहीं पढ़ा था, हमें 600 रन दो। हम किसी भी टारगेट को चेज करेंगे।

## आस्ट्रेलिया ने आखिरी टी-20 जीतकर वेस्टइंडीज का कर दिया सूपड़ा साफ

**सेंट किट्स, जेएनएन।** आस्ट्रेलिया ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच तीन विकेट से जीतकर वेस्टइंडीज दौरे का अंत 8-0 से जीत के साथ किया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टेस्ट श्रृंखला 3-0 से जीती और फिर पहले चार टी20 मैच भी अपने नाम किये। लगातार आठवीं बार टॉस जीतने के बाद आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिये भेजा और दो गेंद बाकी रहते 170 रन पर आउट किया। शिमरोन हेटमायेर ने 31 गेंद में 52 और शेरफान रदरफोर्ड ने 17 गेंद में 35 रन बनाये। आस्ट्रेलिया के लिये बेन डारशुइस ने 41 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि नाथन एलिस को दो विकेट मिले। आस्ट्रेलिया ने 18 गेंद बाकी रहते सात विकेट पर 173 रन बना लिये। मिचेल ओवन ने 17 गेंद में 37 रन बनाये और कैमरन ग्रीन ने 18 गेंद में 32 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 63 रन जोड़े। आरोन हार्डी 28 रन बनाकर नाबाद रहे।



दैनिक जागरण

## भगवती मानव कल्याण संगठन आज निकालेगा रैली

**सतना।** भगवती मानव कल्याण संगठन 30 जुलाई को नशा मुक्ति को लेकर एक जनजागरूकता रैली निकालेगा उसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौपेगा। जानकारी देते हुये बताया गया है कि रैली का उद्देश्य समाज में बढते नशा , मांशाहार, नैतिक पतन, एवं स्वास्थ्य शिक्षा संबंधि अव्यवस्थाओ के खिलाफ जनजागरण करना है।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रामपुर बघेलान में आज

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 30 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे तहसील रामपुर बघेलान में उपस्थित रहेंगे। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# युवती ने गोलीमार कर की आत्महत्या





### चित्रकूट थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने जब्त की रिवाल्वर

जागरण, सतना

मंगलवार की शाम चित्रकूट में एक युवती ने अपनी कनपटी पर गोली दाग कर आत्महत्या कर ली। यह घटना शाम तकरीबन 4 से साढे चार बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के घर में घटी है। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची । सतना से एफएसएल टीम भी पहुंच गई बताया जा रहा है कि रिवाल्वर की फिंगर प्रिंट की जांच भी की जायेगी। घटना की जांच करने एसडीओपी चित्रकूट, टीआई और एफएसएल अधिकारी मौके पर पहुच गये थे।

### ये है घटना

सूत्र बताते है कि मंगलवार की शाम पूर्व विधायक के घर नौकरी करने वाली युवती कुमारी सुमन ने घर के तीसरे माले पर स्थित बाथरूम में घुसकर गोली मारली। सूत्रों की माने तो जिस रिवाल्वर का उपयोग किया गया है वह पूर्व विधायक की लाईसेंसी रिवाल्वर है। सूत्र यह भी बताते है कि ये लोग लम्बे समय से वहां पर काम करते थे जिसके चलते उन्हे सब पता था कि रिवाल्वर कहा रखी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार युवती ने खुद को गोली क्यो मारी। हालांकि पुलिस सभी एंगिलो को ध्यान में रख कर घटना की जांच में जुटी हुई है।

## कलेक्टर ने सुनी 69 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 69 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जागरण, सतना।** सूने घर में घुसकर नाबालिग के साथ शरीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी डॉ शिवेश सिंह और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### ये है घटना

पुलिस ने बताया कि पीडिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी इस्ट्राग्राम आईडी के जरिये उससे दोषित की थी फिर एक दिन सतना आया और बोला की तुम्हारे घर में कौन कौन है तुम मेरी दोस्त हो तुमसे मिलना है और वह घर आकर तरह-तरह के प्रालोबन देकर अकेला पाकर शरीरिक संबंध बनाया फिर मोबाईल में अश्लील मैसेज व वीडियों भेजता था मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था और कहता था कि मैहर बिहार का रहने वाला हूँ। पीडिता ने बताया कि घटना के दिन उसके माता पिता मामा के घर गये हुये थे। तभी उसने इस घटना को अंजाम दिया साथ ही आरोपी ने यह भी कहा कि यदि इसके बारे में किसी को बताओगी तो जान से खत्म कर देगें। पुलिस ने आरोपी निखिल ठाकुर राजपूत पिता जितेन्द्र कुमार ठाकुर उम्र 19 साल निवासी मुरौत थाना किशनपुर रतवारा जिला महथे पुरा जिला बिहार को गिरफ्तार किया है।

## लोक सेवा केन्द्र के प्राधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जागरण, सतना।** लोक सेवा केन्द्र के प्राधिकृत एवं पदाविहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गूगल मीट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा है कि लोक सेवा केन्द्रों में समाधान एक दिवस अंतर्गत आने वाले आय, निवास के आवेदन और स्व घोषणा का परीक्षण करने के उपरांत ही प्रमाण पत्र जारी करें। प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि उनके डिजिटल हस्ताक्षर का गलत उपयोग होने न पाये। प्रशिक्षण में बताया गया कि आवेदक स्वयं अपने मोबाइल से या एमपी आनलाइन, सीएससी सेंटर या लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आय और निवास के लिए आवेदन करता है। आवेदक द्वारा एमपी आनलाइन तथा सीएससी सेंटर के माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण सात दिवस में तहसीलदार द्वारा किया जाता है। कलेक्टर ने कहा कि इस प्रक्रिया में पर्याप्त समय होने के कारण आवेदक से फोन पर भी बात करके स्व घोषणा में भरी गई जानकारी की सत्यता की पुष्टि की जा सकती है। जबकि लोक सेवा केन्द्र में आने वाले आवेदनों का निराकरण समाधान एक दिवस के अंतर्गत किया जाता है। कलेक्टर ने सभी प्राधिकृत अधिकारियों, पदाविहित अधिकारियों, लोक सेवा केन्द्र संचालकों तथा उनके कम्प्यूटर आपरेटर को निर्देशित करते हुए कहा है कि समाधान एक दिवस अंतर्गत आय और निवास संबंधी प्रमाण पत्र बनाते समय आवेदक की स्व घोषणा का मिलान अनिवार्य रूप से करें, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि न होने पाये।

# मंडी में चोरी करने वाले 54 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

### कोलगवां टीआई ने कार्यवाही कर दो आरोपियों को दबोचा



**जागरण, सतना।** कृषि उपज मंडी में लंबे समय से चोरी की घटनाओ को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने दबोच लिया है। पकडे गये दोनो आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी डा शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि 28 जुलाई को सूचना मिली थी कि एमपीईबी के पीछे बसोर बस्ती के पहले झोपडी में चार लोग अवैध मदिरा रखे बैठे है जो बेचने की फिराक में है पुलिस ने सूचना मिलते ही घेराबंदी कर दी। जिसके चलते आहट पाकर दो लोग भागने में कामयाब रहे जबकि दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने मुखबिर के बताये गये स्थान पर तलाशी ली तो 6 कार्टून के अंदर प्लेन मदिरा 54 लीटर भरी पाई गई है। पकडी गई अवैध शराब की कीमत 24 हजार रूपये बताई गई है।

### झोपड़ी के अंदर मिला 11 बोरा अनाज

कोलगवां टीआई सुदीप सोनी के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस ने झोपडी के अंदर रखे 11 बोरा बटरी अनाज को जप्त किया है। पकडे गये आरोपियों ने बताया कि 5-6 साथियो के साथ मिलकर 25 और 26 जुलाई की दरमियानी रात गल्ला मंडी से उक्त अनाज चुराया था। फरियादी ओम प्रकाश गुप्ता निवासी सिद्धार्थ नगर की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 के तहत अपराध भी पंजीबद्ध किया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

गल्ला मंडी से अनाज की चोरी करने वाले जो दो आरोपी 54 लीटर अवैध शराब के साथ कोलगवां पुलिस के हत्थे चढे है उनमें रंगीला वंशकार पिता वनवारी वंशकार उम्र 18 साल निवासी आईटीआई बसोर बस्ती और रज्जी बंशकार पिता ददोली वंशकार उम्र 21 साल निवासी आईटीआई बसोर बस्ती का नाम शामिल है। जप्त किये गये 11 बोरा अनाज की कीमत 90 हजार रूपये बताई गई है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि कोलगवां टीआई द्वारा की गई इस बडी कार्यवाही के बाद मंडी में आने वाले किसानो को चोरी की घटनाओ से निजात मिल सकेगी।

## नशे से दूरी है जरूरी-नशामुक्ति अभियान के तहत खेल प्रतियोगिता आयोजित



**जागरण, सतना।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में मंगलवार को दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोट्र्स काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना में नशामुक्ति अभियान के तहत अंडर 17 वर्ष पुरूष वर्ग की ड्रग मुक्त फुटबाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी, रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल, एस.पी. तिवारी, रमा उईके, राजेश पाण्डेय, संजय कुशवाहा एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे सभी युवाओं को रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल द्वारा नशा मुक्त होने की शपथ दिलाई गई। संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा नशा मुक्त रहने की प्रेरणा दी गई एवं राष्ट्रीय गान के पश्चात फुटबाल मैच प्रारंभ किया गया। यह खेल प्रतियोगिता 31 जुलाई 2025 तक चलेगी। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को शील्ड, मेडल से सम्मानित किया जायेगा।






## वन अधिकार समिति की बैठक 31 को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत 11 हितग्राहियों को जारी हक प्रमाण पत्र शून्य किए जाने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 31 जुलाई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।



























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना -** 9993315949 **सीधी-**7089620900 **सिंगरौली-**9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com